

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,बुधवार 30 अगस्त 2023 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-152 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 31 अगस्त 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## नहीं कटेगी मंत्रियों की टिकिट

- चौबे,उपाध्याय,पटेल,अकबर,गुरु,लखमा की सीटों पर कोई अन्य दावेदार नहीं
- जिला कांग्रेस कमेटी 31 को पीसीसी को सौंपेगी सूची

**रायपुर,30 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य के लगभग सभी मंत्रियों को चुनावी मैदान में उतारे जाने के संकेत मिले हैं। ब्लाक कांग्रेस को पिछले दिनों टिकट के दावेदारों ने आवेदन जमा किए थे। इन आवेदनों को छंटनी करने के बाद जिले कांग्रेस कमेटियों को सौंप दिया गया था। जिला कांग्रेस कमेटियों ने नामों के जो पैनल बनाये हैं उसके हिसाब से ज्यादातर विधायकों लगभग सभी मंत्रियों को टिकट मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बताया जाता है कि कई विधानसभाओं के लिए बनाई गई सूची में एक-एक नाम है। जिन विधानसभाओं के विधायक मंत्रीपद पर आसीन हैं उन विधानसभा क्षेत्रों की सूची में केवल मंत्री का ही नाम है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटन से भूपेश बघेल, रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय, आरंग से शिवकुमार डहरिया,अभनपुर से धनेन्द्र साहू,कवर्धा से मो.अकबर, खरसिया से उमेश पटेल,साजा के रविन्द्र चौबे, नवागढ़ से रुद्रकुमार गुरु के अलावा सूची में किसी अन्य दावेदार का नाम नहीं है जबकि रायपुर उत्तर से तीन दावेदारों के नाम हैं इनमें कुलदीप जुनेजा का नाम पहले नंबर पर है। इसी तरह रायपुर ग्रामीण में तीन दावेदारों में से पंकज शर्मा का नाम सूची में सबसे पहले है। रायपुर दक्षिण में भी तीन नाम है।ऐसा माना जा रहा है कि रायपुर दक्षिण के अलावा कुछ विधानसभा क्षेत्रों में नये चेहरे उतारे जा सकते हैं। सुकमा विधानसभा में भी कवासी लखमा का एक मात्र नाम है। ऐसा माना जा रहा है कि वर्तमान विधायकों में से कुछ की ही टिकट कटेगी।धरसींवा में तीन नामों का पैनल है। बताया जाता है कि इस बार वर्तमान विधायक श्रीमती अनिता शर्मा का नाम कट सकता है। रुद्र गुरु इस बार अहिवारा विधानसभा से चुनाव लड़ने इच्छुक नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर शहर व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष 31 अगस्त को पैनल पीसीसी को सौंप देंगे। ऐसा माना जा रहा है कि 40 नामों की पहली सूची सितंबर के पहले सप्ताह में जारी कर दी जाएगी। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के लिए राजधानी की 4सीटों में से दक्षिण सीट सबसे बड़ी चुनौती वाली है। इस सीट के लिए कांग्रेस काफी मंथन करके प्रत्याशी का चयन करेगी। बताया जाता है कि ब्लाक कांग्रेस कमेटी को बड़ी संख्या में दावेदारों के आवेदन मिले थे किन्तु ऐसे दावेदारों के नाम छंटनी में काट दिये गये जिन्होंने केवल नाम चलाने के लिए आवेदन दिये थे। केवल जीतने योग्य दावेदारों के नाम सूची में शामिल किए गये हैं।





## रक्षाबंधन के एक दिन पहले दंतेश्वरी माई को अर्पित की जाती है कच्चे सूत की राखी

**दंतेवाड़ा,30 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

अपनी अनोखी परंपराओं और संस्कृति के लिए जाने जाने वाले बस्तर के दंतेवाड़ा में रक्षाबंधन का पर्व मनाया जा रहा है. यहां मां दंतेश्वरी मंदिर में पिछले 600 वर्षो से एक अनोखी परंपरा चली आ रही है. रक्षाबंधन के एक दिन पहले यहां मंदिर के पुजारियों और सेवादारों द्वारा कच्चे सूत से बनी राखी माता को बांधी जाती है. इस रस्म की अदायगी के लिए मंदिर के सेवादार कई दिनों से सूत कताई करते हैं और सूत कताई की प्रक्रिया पूरी होने पर उसे दंतेश्वरी मंदिर के पास स्थित नारायण मंदिर के तालाब में परंपरा मुताबिक धोया जाता है. इसके बाद फिर रक्षाबंधन के एक दिन पहले पूरे रीति रिवाजों के साथ बस्तर की आराध्य देवी दंतेश्वरी माई को बांधकर मंदिर में चढ़ाया जाता है.

मंदिर के पुजारियों के मुताबिक दंतेवाड़ा स्थित दंतेश्वरी मंदिर की ऐसी मान्यताएं हैं कि साल भर में जितने भी त्यौहार मनाए जाते हैं उस त्यौहार के एक दिन पूर्व दंतेश्वरी माई जी के मंदिर में उस त्यौहार को मनाया जाता है. फिर उसके बाद नगर वासी त्यौहार मनाते है. मंदिर के पुजारियों और सेवादारों के अनुसार यह सभी परम्पराएं लगभग 500-600 साल पूर्व से चली आ रही हैं. जिसकी संस्कृति और रीति रिवाज आज भी जीवित है और पुरानी परम्पराओ को यहां के निवासी आज भी मानते हैं.

## वन्य जीव बोर्ड के निर्णय को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज

**रायपुर,30 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भोरमदेव वन्य जीव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित नहीं करने के राज्य वन्य जीव बोर्ड के निर्णय को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है. प्रदेश के वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि, राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में भी अपना पक्ष मजबूती से रखेगी.

छत्तीसगढ़ की तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा राज्य वन्य जीव बोर्ड की नौवी बैंठक दिनांक 23 मई 2017 में कवर्धा स्थित भोरमदेव वन्य जीव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित करने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई थी. इसके बाद 14 नवंबर 2017 को हुई राज्य वन्य जीव बोर्ड की 10वीं बैठक में यह अनुशंसा की गई कि, कवर्धा स्थित भोरमदेव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित किया जाए. उक्त टाइगर रिजर्व की घोषणा करने से 39 गांवों को विस्थापित करना पड़ता और वहां उस समय पीढ़ियों से निवासरत 17566 व्यक्तियों को उनके मूल स्थान से दूसरी जगह विस्थापित करना पड़ता. इन निवासियों में बैगा जनजाति के लोग बड़ी संख्या में हैं. उनके विस्थापन से उनके प्राचीन संस्कृति, वनों के साथ उनके संबंधों आदि से विस्थापित होना पड़ेगा. कांग्रेस पार्टी ने उस समय भोरमदेव अभ्यारण को टाईगर रिजर्व घोषित करने के तत्कालीन भाजपा सरकार के निर्णय के विरोध में मोहम्मद अकबर के नेतृत्व में आंदोलन चलाया. बाद में परिस्थितिया बदल गई और राज्य में कांग्रेस की सरकार बन गई. इतना ही नहीं मोहम्मद अकबर राज्य के वन मंत्री बन गए. उनके प्रयास से राज्य वन्य जीव बोर्ड की बैठक दिनांक 24 नवंबर 2019 में कवर्धा स्थित भोरमदेव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित नहीं करने का निर्णय लिया गया.इधर उक्त निर्णय को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में एक जनहित याचिका के माध्यम से नितिन सिंघवी द्वारा चुनौती दी गई थी. इस प्रकरण में सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा मजबूती से अपना पक्ष रखते हुए, न्यायालय को यह बताया गया कि उक्त टाइगर रिजर्व घोषित करने से भोरमदेव अभ्यारण्य में निवासरत आदिवासियों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. सरकार द्वारा दी गई दलीलों से संतुष्ट होकर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जनहित याचिका दिनांक 14 सितंबर 2013 को खारिज कर दी गई.

### वन मंत्री ने आदिवासियों-बैगा जनजाति को दिलाया भरोसा

प्रदेश के वन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मोहम्मद अकबर ने कहा है कि, राज्य शासन आदिवासियों के साथ मजबूती से रहेगी. उन्होंने प्रस्तावित भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र के आदिवासियों एवं बैगा जनजाति के लोगों को भरोसा दिलाया है कि वे कतई चिंता न करें. इस क्षेत्र के विधायक होने के नाते वे (अकबर) हर स्थिति में उनके हितों की रक्षा करेंगे.

## विवाद सुलझाने गई पुलिस टीम पर हमला

**सूरजपुर,30 अगस्त।** सूरजपुर जिले के बीरमताल खडग़वां गांव में मंगलवार रात दो पक्षों में विवाद की सूचना पर पहुंची बसदेई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने प्राण घातक हमला कर एक एएसआई समेत चार पुलिस कर्मियों को घायल कर दिया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो पुलिस कर्मियों को प्राथमिक उपचार के पश्चात अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित है। पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। बसदेई चौकी के ग्राम बीरमताल में मंगलवार की रात करीब दस बजे बसदेई पुलिस को सूचना मिली कि गांव में दो पक्षों में लड़ाई झगड़ा हो रहा है। ग्रामीण राजेश साहू के घर में लड़ाई झगड़ा करने पहुंचे हैं और गाली गलौज कर रहे हैं। सूचना मिलने पर एएसआई मानिक दास पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद ग्रामीणों को समझाने की कोशिश करने लगे। इस दौरान वहां लाठी डंडा राड से लैस होकर पहुंचे 30 से 40 ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर प्राण घातक हमला कर दिया।

## स्कूली छात्राओं ने मोदी को बांधी राखी



**नईदिल्ली, 30 अगस्त।** प्रधानमंत्री मोदी ने आज बच्चों के साथ रक्षा बंधन का त्योहार बनाया। विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने प्रधानमंत्री मोदी को राखी बांधी। इस दौरान बच्चों से मिलकर पीएम मोदी बहुत खुश दिखे। वहीं बच्चे भी प्रधानमंत्री को अपने बीच पाकर काफी खुश दिखाई दिए। इस दौरान बच्चों ने नारे भी लगाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके भी देशवासियों को रक्षाबंधन के त्योहार की शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने लिखा कि मेरे सभी परिवारजनों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं। बहन और भाई के बीच अटूट विश्वास और अगाध प्रेम को समर्पित रक्षाबंधन का ये पावन पर्व, हमारी संस्कृति का पवित्र प्रतिबिंब है। मेरी कामना है, यह पर्व हर किसी के जीवन में स्नेह, सद्भाव और सौहार्द की भावना को और प्रगाढ़ करे। इस साल रक्षा बंधन का त्योहार दो दिन यानी 30 अगस्त और 31 अगस्त को मनाया जाएगा। दरअसल भद्रा के कारण ऐसा हो रहा है। 30 अगस्त को पूर्णिमा तिथि है लेकिन इस दिन पूरे समय भद्रा है। भद्रा के चलते 30 अगस्त की रात नौ बजकर दो मिनट के बाद राखी बांध सकते हैं या फिर 31 अगस्त को सुबह सात बजकर 30 मिनट से पहले राखी बांध सकते हैं।

## राखी के दिन भाई ने उजाड़ा बहन का सुहाग



### चाकू व लाठी से पीटकर युवक की हत्या

**रायपुर,30 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजधानी में युवक की हत्या से सनसनी फैल गई है. जानकारी के अनुसार हमलावरों ने श्याम नगर निवासी नीरज नंदा को चाकू मारकर लाठी से बुरी तरह पीटा. पिटाई में युवक की मौके पर ही मौत हो गई. ये पूरी वारदात तेलीबांधा इलाक़े की बताई जा रही है. बताया जा रहा है कि, युवक की आपसी रंजिश के चलते की हत्या हुई. इस पूरी घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. मौके पर पहुंची पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. वहीं पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी हुई है. मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है. तेलीबांधा थाना पुलिस ने बताया कि, श्याम नगर में बीती रात नीरज नंदा की हत्या श्याम नगर निवासी राजेंद्र राजपूत ने की है. मृतक और आरोपी पूर्व में दोस्त थे. 2 माह पूर्व आरोपी की मुंह बोली बहन से मृतक प्रेम विवाह किया था, तबसे दोनों के बीच दुश्मनी हो गई थी. इसी रंजिश पर कल रात वाद-विवाद हुआ और राजेंद्र राजपूत द्वारा हत्या कर दी गई. आरोपी के घर वालों से पूछताछ की जा रही है।आरोपी की शीघ्र गिरफ़्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं.

### आपसी रंजिश में अधेड़ की हत्या



**कवर्धा,30 अगस्त।** पिपरिया थाना क्षेत्र में मारपीट का मामला सामने आया है. जहां कुछ लोगों ने एक अधेड़ को लाठी से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया. सूचना पर ग्रामीणों ने घायल को जिला असपताल में भर्ती कराया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. घटना ग्राम कान्हाभैरा के बगीचा की है. पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम देना बताया जा रहा है. मृतक का नाम गेंदराम यादव है. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. जिसके बाद पुलिस घटना से संबंधित दो लोगों को हिरासत में लिया गया. एडिशन एसपी हरीश राठौर ने बताया कि अधेड़ की डंडे से पीट पीट कर हत्या की गई है. दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.

## छग के कांग्रेस नेता ने अमिताभ बच्चन को पहनाया राजकीय गमछा

**रायपुर,30 अगस्त।** 'कौन बने करोड़पति' और महानायक अमिताभ बच्चन पर्याय बन चुके हैं. सदी के महानायक अमिताभ बच्चन को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल ने मुलाकात कर छत्तीसगढ़ की संस्कृति का प्रतीक राजकीय गमछा भेंट कर उनका सम्मान किया. इस अवसर पर सुबोध हरितवाल ने अमिताभ बच्चन से रायपुर आकर केबीसी लाइव शूट करने का निवेदन भी किया, जैसे लगभग 10 साल पहले इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया था, और छत्तीसगढ़ की जनता ने उसे खूब सराहा भी था. सुबोध हरितवाल ने बताया कि राजकीय गमछे को देखकर अमिताभ बच्चन ने उसकी एक एक बारीकी को पहले समझा फिर धारण किया ये सबसे अच्छा पल था.





## प्रज्ञान रोवर ने विक्रम लैंडर की फोटो क्लिक की

**नई दिल्ली।** प्रज्ञान ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरे हुए विक्रम लैंडर की पहली फोटो ली है. यह फोटो इसरो ने ट्वीट करके जारी की है. इसरो ने अपने ट्वीट में कहा है कि स्माइल प्लीज. आज सुबह प्रज्ञान रोवर ने विक्रम लैंडर की तस्वीर ली. यह तस्वीर रोवर ने ऑनबोर्ड नेविगेशन कैमरा से ली गई है. चंद्रयान-3 मिशन के लिए नैवकैम को लेबोरेटरी फॉर इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स सिस्टम्स ने बनाया है. प्रज्ञान रोवर में एक तरफ ये दो नैवकैम लगे हैं. असल में रोवर का कुल वजन 26 kg है. यह तीन फीट लंबा, 2.5 फीट चौड़ा और 2.8 फीट ऊंचा है. छह पहियों पर चलता है. 500 मीटर यानी 1600 फीट तक चांद की सतह पर जा सकता है.

## अक्साई चिन में चीन ने खोद डाली सुरंग

**नई दिल्ली,30 अगस्त।** चीन का दोमुंहा रवैया एक बार फिर सामने आया है। इसके नेता शी जिनपिंग जोहान्सबर्ग में हाल ही में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीमा पर जमीन पर सैनिकों को शीघ्रता से हटाने और तनाव कम करने के लिए सताई। लेकिन इसके ठीक उलट सैटेलाइट डेटा से पता चलता है कि बीजिंग नीचे खुदाई करके सुरंगें बना रहे हैं। यह खबर चीन द्वारा पुराने तरीकों पर लौटने और अपने मानक मानचित्रों में लद्दाख में अक्साई चिन क्षेत्र और अरुणाचल प्रदेश राज्य पर अपना दावा करने के बाद आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस कदम को खारिज करते हुए कि चीन ने उन क्षेत्रों के साथ नक्शे जारी किए हैं जो उनके नहीं हैं। (यह एक) पुरानी आदत है। केवल भारत के कुछ हिस्सों के साथ मानचित्र डालने से... इससे कुछ भी नहीं बदलता है। हमारी सरकार इस बारे में बहुत स्पष्ट है कि हमारा क्षेत्र क्या है। बेतुके दावे करने से दूसरे लोगों का क्षेत्र आपका नहीं हो जाता।

अमेरिका स्थित अंतरिक्ष कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीज से प्राप्त नई उपग्रह इमेजरी से पता चलता है कि 6 दिसंबर 2021 और 18 अगस्त 2023 के बीच, चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से लगभग 70 किमी दूर अक्साई चिन क्षेत्र में आक्रामक रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। छवियों से पता चलता है कि चीनी सैनिक सैनिकों और हथियारों के लिए कई प्रबलित आश्रयों और बंकरों का निर्माण करने के लिए एक संकीर्ण नदी घाटी के किनारे पहाड़ी पर सुरंगें और शाफ्ट बना रहे हैं। उपग्रह चित्रों का अध्ययन करने के बाद विशेषज्ञों ने एनडीटीवी को बताया कि नदी घाटी के दोनों किनारों पर चट्टानों में कम से कम 11 पोर्टल या शाफ्ट बने हुए हैं। हिंदुस्तान टाइम्स ने बताया है कि चीनी पक्ष ने उसी क्षेत्र में छह स्थानों पर प्रबलित बंकर और भूमिगत सुविधाएं बनाई हैं।

नई निर्माण गतिविधि एक स्पष्ट संकेतक है कि चीन का एलएसी पर पीछे हटने या सीमा मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने का कोई स्पष्ट इरादा नहीं है। इमेजरी का विश्लेषण करने वाले इंटेल लैब के एक प्रमुख उपग्रह इमेजरी विशेषज्ञ डेमियन साइमन की राय है कि चीन की भूमिगत चाल भारतीय वायु सेना द्वारा खेल के मैदान में लाए गए लाभ की भरपाई करना चाहती है। रीब्रांडेड एक्स पर उन्होंने यह भी लिखा, दुर्भाग्य से रणनीति में इस बदलाव का मतलब यह भी है कि वे लंबी अवधि के लिए खुदाई कर रहे हैं।

2020 से भारत और चीन के बीच गलवान झड़प के बाद तनावपूर्ण संबंध हैं, जब दोनों पक्षों के सैनिक आमने-सामने की झड़प में लगे हुए थे। यह सुनिश्चित करने के प्रयास में कि इसकी सीमाएं शांतिपूर्ण हैं और चीन को एक संदेश भेजने के लिए, नई दिल्ली ने लद्दाख क्षेत्र में सड़क और सुरंग निर्माण और अपने उच्च ऊंचाई वाले हवाई क्षेत्रों का आधुनिकीकरण किया है। चीन भी एलएसी पर निर्माण गतिविधियां बढ़ा रहा है; इसने सभी सुविधाओं से सुसज्जित सीमा रक्षा गाँव बनाए हैं। पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) ने क्षेत्र में अपनी उपस्थिति स्थापित करने के लिए क्षेत्र में नए हेलीपैड, सड़कें, पुल और अंतिम-मील कनेक्टिविटी का भी निर्माण किया है।

## संक्षेप

### अधिकारियों ने किया अंतागढ़ अजरेल, ब्लॉक- ए- रावघाट, सरंगीपाल खदान क्षेत्र का दौरा

**भिलाई नगर 30 अगस्त** ।आफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भिलाई इस्पात संयंत्र के भविष्य की जीवन रेखा रावघाट माइंस का



अधिकारिक दौरा किया तथा वहां की परिस्थितियों को समझने का प्रयास किया। इस प्रवास में पदाधिकारियों के द्वारा अंतागढ़, अंजरेल, ब्लाक-ए रावघाट सरंगीपाल के खदान क्षेत्र का विस्तृत दौरा किया गया। इस प्रवास के दौरान पदाधिकारियों ने नारायणपुर आश्रम का भी दौरा किया तथा उनके द्वारा किये जा रहे सृजनात्मक कार्यक्रमों को भी देखा व समझा।

### राष्ट्रपति ने एनटीआर के शताब्दी वर्ष पर सिक्का जारी किया

**नई दिल्ली,30 अगस्त।** तेलुगु फिल्मों के मशहूर एक्टर नंदमुरी तारक रामाराव को एनटीआर के नाम से जाना जाता है। करीब 300 से ज्यादा फिल्मों में काम करने वाले एनटी रामा राव की अभिनय की दुनिया के साथ ही दक्षिण भारतीय राजनीति में अलग पहचान रही। तेलुगु देशम पार्टी की स्थापना करने वाले एनटी रामा राव आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे थे। समय-समय पर अपने कामों के लिए याद किए जाने वाले नंदमुरी तारक रामाराव आज एक विशेष वजह से सुर्खियों में हैं। दरअसल, आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में प्रसिद्ध अभिनेता और राजनेता नंदमुरी तारक रामाराव (एनटीआर) के सम्मान में 100 रुपये का सिक्का लॉन्च किया।

### भूपेश कैबिनेट की बैठक दो सितंबर को

**रायपुर,30 अगस्त।** आगामी दो सितंबर को सीएम भूपेश बघेल की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक होने कीजानकारी सामने आ रही है। पता चला है कि सभी विभागीय सचिवों को सूचना भेजकर मंगलवार शाम तक प्रस्ताव मांगे गए हैं। यह बैठक सीएम हाउस में होगी। बता दें कि 2 सितम्बर को ही दोपहर के वक्त राहुल गांधी राजधानी में युवा संवाद सम्मेलन को संबोधित करने आ रहे है। माना जा रहा है कि इससे पहले यह बैठक आयोजित कर कैबिनेट युवाओं से संबंधित कोई बड़ा निर्णय लेकर मंच से इसका ऐलान कर सकता है। इसके अलावा बैठक में धान खरीदी की तिथि और दर निर्धारण, आरक्षण विधेयक पर अगली वैधानिक स्थिति पर भी चर्चा होने के संकेत हैं। साथ ही शहरी क्षेत्र में आबादी पट्टे को लेकर भी निर्णय लिया जाएगा।

### कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी अस्पताल में भर्ती,

**बेंगलुरु ,30 अगस्त ।** पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) के वरिष्ठ नेता एच.डी. कुमारस्वामी को बुधवार सुबह बुखार की शिकायत के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके करीबी सूत्रों ने कहा कि कुमारस्वामी को पिछले सप्ताह व्यस्त गतिविधि के चलते बुखार और थकान हो गई।

वह लगातार बैठकों में शामिल रहे और पिछले हफ्ते उन्होंने अपने अभिनेता से नेता बने बेटे निखिल कुमारस्वामी के लिए एक फिल्म बनाने की घोषणा की थी। पार्टी कार्यकर्ता और परिवार के सदस्य चिंतित हैं क्योंकि कुमारस्वामी की पहले एक बड़ी हार्ट सर्जरी हुई थी।

एक नजर

## डेंगू की रोकथाम के लिए घर-घर दस्तक



**भिलाई, 30 अगस्त।** इस्पात नगरी, भिलाई, दुर्ग जिला में डेंगू की रोकथाम के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। घर-घर, गली-गली और सेक्टरों में लगी हुई टीम पूरे गति से सर्वे और जनजागृति लाने का प्रयास कर रही है। आज भी कई प्रभावित सेक्टरों में विशेष मुहिम के तहत डेंगू के खिलाफ अभियान चलाया गया। नुक्कड़ नाटक, बैनर, पोस्टरों के माध्यम से मंदिर, स्कूल व चैक-चैराहों जैसे सार्वजनिक स्थलों पर भी डेंगू के प्रति जागृति लाने के प्रयास किए गए। सेक्टरों में गली-गली जमा पानी को खाली करना और दवाओं का छिड़काव किया गया। 29 अगस्त को प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार इस्पात नगरी के कुल 1866 घरों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें से 2131 पात्रों, कूलर और अन्य जल एकत्र किए स्थानों का सर्वे किया और उन्हें साफ भी करवाया गया। सर्वेक्षण अभियान में 132 घरों में लार्वा पाए जाने की संभावना को देखते हुए एकत्रित जल की सफाई की गयी और दवा का छिड़काव किया गया। इस सर्वेक्षण अभियान के तहत 69 घरों में स्प्रे किया गया तथा 1062 घरों में टेमीफॉस दवाई का वितरण किया गया। सेक्टर-2 क्षेत्र में आयलिंग वर्क के साथ ही, सेक्टर-2 तथा 4 में वाटर फॉगिंग, पाम्पलेट वितरण, माईक के माध्यम से डेंगू के लक्षण, रोकथाम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर लोगों को जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त सेक्टर-2 तथा सेक्टर-4 के बैकलाइन क्षेत्रों में मिस्ट ब्लोवर मशीन के माध्यम से दवाई का छिड़काव किया गया तथा पोर्टेबल फॉगिंग मषीन की सहायता से फॉगिंग का कार्य किया गया। डेंगू पर नियंत्रण हेतु जन स्वास्थ्य विभाग ने, भिलाई की प्रबुद्ध जनता से अपील की है, कि मच्छर नियंत्रण हेतु व्यक्तिगत स्तर पर किये जा सकने वाले उपाय में सहयोग करें। स्वयं भी सुरक्षित रहें एवं दूसरों को भी सुरक्षित रखें। डेंगू सर्वेक्षण टीम में निगम के कार्मिकों सहित बीएसपी के स्वास्थ्य विभाग के भी कार्मिक उपस्थित थे।

## एटीएम काटने वालों का सुराग मिला

**भिलाई, 30 अगस्त।** भिलाई बोरसी के एक और हुडको के दो . एटीएम को काटकर करीब 70 लाख रुपये की चोरी करने वाले बदमाशों का हरियाणा में सुराग मिला है। आरोपितों का पीछा कर रही एसीसीयू (एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट) की टीम हरियाणा पहुंच चुकी है। जल्द ही आरोपितों के पकड़े जाने की उम्मीद जताई जा रही है बता दें कि शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात बोरसी के एक और हुड़को के दो एटीएम में चोरी हुई थी आरोपितों ने एसबीआइ के एटीएम को निशाना बनाकर चोरियां की थीं। आरोपितों ने तीनों एटीएम को गैस कटकर से काटकर उसमें से करीब 70 लाख रुपये नकद चोरी किए थे आरोपितों की अंतिम लोकेशन नागपुर की तरफ मिली थी उनका पीछा करते हुए गई पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपित हरियाणा की तरफ भागे हैं तो पुलिस वहां पहुंची हालांकि अब तक आरोपितों को पकड़ा नहीं जा सका है।

## एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत

**भिलाई, 30 अगस्त।** भिलाईनगर सुपेला थाना अंतर्गत बीती रात डाउन लाइन में एक अज्ञात व्यक्ति की टेन से कटकर मौत हो गई फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर शव की शिनाख्त में जुट गई है सुपेला पुलिस ने बताया कि सितारा कबाड़ी के पीछे सुपेला गेट के पास डाउन लाइन रेलवे टेक पोल नंबर 859/24-26 के मध्य सुपेला में एक अज्ञात व्यक्ति की टेन से कटकर मौत हो गई जिसकी उम्र 40 से 45 के आसपास की है सूचना मिलने पर पुलिस शव को मरच्युरी में रखकर शव की शिनाख्त में जुट गई है।

# हनोदा के युवा ग्राम विकास में निभा रहे अहम भूमिका:योगिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,30 अगस्त।** दुर्ग समीपस्त ग्राम हनोदा के युवा जन कल्याण संगठन द्वारा अपना छठवां स्थापना दिवस बजरंग प्रांगण में मनाया गया।कार्यक्रम की सुरुवात हनुमान जी के आरती के साथ कि गयी ।जिसके मुख्य अतिथि देवेन्द्र देशमुख जनपद अध्यक्ष, अध्यक्षता योगिता चन्द्राकर कृषि सभापति जिला पंचायत दुर्ग,विशेष अतिथि के रूप में नितिन शर्मा जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग,कामेश साहू सचिव क्रांति सेना दुर्ग,विकास चन्द्राकर एस. ए म . डी . सी . अ ध्य क्ष हनोदा,डॉ.सी.एल.साहू संरक्षक गायत्री परिवार हनोदा,दीपक चन्द्राकर नायब तह.अर्जुन्दा बालोद,पीयूष श्रीवास्तव समाज सेवी सहित संगठन के सभी संरक्षक,मार्गदर्शक,सदस्य एवं ग्रामवासी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्तर पर थ्रो बाल में दूसरा स्थान प्राप्त कर गांव का नाम रौशन करने वाली गीतांजली साहू व राज्य स्तर पर मूर्तिकला एवं जिला स्तर पर चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले लोमेश साहू का सम्मान किया गया व पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओ एवं महिलाओं को सम्मानित किया गया जिसमें शाकुन्तला कोषरे व सीमा साहू मितानिन एवं होमेश कुम्भकार,राजीव साहू,रोहन कुम्भकार,भूपेंद्र साहू,उमेश कुम्भकार, दीपक गायकवाड़, यशवंत देशमुख साथ मे दसवीं कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले नवेंद्र देवांगन व चंचल पटेल को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र देशमुख ने बताया बीते 6 वर्षो में युवा संगठन हनोदा द्वारा समाज में फैली विभिन्न कुरूतियो को कम करने का काम किया है संगठन के सभी युवा ग्राम ही नहीं हमारे पूरे जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत है।अध्यक्षता कर रही योगित चन्द्राकर ने बताया जब में मैं जिला पंचायत सदस्य बनी हु तबसे ही इनके साथ जुड़ कर कार्य कर रही हु और बहुत करीब से इनके कार्यो को देखा है चाहे वो स्वच्छता की बात हो या नशा मुक्ति अभियान की।संगठन के संरक्षक देवी साहू ने कहा युवा संगठन गांव के विकास,निर्माण और भविष्य को ध्यान में रखते हुवे कार्य कर रही है आप सभी इनके साथ जुड़े व सहयोग करे।कार्यक्रम के साथ ही छत्तीसगढ़ी लोक पारंपरिक रेकॉर्डिंग डांस मोर भंवरा ग्रुप की प्रस्तुति हुई।अंत मे आभार प्रदर्शन भेषराम पटेल द्वारा किया गया।

## कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कर खेल दिवस मनाया



**भिलाई, 30 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा, राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त 2023 को ग्राम पंचायत एवं शिक्षा विभाग मचान्दुर के संयुक्त तत्वाधान में आदर्श इस्पात ग्राम मचान्दुर में ग्रामीण बच्चों के लिए शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक आर के श्रीवास्तव उपस्थित थे। राष्ट्रीय खेल दिवस हर साल 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में मनाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर के श्रीवास्तव ने सभी टीम की खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों से बच्चों में खेल भावना एवं शारीरिक स्वास्थ्य का विकास होता है। साथ ही उन्होंने इस प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना करते हुए सीएसआर विभाग, शाला प्रबंधन व सभी ग्रामवासियों को धन्यवाद दिया। महाप्रबंधक शिव राजन नायर ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि खेल-कूद से विद्यार्थियों में टीम भावना जागृत होती है। पढ़ाई से बौद्धिक विकास होता है लेकिन शारीरिक विकास के लिए खेल कूद का होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त इस आयोजन में वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े सहित बुधेलाल साहू, शिक्षा विभाग के पीटीआई अजीत पाठक एवं सद्भावना ग्रुप से कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी धर्मेन्द्र पाठक उपस्थित थे। आदर्श इस्पात ग्राम मचान्दुर के सरपंच दिलीप साहू एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मचान्दुर के प्राचार्य बी एन चौधरी के सहयोग एवं सक्रीय योगदान से यह आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के दौरान भारी संख्या में ग्राम वासी एवं स्कूली छात्र ङ्कछात्राएं उपस्थित थे, जिन्होंने भरपूर आनंद उठाने के साथ-साथ खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रजनी रजक द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन श्री बी एन चौधरी द्वारा दिया गया।

## शिवजी अर्पण सेवा समिति की बहनों ने जवानों को बांधी राखी



**भिलाई, 30 अगस्त।** बीएसएफ के फौजी जवानों को भिलाई की शिव जी अर्पण सेवा समिति की बहनों ने बांधी राखी। आप को ज्ञात हो कि देश के फौजी जवान अपने परिवार से दूर हमारी रक्षा के लिए सीमा पर तैनात होते है. वो इस पवित्र दिन में अपनी बहनों से नहीं मिल पाते, इसलिए आज भिलाई में बीएसएफ मुख्यालय में कई जवानों को शिवजी अर्पण सेवा समिति की बहनों ने माथे पर तिलक लगाकर राखी बांधी और उनसे आशीर्वाद लिया. जवानों ने उन्हें उपहार भी दिए। इस दौरान बहनों ने उन्हें रुमाल, पेन, पॉकेट डायरी मिठाई खिलाकर उनका मुंह भी मीठा करवाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीएसएफ के उच्च अधिकारी, समिति के अध्यक्ष रोहन मून, समाज सेविका संगीता शाह समेत अन्य अधिकारी और जवानों ने राखी बंधवाकर मुंह मीठा किया एवं भेंट स्वरूप बहनों को आशीर्वाद गिफ्ट भी दिया। इस अवसर पर शिव जी अर्पण सेवा समिति के सभी पदाधिकारी एवं सभी सदस्य अंजली राजनल, पूजा राजनल, मीनाक्षी ठाकुर, तनु साहू, सीमा चौहान, मोनिका ठाकुर, गरिमा,चारु, प्रतिभा, सरिता, गीता, मोनिका बारंगे, मोनिका सिंह, विभा मिश्रा, माधवी, मुस्कान, ललिता, पुष्पा, अयंती, ए.आंचल,खुशी, निष्ठा, राखी समिति के अध्यक्ष रोहन कुमार मून, उपाध्यक्ष विनोद कौशिक, सचिव कृष्णा चौहान, संयुक्त सचिव रोमन सिंह, कोषाध्यक्ष सोनू सिंह, अविनाश चंद्राकर, सुधांशु कोसे, उज्ज्वल, यश, अनूप, कैलाश, विवेक, योगेंद्र राव आदि समस्त सदस्य उपस्थित थे।

## सांसद के नेतृत्व 40 लोग भाजपा में हुए शामिल




**भिलाई, 30 अगस्त।** सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में भिलाई जिले के लगभग 40 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा नेता शारदा गुप्ता के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं को सांसद विजय बघेल से संपर्क कर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार लाने के लिए सभी लोगों ने जी तोड़ मेहनत करने का प्रण लिया। भिलाई नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर अमिताभ भट्टाचार्य जिनकी सामाजिक कार्यों में अभूतपुर योगदान होता है उनके आने से भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान होगी। लखविंदर सिंह यूनियन के बड़े नेता हैं उनके भी आने से भारतीय जनता पार्टी की स्थिति मजबूत होगी। युवा नेता रोबिन सरोदे एवं विशाल चौधरी के नेतृत्व में युवाओं ने भाजपा प्रवेश किया सांसद विजय बघेल ने सभी को भाजपा के गमछा पहनकर सभी का स्वागत किया एवं प्रवेश दिलाया भाजपा प्रवेश करने वाले में प्रमुख रूप से अमिताभ भट्टाचार्य लखविंदर सिंह रोबिन सरोदे विशाल चौधरी रिक्की साहनी महेश कुमार साहू अमित पाठक आकाश द्विवेदी अनुज अनिल रोहन सिंह सौम्य सिंह सूर्यकांत रामचंद्र आशीष यादव देवेश सत्यम पाल सूरज सिंह प्रियांशु तिवारी मनीष पासवान उदय बंजारे सूरज साहनी सरोज साहनी सोनू प्रशांत पासवान एन एल साहू सहित प्रमुख कार्यकर्ता ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता शारदा गुप्ता डॉक्टर रमेश श्रीवास्तव निशु पांडे मदन सेन बंटी नाहर राजेश सिंह सी पी सिंह योगेश यदु गुरनाम सिंह सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भिलाई-चरोदा में विशेष अभियान चला कर वितरित की गई क्लोरीन टेबलेट



**भिलाई- चरोदा।** भिलाई-चरोदा निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार आज मंगलवार दिनांक 29.08.2023 को निगम क्षेत्र के वार्ड क्र. 12, उत्तर डबरापारा में विशेष अभियान के तहत घर-घर पहुंचकर क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया गया। यहां बता दे कि तेज उमस और कभी बारिश हो जाने के कारण मौसम रोज बदल रहा है। ऐसे में संक्रामक बीमारियों उल्टी, दस्त, खांसी, सिरदर्द जैसे लक्षण दिखाई देने पर त्वरित चिकित्सा परामर्श लेने की सलाह निगम कर्मचारियों द्वारा घर-घर तक जाकर दी जा रही है। साथ ही पानी को साफ रखने एवं उबालकर पानी पीने के विषय में भी बताया जा रहा है। क्लोरीन टेबलेट का उपयोग कर पानी को साफ करने संबंधी जानकारी भी इस दौरान लोगों को बतायी जा रही है। स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा एवं उनकी टीम के साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा डबरापारा क्षेत्र के प्रत्येक स्थल का निरीक्षण किया जाकर नालियों की सफाई, तालाब सफाई, बडे नाले के किनारे दोनों तरफ झाड़ियों तथा कचरे, मलबे हटाने का कार्य किया गया है। उल्लेखनीय है कि जागरूकता तथा बचाव करते हुए सभी नागरिकों को सफाई और स्वच्छता बरतने संबंधी जानकारी निगम कर्मचारियों एवं मितानिन एवं सहयोगियों द्वारा देते हुए रोगो के फैलाव को रोकने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा, नेत्रदान करने भरवाया फार्म



**पाटन , 30 अगस्त।** राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक मनाया जाता है। इस अवसर पर नेत्र सहायक अधिकारी जे कौर विरर्दी ने अस्पताल आए मरीजों को नेत्रदान के महत्व को समझते हुए नेत्रदान करने फार्म भरवाया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि एक व्यक्ति के नेत्रदान करने से दो दृष्टिहीन व्यक्ति को नेत्र ज्योति मिलती है। प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने बताया मृत्यु के बाद आंखों को गीला कपड़े ओर रूई से ढक देना चाहिए ताकि ज्योति सुरक्षित निकली जा सके बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने नेत्रदान महादान है हर व्यक्ति को नेत्रदान करना चाहिए बी पी , शुगर और मोतियाबिंद ऑपरेशन कराए व्यक्ति भी नेत्रदान कर सकते हैं एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास श्रीमती ए दत्ता ने हितग्राहियों को बताया कि नेत्रदान के संबंध मृत्यु के 6 घंटे के अंदर नेत्रदान किया जाता है कार्यक्रम में 25 लोगों ने करने फार्म भरा है।

# भोरमदेव अभयारण्य में नहीं बनेगा टाइगर रिजर्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,30 अगस्त।** भोरमदेव वन्य जीव अभ्यारण्य को टाईगर रिजर्व घोषित नहीं करने के राज्य वन्य जीव बोर्ड के निर्णय को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। प्रदेश के वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में भी अपना पक्ष मजबूती से रखेगी।

छत्तीसगढ़ की तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा राज्य वन्य जीव बोर्ड की नौवी बैंठक दिनांक 23.05.2017 में कवर्धा स्थित भोरमदेव वन्य जीव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित करने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। तत्पश्चात दिनांक 14.11.2017 को हुई राज्य वन्य जीव बोर्ड की 10 वीं बैठक में यह अनुशंसा की गई कि कवर्धा स्थित भोरमदेव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित किया जाए।उक्त टाइगर रिजर्व की घोषणा करने से 39 गांवों को विस्थापित करना पड़ता एवं वहां उस समय पीढ़ियों से निवासरत 17566 व्यक्तियों को उनके मूल स्थान से दूसरी जगह विस्थापित करना पड़ता। इन निवासियों में बैगा जनजाति के लोग बड़ी संख्या में हैं। उनके विस्थापन से उनके प्राचीन संस्कृति, वनों के साथ उनके संबंधों आदि से विस्थापित होना पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी ने उस समय भोरमदेव अभ्यारण को टाईगर रिजर्व घोषित करने के तत्कालीन भाजपा सरकार के निर्णय के विरोध में मोहम्मद अकबर के नेतृत्व में आंदोलन चलाया। बाद में परिस्थितिया बदल गयी तथा राज्य में कांग्रेस की सरकार बन गई। इतना ही नहीं बल्कि मोहम्मद अकबर राज्य के वन मंत्री बन गए। उनके प्रयास से राज्य वन्य जीव बोर्ड की बैठक दिनांक 24.11.2019 में कवर्धा स्थित भोरमदेव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित नहीं करने का निर्णय लिया गया।इधर उक्त निर्णय को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में एक जनहित याचिका क्रमांक ङ्खक्कढ्ढरु 17/2019 के माध्यम से नितिन सिंघवी द्वारा चुनौती दी गई थी। इस प्रकरण में सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा मजबूती से अपना पक्ष रखते हुए, न्यायालय को यह बताया गया कि उक्त टाइगर रिजर्व घोषित करने से भोरमदेव अभ्यारण्य में निवासरत आदिवासियों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। सरकार द्वारा दी गई दलीलों से संतुष्ट होकर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जनहित याचिका दिनांक 14.08.2013 को खारिज कर दी गई।

### वन मंत्री अकबर ने आदिवासियों-बैगा जनजाति को दिलाया भरोसा



प्रदेश के वन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मोहम्मद अकबर ने कहा है कि राज्य शासन आदिवासियों के साथ मजबूती से रहेगी। उन्होंने प्रस्तावित भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र के आदिवासियों एवं बैगा जनजाति के लोगों को भरोसा दिलाया है कि वे कतई चिंता न करें। इस क्षेत्र के विधायक होने के नाते वे (अकबर) हर स्थिति में उनके हितों की रक्षा करेंगे।

### सरकार बदलने के जोशीले नारों के साथ

# भाजपा ने किया विधायक कार्यालय का घेराव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 30 अगस्त।** कवर्धा विधायक के तानाशाही रवैए और सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ आज भारतीय जनता पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए विधायक कार्यालय का घेराव किया. घेराव से पहले गांधी मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने कवर्धा विधायक के पिछले पांच वर्षो को आम लोगों, व्यापारियों, सरकारी कर्मचारी परिवारों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रताड़ना का समय बताया. उन्होंने विधायक अकबर की निष्क्रियता को रेखांकित करते हुए उनपर धारदार सवाल दागे. सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रमुख नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के आह्वान पर कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी एवं बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ़ भारतीय जनता पार्टी जिला कबीरधाम द्वारा आज कवर्धा विधायक कार्यालय का घेराव किया गया. आज नगर पालिका कवर्धा में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास की किस्त की राशि तत्काल प्रदान किया जाने,गन्ना किसानों के रिकवरी/प्रोत्साहन राशि सहित समस्त भुगतान में विलम्ब, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती ,समस्त गरीब हितग्राहियों को प्रधान मंत्री आवास(ग्रामीण) स्वीकृत नहीं करने , जिला में बढ़ते अपराध, जुवा, सट्टा, नशाखोरी,चोरी डकैती, पीएससी एवं व्यापम के माध्यम से हुए भर्ती परीक्षाओं में भारी भ्रष्टाचार तथा गांव-गांव, गली-गली में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ जैसे विषयों को लेकर ये बड़ा प्रदर्शन पार्टी द्वारा किया गया. इस प्रदर्शन में सांसद संतोष पांडे, जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, जिला संगठन प्रभारी दिनेश गांधी, खुशवंत साहेब, विस प्रभारी राजेंद्र वैष्णव, रामकुमार भट्ट, डा सियाराम साहू, जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, राजेंद्र चंद्रवंशी, देवकुमारी चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, बरसाती वर्मा, महामंत्री संतोष पटेल, क्रांति गुप्ता, रघुराज सिंह, यश गुप्ता, मनीराम साहू, सतविंदर पाहुजा, सविता ठाकुर, आनंद मिश्रा, शीतल साहू, विजय लक्ष्मी तिवारी, सुनील दोषी, पंच राम कोसले, हेमंत ठाकुर, भुनेश्वर चंद्राकर, रवि राजपूत, अजय ठाकुर, जयराम साहू, सनत साहू, सीताराम साहू, भाजपा के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.।

## आवारा मवेशियों की हो रही धरपकड़

**भिलाई, 30 अगस्त।** रात के समय सड़क पर झुंड बनाकर सड़क के बीचोबीच एवं चौक चैराहों में आवारा मवेशियों के बैठे रहने के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है।इसे देखते हुए भिलाई निगम की टीम मवेशियों को पकड़ने का निरंतर अभियान चलाते हुए एक माह के भीतर 636 आवारा मवेशियों को निगम के विभिन्न क्षेत्रों से पकड़कर गोठान में रख रहे है। सड़क पर घूमते हुए पकड़े मवेशियों के मालिक द्वारा जुर्माना राशि जमा करने के बाद गोठान से छोड़ा जाता है। छत्तीसगढ़ शासन की रोका छेका संकल्प अभियान में व्यावधान डालने वाले व्यक्ति के खिलाफ निगम ने थाने में लिखित शिकायत की है।

# मुख्यमंत्री ने किया कौही उद्वहन सिंचाई योजना का लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन,30 अगस्त।** सावन माह के 8वॉ व अंतिम सोमवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कौही के खारून नदी तट प्राचीन शिव मंदिर पहुंचे। उन्होंने वहां पर स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने खारून नदी पर 7 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित कौही उद्वहन सिंचाई योजना का लोकार्पण किया। कौही उद्वहन सिंचाई योजना से ग्राम कौही, बोरेंदा, जरवाय, केसरा, खम्हरिया, डंगनिया, तर्रीघाट, सोनपुर और सिपकोना के 2 हजार 500 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बघेल ने अपने कौही के पहले दौरे के अवसर पर ही यहां के पुरानी उद्वहन सिंचाई योजना को अपडेट करने की घोषणा की थी। योजना अंतर्गत इंटक वेल का रेडियस जो पहले 6 मीटर था इसको 12 मीटर किया गया है। वहीं 150 एच.पी. के पांच वीटी पंप स्टॉल किए गए हैं। जिससे लिफ्ट इरिगेशन की क्षमता में कई गुणा वृद्धि हुई है। सम्पूर्ण नहर प्रणाली का लाइनिंग कार्य भी किया गया है। कौही उद्वहन सिंचाई योजना की क्षमता बढ़ने से इस क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को राहत पहुंची है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने क्षेत्र के बारह किसानों को खसरा बी-1, बी-2 अपने कर कमलों से वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रदेशवासियों पर भगवान भोलेनाथ की कृपा बनी रहे। उन्होंने सभी को सावन सोमवारी की बधाई दी। क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप सिंचाई सुविधा विस्तारित होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी वर्ग के विकास के लिए योजनाएं संचालित कर रही है। सांस्कृतिक गतिविधियों को पुनर्जीवित करने का काम कर रही है। सरकार की योजनाओं से प्रदेश को पहचान मिली है। मुख्यमंत्री बघेल ने लोगों की मांग पर मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए सेवा का अवसर प्रदान करने लोगों का आह्वान किया। कार्यक्रम को जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर अपेक्स बैंक डायरेक्टर राकेश ठाकुर,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, राजेश ठाकुर, जनपद सदस्य रमन टिकरिहा, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**एक नजर**

## महापौर ने रक्षाबंधन पर दी सौगात

**रायपुर 30 अगस्त।** आज रक्षाबंधन के पर्व के पूर्व नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य जितेन्द्र अग्रवाल के साथ मिलकर नगर पालिक निगम जोन 5 के तहत आने वाले महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड क्रमांक 43 के अंतर्गत ऐतिहासिक टूरी हटरी का पौनी पसारी योजना के माध्यम से सुव्यवस्थित तौर पर करवाये गये नवीन सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण कर राजधानी शहर की बहनों को शानदार सौगात दी है. यहाँ यह विशेष उल्लेखनीय है कि टुरी हटरी बाजार रायपुर शहर में प्राचीन काल के महिला सशक्तिकरण की अवधारणा को सिद्ध करता है. इस अनूठे बाजार में प्राचीन काल से महिलाओं से संबंधित समस्त वस्तुएं मिलती रही हैं. यहां अधिकतर महिलाएं ही इसे संचालित करती हैं. यहां पीपल और वटवृक्ष की शीतल छांव में व्यापारियों को निरन्तर वातावरण में शीतलता का अहसास होता है. ,टुरी हटरी बाजार का पौनी पसारी योजना में सुव्यवस्थित नवीन सौंदर्यीकरण कार्य करवाये जाने एवं रक्षाबंधन पर्व के एक दिन पहले इसकी शानदार सौगात मिलने पर अत्यंत प्रसन्न होकर यहां के व्यापारियों ने इस हेतु महापौर एजाज ढेबर एवं वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य जितेंद्र अग्रवाल की चुस्त कार्यप्रणाली को सराहते हुए हार्दिक धन्यवाद दिया. इस दौरान नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर सुशील कुमार चैधरी, कार्यपालन अभियन्ता विमल शर्मा सहित निगम अधिकारी, कर्मचारीगण, गणमान्य जन उपस्थित थे.को इस निर्माण कार्य हेतु धन्यवाद दिया।

## विधायक ने किया भूमिपूजन

**रायपुर 30 अगस्त।** उत्तर विधानसभा के अधिकतर शासकीय स्कूलों एवम महाविद्यालय की स्थिती पहले से सुधर चुकी है क्षेत्र विधायक श्री कुलदीप सिंह जुनेजा के अथक प्रयासों से स्कूलों बच्चो के भवनों का निर्माण , शौचालय निर्माण ,लाइट एवम पंखे की व्यस्था, पेय जल व्यवस्था , क्रीड़ा मैदान,स्मार्ट क्लासेस के प्रोजेक्टर आदि व्यवस्था कराई है इसी क्रम में शास. हायर सेकेण्डरी स्कूल खम्हारडीह में विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा ने स्कूल प्रशासन की उपस्थिति में 75.23लाख के नए भवन निर्माण कार्य का विधिवत् पूजन कर श्रीफल फोड़कर भूमिपूजन किया कार्यकम का शुभारंभ मां भगवती सरस्वती के पूजा अर्चना कर की ।यह भवन बहुमंजिला बनकर तैयार होगी जिसने हर साल उन्नयन प्रकिया हो रही है अभी यहा कक्षा 11वी तक पढ़ाई संचालित हो रही रही आने वाले समय में नवीन अधोसंरचना के विकास कार्यो से 12वी कक्षाये भी संचालित होगी आसपास के स्कूलों में सबसे ज्यादा इस स्कूल में बच्चे शिक्षा ले रहे है जिसके दृष्टिगत नवीन भवन की आवश्यकता को देखते हुए सर्व सुविधा युक्त भवन निर्माण कार्य होगा जिसमे बच्चो के लैब से लेकर स्मार्ट क्लासेस होंगे क्षेत्र विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा ने कहा की आज बच्चे अगर अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करता है।

## टोयोटा किर्लोस्कर ने पूरी तरह नई टोयोटा रुमियन की बुकिंग शुरू की

**रायपुर 30 अगस्त।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ;टीकेएमद्ध ने आज अपनी नवीनतम पेशकश . द ऑल न्यू पूरी तरह नई टोयोटा रुमियन की कीमत और आधिकारिक तौर पर बुकिंग शुरू करने की घोषणा की। इसे इसी महीने ;अगस्त 23द्ध के शुरू में लॉन्च किया गया था। इससे लोगों में काफी उत्साह पैदा हुआ। उम्मीद की जाती है कि यह असाधारणए नई कॉम्पैक्ट बी.एमपीवी अपने बेजोड़ स्थान और आरामए उत्कृष्ट ईंधन दक्षताए स्टाइलिश और प्रीमियम बाहरी डिजाइन के साथ नए मानक स्थापित करेगी। टीकेएम की नवीनतम पेशकश 10.29.000 रुपये से 13,68,000 रुपये की आकर्षक एक्स.शोरूम कीमत पर उपलब्ध होगी और डिलीवरी 8 सितंबर से शुरू होने की उम्मीद है। सात सीट वाली यह एमपीवी 1.5लीटर के पेट्रोल इंजन से संचालित है जो के.सीरिज का है और इसमें नियो ड्राइव आईएसजी तथा और ई.सीएनजी तकनीक का उपयोग किया गया हैए जो पेट्रोल वेरिएंट के लिए 20.51 किमीध्लीटर और सीएनजी के लिए 26.11 किमी किग्रा की उल्लेखनीय ईंधन दक्षता सुनिश्चित करती है। 5.स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और एक सहज 6.स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में उपलब्धए नई पेशकश वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐप्पल कारप्ले के साथ 17.78 सेमी स्मार्टप्ले कास्ट टचस्क्रीन ऑडियो सिस्टम सहित उन्नत तकनीक का दावा करती है। टोयोटा आई .कनेक्ट से सुसज्जित ए यह कार के अंदर के क्लाइमेट ;जलवायुद्ध के लिए रिमोट कंट्रोलए लॉकध्अनलॉकए हजार्ड लाइट और कई अन्य कनेक्टेड सुविधाएं प्रदान करता है। ऑल न्यू टोयोटा रुमियन अपने स्वामियों के लिए सुरक्षा को भी प्राथमिकता देता है। इसके लिए इसमें उन्नत सुरक्षा खासियतें हैं जैसे डुअल फ्रंट और फ्रंट सीट साइड एयरबैग्सए एबीएस विद ईबीडीए इंजन इम्मोबिलाइजरए इलेक्ट्रॉनिक स्टैबिलिटी प्रोग्राम ;ईएसपीद्ध और अन्य।इसके अलावा इस नए बी.एमपीवी में टोयोटा एमपीवी जैसे सिग्नेचर फ्रंट ग्रिलए क्रोम फिनिश के साथ फ्रंट बम्परए बैक डोर क्रोम गार्निश के साथ एलईडी टेल लैंप और मशीन्ड टू टोन अलॉय व्हील्स जैसी मजबूत विशेषताओं के साथ एक स्टाइलिश और प्रीमियम बाहरी डिजाइन है जो एक शैली और परिष्कार प्रदर्शित करते हैं।

# दो पिछड़ा वर्ग महिलाओं के बीच जंग का मैदान बनेगा खुज्जी विधानसभा

**गीता घासी साहू और सीमा यादव में हो सकता है मुकाबला, एक पार्टी से बगावत करके लड़ी है चुनाव तो दूसरी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार की है बहू**

- **क्या इस बार छन्नी साहू का कटेगा टिकट?अपने ही सरकार का खिलाफत करना क्या छन्नी को पड़ेगा महंगा?**
- **खुज्जी विधानसभा से नवाज खान का दावेदारी, स्थानीय नेता सदमे में**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**छुरिया 30 अगस्त।** विधानसभा चुनाव नजदीक आते देख दावेदारों की धड़कनें बढ़ने लगी है भाजपा ने प्रत्याशी उतारने के काम में बाजी मारते हुए जहां खुज्जी से गीता घासी साहू को मैदान में उतारा है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने अब तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं लोगों के जेहन में सवाल उठ रहा है कि क्या खुज्जी में इस बार दो पिछड़ा वर्ग,महिला चेहरे के बीच मुकाबला होगा क्या गीता घासी साहू के विरुद्ध सीमा यादव होगी कांग्रेस की प्रत्याशी या फिर मुख्यमंत्री के सबसे करीबी माने जाने वाले राजनांदगांव जिले के गद्दावर नेता जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान होंगे कांग्रेस की प्रत्याशी ।

जातीय समीकरण नही होगा कोई मुद्दा ,खुज्जी विधानसभा मे सामान्य वर्ग से भी बने है विधायक

जातिगत समीकरण का जो दबाओ खुज्जी विधानसाभ मे चूनाव के वक्त बनाया जाता है वह निर्वाचित होने पर लीड मे तब्दील नजर नही आता जीत होती है पर लीड समीकरण वाले दबाव से कम होती है ।महिला उम्मीदवार सशक्त और मतदाताओ के बीच इस विधानसभा मे बहुत मायने रखता है। वर्तमान विधायक छन्नी साहू भी सशक्त उम्मीद्वार हैं। इस विधानसभा चूनाव मे नवाज खान के भी प्रभाव से इन्कार नही किया जा सकता क्योकि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने मे इनकी भूमिका पूरे जिले मे खासे प्रभावित करते दिखते नजर आता है । ओबोसी वर्ग से चौकाने वाली प्रत्याशी सशक्त उम्मीदवार खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से जो नाम सामने आ रहा सीमा यादव जिला कांग्रेस महिला सचिव भी ओबोसी वर्ग की सशक्त और मजबूत प्रदर्शन कांग्रेस के लिए कर रही है जो राजनीतिक गलियारो मे चर्चा का केंद्र बिन्दु बन गई है वह भी खुज्जी विधानसाभ क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण अचंल पर जनसंपर्क कर जनसमर्थन कांग्रेस के लिए निरंतर दौरा कर कांग्रेस को मजबूतीकरण के रास्ते पर निरंतर कार्य कर क्षेत्र मे कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओ को मददाताओ के बीच जा कर बता रहीं है। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र मे पूर्व मे भी पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग अपना परचम लहरा चूका है। जगन्नाथ यादव, प्रकाश यादव ,अल्पसंख्यक से राजिन्द्र पाल भाटिया, मुस्लिम समुदाय से इमरान मेमन व ब्राह्मण समाज से हरिप्रसाद शुक्ला जीत का परचम इस विधानसभा से लहरा चुके हैं।

पिछले चुनाव में पुरुष की तुलना में महिलाओं ने ज्यादा मतदान किये थे। क्योंकि महिला को उम्मीदवार बनाया था।2018 की चुनाव मे 152148 मतदाता ने मतदान किया था जिसमें छन्नी साहू को 71733 मत मिले थे और हिरेन्द साहू को 44236 मत प्राप्त हुए थे। खुज्जी विधानसभा में टोटल 259 बुथ है जिसमें लगभग 48त्न मतदाता आदिवासी समाज से है व सतनामी व महार समाज के मतदाता 13त्न है।व अन्य पिछड़ा वर्ग से 35त्न है। अनुमानित आंकड़ा जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भोलाराम साहू को 65866 वोट मिले वहीं भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय को 63682 वोट मिले थे। इस प्रकार से खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में जातीय समीकरण कहीं दुर तक नजर नहीं आता है। बहरहाल टिकट जिस किसी को भी मिले खुज्जी विधानसभा में इस बार मुकाबला रोचक और मजेदार होगा।

# घूम-घूम कर डीजल चोरी करने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 30 अगस्त।** जिले में अपराधों पर त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार झा, एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र. 642/2023 धारा 394,294,323,506,34 भादवि एवं 25,27 आर्म्स एक्ट एवं लवन थाना का अपराध क्र. 176/2023 धारा 379,34 भादवि के आरोपियो के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। नाम आरोपी 01. अनुराग खुंटे पिता शिवदयाल खुंटे उम्र 26 वर्ष साकिन खिसोरा थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा 02.संतोष भारद्वाज पिता रामदयाल भारद्वाज उम्र 40 वर्ष ग्राम खैजा भाठापारा थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा इस आधुनिक समय में जैसे-जैसे नव संसाधनों का सृजन होते जा रहा है, वैसे ही अपराधियों द्वारा भी अपराध या किसी घटना में नए-नए उपायों एवं संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। जिला महासमुंद में कई मौकों पर अवैध रूप से गांजा का परिवहन करते हुए आरोपियों को लग्जरी कार एवं वाहनों का इस्तेमाल करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। जिले में अभी 02 दिन पूर्व ही 04 आरोपियों को लग्जरी कार के माध्यम से अवैध रूप से एमपी शराब का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया था। ठीक इसी प्रकार थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा लग्जरी कार के माध्यम से डीजल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले जिला जांजगीर-चांपा निवासी दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह दोनों आरोपी बहुत ही खतरनाक एवं शातिर किस्म के हैं। अकेला पाकर यह लोगों को चाकू अडाकर एवं जान से मारने की धमकी देते हुए डीजल चोरी के साथ-साथ, नगदी आदि लूट की घटना को भी अंजाम देते हैं तथा लग्जरी कार में घूम-घूम कर आउटर इलाकों में खड़े ट्रक आदि से डीजल चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

प्रार्थी सहदेव घृतलहरे ग्राम डोटोपार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 25.08.2023 को रात्रि मे बल्कर वाहन क्र. सीजी 22 जे 2548 खराब हो जाने से लवन बायपास के पास खड़ा किया था। कि रात्रि 01-02 के बीच कोई अज्ञात चोर उक्त वाहन का डीजल टंकी ताला तोडकर लगभग 270 लीटर डीजल कीमती ?27,000 को चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान थाना सिटी कोतवाली के अप.क. 642/23 धारा 294, 323, 506, 394,34 भादवि 25,27 आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार आरोपियों द्वारा दिनांक 25.08.2023 की रात्रि में 01=00 बजे लवन रोड बायपास पर खड़ी ट्रक से 270 लीटर डीजल चोरी करना स्वीकार किये है एवं चोरी किये डीजल को मेन रोड में आने जाने वाले ट्रक चालको को बेचकर प्राप्त रकम को पार्टी कर खर्च करना बताये है।

प्रकरण में आरोपियों से डीजल चोरी में इस्तेमाल पाइप, राड, एक चाकू एवं 12 बड़े खाली जेरीकन के सांथ एक न्यू माडल बोलेरो कार क्र. छ्त्न12 ऋक्3498 एवं 15 लीटर डीजल जप्त किया गया है। अब तक की पूछताछ, जांच एवं विवेचना कार्यवाही में और कई मामलों का खुलासा करते हुए आरोपियों द्वारा क्षेत्र में 1200 लीटर डीजल चोरी की वारदात को अंजाम देने का पता चला है। पुलिस द्वारा उपरोक्त प्रकरण के आरोपीगणों 1. अनुराग खुंटे पिता शिवदयाल खुंटे उम्र 26 वर्ष साकिन खिसोरा थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा 2. संतोष भारद्वाज पिता रामदयाल भारद्वाज उम्र 40 वर्ष ग्राम खैजा भाठापारा थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा को आज दिनांक 29.08.2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर. सुखसागर मरावी, उत्तम चतुर्वेदी, अमोल कंवर, एवं आर.बसंत साहू, पुरन पंकज लवन थाना स्टाफ प्रआर रामकृष्ण पटेल का विशेष योगदान रहा।

## सहायक उपनिरीक्षक ओम सिंह साहू एवं रामाधार साहू उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत



**बलौदाबाजार 30 अगस्त।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार झा ने आज दिनांक 29.08.2023 को सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए सहायक उप निरीक्षक ओम सिंह साहू एवं रामाधार साहू के कंधे पर दो-स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वर्तमान में उप निरीक्षक ओम सिंह साहू एवं रामाधार साहू दोनों थाना गिधौरी में पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दे रहे है। इस दौरान पदोन्नति कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अभिषेक सिंह, रक्षित निरीक्षक धनेन्द्र ध्रुव, स्टेनो मनीष चौबे, उप निरीक्षक (एम) पवन बंदे, सउनि(एम) अश्विनी विशाल एवं पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

## ब्लाकस्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के विजेताओं को पुरस्कृत किया विधायक अमितेश शुक्ल ने



**छुरा 30 अगस्त।** छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल प्रतियोगिता के तृतीय चरण विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन उत्साह पूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।समापन समारोह के मुख्य अतिथि अमितेश शुक्ला प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री राजिम विधायक रहे।अध्यक्षता तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा ने की।विशेष अतिथि के रूप में गौरव मिश्रा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत,यशपेंद्र शाह,नथमल शर्मा,नीलकंठ ठाकुर जनपद सदस्य,दीपक चंद्राकर जनपद सदस्य,थानेश्वर कंवर जनपद सदस्य,हेमलता ध्रुव जनपद सदस्य,अब्दुल समद खान, सलीम मेमन एल्डरमैन,हरीश यादव पार्षद,मंचासीन रहे।सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना की गई पश्चात राज्यगीत के साथ समापन प्रारंभ हुआ।स्वामी आत्मानंद विद्यालय के बालिकाओं द्वारा स्वागतभाव नृत्य प्रस्तुत किया गया।सभी अतिथियों ने कबड्डी व रस्साकसी का फाइनल मैच का आनंद मैदान पर जाकर लिया मुख्य अतिथि आसंदी से उद्बोधन करते अमितेश शुक्ल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़ी ओलंपिक खेल की शुरुआत कर महत्वपूर्ण कदम उठाया है।गांव के खेलों और छत्तीसगढ़िया खेलों को राष्ट्रीय पटल पर ख्याति दिलायी है गांव की प्रतिभाओं को सामने लाने का अद्वितीय प्रयास किया गया है।जिन्होंने इस खेल में शामिल हुए उन्हें भी बधाई देता हूं।कबड्डी मैच के लिए एवं फ्री मैट पांच लाख रुपये एवं प्री.मैट्रिक बालिका छात्रावास के बालिकाओं के सांस्कृतिक परिधान हेतु दस हजार रुपये देने की घोषणा किये।इससे पूर्व जनपद सीईओ अमजद जाफरी ने खेल प्रतिवेदन पढ़ते हुए बताया कि यहां लगभग ढेड़ हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया व विजेता खिलाड़ियों को शासन द्वारा प्रथम को 1000 हजार रुपये द्वितीय को 750 रुपये एवं तृतीय को 500 रुपये बैंक खाता के माध्यम से प्रदाय किया जायेगा।कार्यक्रम का संचालन हीरालाल साहू शिक्षक,यादराम साहू प्रधान पाठक ने किया।तथा आभार व्यक्त तोकेश्वरी मांझी जनपद अध्यक्ष ने किया।सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान कर जिला स्तर में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करने शुभकामनाएं दी गई।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एडीशनल सीईओ आर.के.ध्रुव एडीइओ हेमलाल कंवर,कयाराम यादव,पोखन लाल साहू,पीटर मिजु जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी समाजसेवी शीतल ध्रुव,पुनितराम ठाकुर,रूपनाथ बंजारे,निर्णायक टंकेश्वर मरकाम,पुरानिक नागेश,राजकुमार लहरे,राजू साहू,पंकज साहू,रामप्रसाद साहू,बलीराम टंडन,खिलेश्वर साहू,वसीन कुरैशी,भूपेंद्र ध्रुव,धनंजय ठाकुर, डीमेश्वर ध्रुव,शिक्षकगण सुदामा लोधी,मनोहर पटेल,राजेश्वरी ठाकुर,यमुना ठाकुर,निर्मला ठाकुर,रेणुका देवांगन,जागेश्वर ध्रुव,गिरवर निषाद,राजेश शर्मा,गोवर्धन यादव,पुनारद,रूपेश यादव,भूपेश यादव,सरपंच गण सचिवगण सहित खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी की जनसभा में शामिल होंगे हड़ताली स्वास्थ्य कर्मचारी

**अंवरी 30 अगस्त।** छ.ग. हैल्थ फेडरेशन के द्वारा 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 21 अगस्त 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है, आज आंदोलन के 10 वे दिन पूरे प्रदेश के हजारो स्वास्थ्य कर्मचारी अधिकारी जेल भरो आंदोलन में शामिल हुए और सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी किए। अब तक मांगों के संबंध में किसी प्रकार की निर्णय नही होने के कारण कारण आंदोलन जारी रहेगा और आने वाले दिनो मे और उग्र होगा । ज्ञात हो कि राहूल गांधी का छ.ग. प्रवास पर प्रदेश के हड़ताली स्वास्थ्य कर्मचारीयों ने उनके मिलने का मन बना लिया है एवं मिलकर उनको यह अवगत कराएंगे कि प्रदेश सरकार कि घोषणापत्र मे शामिल स्वास्थ्य कर्मियों कि वेतनवृद्धि कि मांग अभी तक पूरी नहीं होने से चिकित्सक, नर्सिंग सवंर्ग एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक वेतनविसंगति सहित 5 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलनरत है, और यह आंदोलन मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा।



फेडरेशन के पदाधिकारीयों का कहना है कि आने वाले दिनो मे राखी जैसे भाई बहन का त्योहार है उसमे भी रक्षाबंधन पर्व को हड़ताली स्वास्थ्य कर्मचारीयों ने धरना स्थल पर ही मनाने का संकल्प लिया है एवं रक्षाबंधन के दिन प्रदेश कि समस्त नर्सेस बहने मुख्यमंत्री जी को राखी बांधन के लिए हजारों कि संख्या में मुख्यमंत्री निवास कि ओर कूच करेंगे, और राखी बांधकर उनसे वेतनविसंगति दूर करने कि मांग करेंगे।

स्वास्थ्य कर्मचारीयों का कहना है कि जब तक विभाग के अधिकारी द्वारा मांगो के संबंध मे त्वरित कार्यवाही नही किया जा रहा है जिसके कारण आंदोलन हो रहा है एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही है।

## निगम ने अभियान चलाकर डेंगू से बचाव के लिए जनजागरण किया

**रायपुर 30 अगस्त।** नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर, सभापति श्री प्रमोद दुबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्री नागभूषण राव, आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी के आदेशानुसार आज से नगर निगम के सभी 10 जोनो के समस्त 70 वार्डो में मच्छरजनित रोग डेंगू से बचाव हेतु जनजागरण का एक सप्ताह का विशेष अभियान प्रारंभ हो गया। पार्षदों एवं अधिकारियों ने महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं , सफाई मित्रों के साथ घर-घर जाकर नागरिको को डेंगू रोग से बचाव के उपाय बतलाकर घर एवं आस पास पानी का जमाव रोकने प्रेरित किया। विशेष अभियान 7 दिन 4 सितम्बर तक प्रत्येक जोन के 7 वार्डो में उनके सम्पूर्ण क्षेत्र में जनप्रतिनिधि वार्ड पार्षद के नेतृत्व में मच्छर उन्मूलन अभियान चलाकर प्रातः एंटी लार्वा ट्रीटमेंट, कीटनाशक दवा छिड़काव एवं संध्या के समय फॉगिंग अभियान चलाया जायेगा। आज प्रारंभ अभियान के तहत महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने घर -घर जाकर विंडो कूलरों के पानी को तत्काल खाली करवाया। पार्षदों एवं अधिकारियों ने नागरिको को मच्छरदानी का उपयोग करने का आव्हान किया एवं मच्छरजनित रोगो से बचाव के उपाय बतलाये। जोन 3 के शंकरनगर वार्ड क्रमांक 30 के विभिन्न मोहल्लों में वार्ड पार्षद श्रीमती सुमन राम प्रजापति एवं जोन कमिश्नर श्री लोकेश चंद्रवंशी ने महिला स्वसहायता समूहों के साथ पहुंचकर डेंगू के प्रति घर-घर जाकर जनजागरण किया। कूलरों के पानी खाली करवाये एवं पानी का जमाव ना होने देने आव्हान लोगो से किया। जोन 1 के वार्डो में जोन कमिश्नर श्री राजेश गुप्ता , कार्यपालन अभियंता श्री कंवर ने नागरिको को डेंगू के प्रति जनजागरण अभियान चलाकर बचाव के उपाय बतलाये। जोन 4 के अधिकारियों ने हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड में घर-घर जाकर डेंगू के प्रति जनजागरण अभियान चलाकर लोगो को पानी का जमाव न होने देने प्रेरित किया।

# रासेयो स्वयंसेवकों ने कॉलेज में किया पौधारोपण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा 30 अगस्त।** मेरी माटी मेरा देश माटी को नमन ,वीरों का वंदन कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में निजी कचना धुरुवा महाविद्यालय के छात्र -छात्राओं द्वारा किया गया।राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य व प्रेरणा गीतो के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ।कार्य क्रम के मुख्य अतिथि असम रायफलस के जवान अमर सिंह ध्रुव रहे।अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी के साहू,ने की वही रासेयो कार्यक्रम अधिकारी आर आर कुर्रे ,प्राध्यापक टी के निर्मलकर,विनोद यादव,पी के यादव, सांस्कृतिक प्रभारी निर्मला यादव सुश्री आरती साहू, के आर साहू विशेष रूप से विराजमान रहे। महाविद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि का साल, श्रीफल एवं कलम भेट कर सम्मान किया गया ।जहाँ महाविद्यालय के किसान पुत्र छात्र छात्राओ ने ÷जय जवान जय किसान÷ के नारो के साथ असम रायफलस के जवान अमर सिंह ध्रुव का स्वागत सम्मान किया ।पुरा कालेज़ परिषर नारो से गूंज उठा।इस दौरान श्री अमर सिंह ध्रुव ने रासेयो छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का मूल ध्येय राष्ट्र एवं समाज के विकास में होना चाहिए हमारे लिए देश की सुरक्षा सर्वोपरि है।आप सभी शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के विकास मे सहायक बन अपने मात-पिता गाँव व क्षेत्र का नाम रोशन करे। अध्यक्षीय उद्बोधन मे प्राचार्य डॉ साहू जी ने कहा कि आज हम अपने घरों मे चैन की नींद सो रहे हैं,उसका कारण है कि सरहद पर हमारे देश के वीर सपूतों,देश के रक्षक ये जवान दिनरात हमारी पहरेदारी कर रहे है।ऐसे वीर जवानों को नमन है प्राध्यापक टी के निर्मलकर ने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया कि अमृतोत्सव के तहत मनाया जा रहा यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता व एक जुटता को बनाये रखने के साथ ही भारतीय विरासत पर गर्व करना सिखाती है,जिसके बाद सभी उपस्थित लोगों के द्वारा वसुधा वंदन के तहत पौधारोपण किया गया,जिसमें 75 पौधे रोप रोपे गए ।कार्यक्रम अधिकारी आर आर कुर्रे ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण एक आवश्यक कदम है लेकिन इसके साथ ही जंगल एवं पेड़ पौधों को बचाना भी उतना ही जरुरी है ।

# भाजपा-कांग्रेस जनजाति का उपयोग सिर्फ वोट बैंक के रूप में करती हैं:धर्मेंद सोरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला 30 अगस्त।** जिला नागवंशी गोंड समाज के युवा प्रभाग जिला अध्यक्ष धर्मेंद सोरी ने कहा है कि कांग्रेस हो या भाजपा बाहूल्य जनजाति का वोट के नाम उपयोग ही किये हैं, अभी हाल में जिला बने मोहला मानपुर अं चौकी के जिला अध्यक्ष भाजपा ने संजीव शाह को बनाया जबकि उनकी आबादी इस जिले में मात्र 2-3त्न ही है और उससे दो कदम आगे बढ़ते कांग्रेस ने अनिल मानिकपुरी को जिला अध्यक्ष बनाया है जिनकी आबादी बहुत ही कम है जबकी बाहूल्य जनजाति नागवंशी गोंड जाति है जिनकी आबादी 45त्न से ज्यादा है और दोनों ही दलों में कार्यकर्ता हैं वे सिर्फ दरी चटाई ऊठाने बिछाने और डंडा झंडा का ही काम कर रहे हैं।

मोहला-मानपुर-अं चौकी वनांचल और जनजाति बाहूल्य जिला है जहां मोहला-मानपूर पूर्णत÷ है और खुज्जी विधान सभा आंशिक है पहले यह क्षेत्र अं चौकी विधान सभा के नाम से जाना जाता था जो अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित था लेकिन 2008 के परिसीमन के बाद यह मोहला-मानपूर विधान सभा के नाम से जाना गया जो आज भी अनुसूचित जनजाति के लिये ही आरक्षित है। कहीं ना कहीं परिसीमन में बाहूल्य जनजाति के राजनैतिक विकास को भी आधार माना गया होगा तभी आजादी के बाद पहली बार 2008 में कांग्रेस ने बाहूल्य जनजाति नागवंशी गोंड जाति से स्व. शिवराज सिंह ऊसारे को टिकट दिया और भाजपा ने राज गोंड जाति से स्व. दरबार सिंह मंडावी को टिकट दिया और बाहूल्य बिरादरी ने स्व. शिवराज सिंह को जीत दिलाया उसके बाद 2013 में कांग्रेस ने धुर्व गोंड जाति से श्रीमती तेजकुंवर नेताम को टिकट दिया और भाजपा ने राज गोंड जाति भोजेश शाह मंडावी को टिकट दिया और मुकाबला कड़ा रहा और श्रीमती तेजकुंवर नेताम को बहुत ही कम अंतर से जीत मिली। 2018 में कांग्रेस ने राज गोंड जाति से इंद्रशाह मंडावी को टिकट दिया और भाजपा ने हल्बा जाति से सुश्री कंचनमाला भुआर्य को टिकट दिया तथा जोगी कांग्रेस से नागवंशी गोंड जाति से संजीत ठाकुर ने चुनाव लड़ा व लगभग 30000 वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहा आज 2023 के विधान सभा चुनाव में अं चौकी विधान सभा से दो बार के अपराजित विधायक व संसदीय सचिव रहे, राज गोंड जाति से संजीवशाह को टिकट दिया है और अब देखना है कि कांग्रेस का टिकट अब शेष है क्या कांग्रेस बाहूल्य जनजाति नागवंशी गोंड जाति से टिकट देती है या वर्तमान विधायक राज गोंड जाति से इंद्रशाह मंडावी को पुन÷ टिकट देती है या फिर पिछले चुनाव की तरह कोई थर्डफंट दमदार प्रत्यासी बाहूल्य नागवंशी गोंड जाति से ऊतारती है वैसे अब तक कांग्रेस हो या भाजपा बाहूल्य जनजाति नागवंशी गोंड जाति को सिर्फ वोट बैंक के रूप में ही उपयोग किया है। इस बार भी नागवंशी गोंड तय करेगा प्रत्याशियों का भविष्य जिसका खमियाजा राजनितिक पार्टियों को भुगतना होगा।

## नगर पंचायत अध्यक्ष एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनों पुलिस जवानों को ाँधी राखी



**अंवरी 30 अगस्त।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा नगर पंचायत के अध्यक्ष पुष्पलता देवांगन के साथ में रामगोपाल देवांगन को बी.के. बहनों द्वारा रक्षा सूत्र बांधा गया। साथ में स्टाफ के अन्य अधिकारियों को भी रक्षा सूत्र बांधा गया। और तहसील में नायब तहसीलदार ज्योति सिंह जी को , पुलिस विभाग में टी आई सर सरस ताम्रकर जी व सभी स्टाफ एवं विद्युत विभाग में दिवाकर सिंह ध्रुव जी (कनिष्ठ अभियंता) अभिषेक राव शिंदे, तामेश्वरी नेताम, रोशनी देवले व सावित्री कंवर जी को रक्षा सूत्र बांधा गया।

संपादकीय

# निरंतरता से निखरती प्रतिभा

हर देश में खिलाड़ी तो हजारों होते हैं लेकिन उनमें से कोई एक चैंपियन होता है। खेलते सब है,खेलना सबको आता है,जीतना सबको नहीं आता है। जीतने के लिए सिर्फ खेलना काफी नहीं होता है।जीतने के लिए खेलने के अलावा भी बहुत कुछ जरूरी होता है। उसके लिए जरूरी होता है निरंतर जीतने का अभ्यास, निरंतर खुद को फिट रखने का अभ्यास, निरंतर पिछली बार से बेहतर करने का प्रयास। ज्यादातर खिलाड़ी यही नहीं करते हैं। यही वजह है कि एक बार बहुत अच्छा प्रदर्शन करने के बाद वह दूसरी,.तीसरी, चौथी व पांचवीं बार बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं, वह सोचते हैं कि एक गोल्ट जीत लिया बस बहुत हो गया। यही तो सबसे बडी उपलब्धि है। कई खिलाड़ी एक बार के बेहतर प्रदर्शन से ही संतुष्ट हो जाते हैं। वह सोचते हैं, उनका काम पूरा हो गया। अब देश के लिए गोल्ड जीतने का काम दूसरे खिलाड़ियों का है। यही वजह है कि भारत में निरंतर गोलड़ जीतने वाले खिलाड़ी होते ही नहीं हैं। इन दिनों भाला फेंकने वाले खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जो निरंतर हर अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में चैंपियन खिलाड़ी बने हुए हैं। वह विश्व की किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने जाते हैं तो उनका आत्मविश्वास होता है कि वह गोल्ड ही जीतेंगे। किसी किसी खिलाड़ी में निरंतर गोल्ड जीतने का यह विश्वास यूं ही नहीं पैदा हो जाता है। यह विश्वार निरंतर अभ्यास,निरंतर फिट रहने तथा निरंतर पिछली बार से बेहतर करने के अभ्यास से आता है। नीरज चोपड़ा का मालूम है कि कोई भी प्रतियोगिता को जीतने के लिए उन्हें भाला ज्यादा से ज्यादा कितनी दूर फेंक्रना है। वह जानते है कि यदि मैं 88 या 89 मीटर तक भाला फेंक सकता हूं तो मैं हमेशा गोल्ड जीत सकता हूं। वह एक मल्टी नेशनल इवेंट के बाद दूसरे मल्टी नेशनल इवेंट की बीच यही करते हैं कि वह निरंतर 88 से 89 मीटर तक भाला फेंकने का अभ्यास करते रहते हैं। इतनी दूर भाला फेंकने वाला कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं है, इसलिए वह जीत के आत्मविश्वास से भरे रहते हैं। जब खिलाड़ी में जीत का आत्मविश्वास होता है तो वह जीतने का प्रयास नहीं करता है,वह बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करता है। यही वजह है कि उसका मुकाबला करने वाला कोई खिलाड़ी तक नहीं होता है। नीरज चोपड़ा हर खिलाड़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है, वह देश के ऐसे खिलाड़ी हैं जो पिछले सात सालों ने हर मल्टी नेशलन इवेंट में निरंतर गोल्ड मेडल जीतते रहे हैं तथा खिलाड़ियों के संदेश देते रहे हैं कि वह भी ऐसा कर सकते हैं यदि वह भी नीरज चोपड़ा की तरह ज्यादा नहीं तीन काम करें. तो वह नीरज चोपड़ा की तरह देश के स्टार नहीं सुपर स्टार खिलाड़ी बन सकते हैं। नीरज चोपड़ा किसी बड़े शहर के खिलाड़ी नहीं है। वह तो हरियाणा के ऐसे छोटे से गांव के हैं जहां ढंग की खेल की सुविधाएं तक नहीं है। एक समय तो वह इतने मोटा थे कि ठीक से दौड़ नहीं पाते थे। उन्होंने वहां से सुपर स्टार खिलाड़ी तक का सफर तय किया है तो अभ्यास, निरंतर अभ्यास,जीतने की इच्छा, निरंतर बेहतर करने की इच्छा से पहुंचे हैं। वह जानते हैं कि निरंतर बेहतर करने से ही वह चोटी पर रह सकते हैं। वह जानते हैं कि शिखर पर पहुंचना आसान है लेकिन शिखर पर बने रहना बहुत ही मुश्किल होता है। किसी भी खेलल के सुपर स्टार खिलाड़ी को एक बार शिखर पर पहुंचने के बाद वहां बने रहने के लिए निरंतर कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। फिट रहना पड़ता है। हर बार बेहतर का प्रयास करने रहना पडता है। नीरज चोपड़ा ऐसा कर पा रहे हैं इसलिए वह निरंतर शिखर पर है तथा चैंपियन बने हुए हैं।वह 2016 निरंतर चैपियन बने हुए हैं। यह उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि हैं। देश को उन पर गर्व है। देश के लोगं को उन पर गर्व है। चंद्रयान की सफलता के बाद नीरज चोपड़ा का गोल्ड जीतना बड़ी उपलब्धि है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन लगेगा। अपनी आर्थिक स्थिति के हिसाब से खर्चे करें। ऑफिस में कोई नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा, पूरा दिन मौज मस्ती में बीतेगा। फैशन डिजाइनर को किसी कस्टमर से अच्छा लाभ होगा। किसी खास दोस्त से फोन पर देर तक बातचीत चलेगी, अपना व्यवहार लचीला रखें। धैर्य के साथ की गई मेहनत का नतीजा आज आपके फेवर में ही आने वाला है।

वृष राशिःआज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी काम में परिवार के लोगों का साथ मिलेगा, जिससे आपकी उलझन कम होंगी। अगर आप प्रॉपर्टी डीलर है तो आपको अधिक फायदा होगा। काम के प्रति भागदौड़ बनी रहेगी, धैर्य के साथ काम को अच्छे तरीके से करेंगे तो काम में आसानी होगी। आप फिजूल की बातों में पड़ने से बचें, बेहतर होगा की आवश्यकता पड़ने पर ही बात करें, मन शांत रहेगा। महिलाएं आज अपने घरेलू कामों में बिजी रहेगी। बच्चे आज अपने लिए ड्राइंग बुक खरीदने के लिए कहेंगे।

मिथुन राशिःआज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। घर में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। स्कूल टीचर से आपकी मुलाकात होगी। दोस्तों के साथ शाम को कॉफ़ी पीने का प्लान बनाएंगे। रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। ट्रिप का प्लान करें, तो जरूरी सामान रख लें। आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। घर में सुख-सुविधाओं से संबंधित कुछ नया सामान खरीदने मार्केट जाएंगे। आप मित्रों के साथ मिल कर कई मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेंगे इससे आपको बहुत खुशी मिलेगी।

कर्क राशिःआज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। छात्रों को सीनियर्स से कुछ नया सीखने को मिलेगा। किसी काम को लेकर आज भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। दांपत्य रिश्ते में नयापन आएगा कोई नयी योजना की शुरुआत करेंगे। परिवार में किसी की तरक्की से उत्सव का माहौल बनेगा अपने बच्चो को उपहार देंगे। बच्चों में काफी खुशी का माहौल दिखेगा। बुजुर्गों के साथ समय बिताये, उन्हें काफी अच्छा लगेगा। परिवार में आपनी जिम्मेदारियां पूरी कर लेने से मन उत्साह से भरा रहेगा। साथ ही भविष्य की योजनाएं भी शीघ्र ही पूरी हो जाएंगी।

सिंह राशिःआज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। बिसनेसमैन किसी दूसरी कंपनी के साथ पार्टनरशिप कर सकते हैं। आपके मन में कोई बात लेकर उलझने होंगी, दोस्तों से उसे शेयर कर सकते हैं। विद्यार्थी कॉलेज

प्रोजेक्ट बनाने में बिजी रहेंगे। आपको कोई नई जानकारी भी मिल सकती है, आपको कुछ सीखने को मिलेगा। रिश्तों में संतुलन बनाने के लिए आपको आपना व्यवहार दूसरों से अच्छा रखना चाहिए। किसी कठिन या रहस्यपूर्ण मामले की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। दाम्पत्य जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी।

कन्या राशिःआज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपकी नयी जॉब के योग बन रहे हैं। कई दिनों से मन में चल रही कोई उलझन आज जीवनसाथी से शेयर करने से समाप्त हो जाएगी। कोई दोस्त आपसे आर्थिक रूप से मदद मांग सकता है। ऑफिस के काम से बाहर जा सकते हैं, जाते समय जरूरत का सामान ले जाना न भूलें। राजनीतिक कार्यक्रमों में आज आप ज्यादा रुचि लेंगे, आपके अच्छे कामों की आज तारीफ़ होगी। लवमेट्स एक दूसरे की भावनाओं को समझने की कोशिश करें, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी।

तुला राशिःआज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। ऑफिस के दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे। घर के किसी काम को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। हार्डवेयर कारोबारियों का कारोबार अच्छा चलेगा, आज इनकम में बढ़ोतरी होगी। परिवार में चल रही अनबन आज समाप्त होगी। पैरेंट्स बच्चों के मनपसंद की ड्रेस खरीदेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को सफलता मिलेगी।

वृश्चिक राशिःआज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। किसी को दिए रुपए आज आपको वापस मिलेंगे। काम के सिलसिले में दोस्त का घर आना हो सकता है। दांपत्य रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए एक दूसरे को समझें। सरकारी कर्मचारियों को उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। छात्र अपने डाउट टीचर से क्लियर करेंगे। ऑफिस में किसी प्रेजेंटेशन की जिम्मेदारी मिल सकती है। समाज में आपको अपनी कार्यशीलता के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

धनु राशिःआज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी बुजुर्ग की सहायता करने पर आपको अच्छा महसूस होगा। गलत सलाह देने वाले लोगों की संगति से दूर रहें और अच्छाइयों को अपनाएं जिससे आपका जीवन और अधिक सुंदर बनेगा। आपको किसी भी तरह के विवाद से दूर रहना चाहिए। साइंस के अध्यापकों का दिन आज काफी व्यस्त रहेगा। ऑफिस में मन लगाकर काम करें ताकि आपकी कोई बैक बाईटिंग न करने पायें।

मकर राशिःआज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस में तरक्की होने के योग बने हुए है। अपने आस पास की सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे। आपको किसी काम में कम मेहनत से अधिक लाभ मिलेगा। हॉकी खेल रहे खिलाड़ियों को आज अपने कोच के द्वारा प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे वह खेल मैदान में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों को आज किसी बड़े डॉक्टर से सलाह मिलेगी। जीवनसाथी से उपहार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कुंभ राशिःआज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। किसी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक हासिल होंगे। बिजनेस को बढ़ाने के लिए आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। सोशल मीडिया से जुड़े लोगों की पोस्ट पर लाइक्स और कमेंट्स ज्यादा आएंगे जिससे उनके फोल्लेवेर्स बढ़ेंगे। आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक जगह पर दर्शन करने जाएंगे। लवमेट्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

मीन राशिःआज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी को डिनर के लिए किसी रेस्टोरेंट ले जाएंगे, जिससे आपसी ताल-मेल बढ़ेगा। रुके हुए कार्य पूरे होंगे और नए कामों की शुरुआत करने का मन बनाएंगे। बिजनेस में अचानक धन लाभ होने से आर्थिक स्थिति बेहतर बनेगी। पारिवारिक रिश्तों में मेल-जोल बढ़ेगा और आपसी सौहार्द अधिक होगा। आपको अपनी सोच सकारात्मक रखने की आवश्यकता है। कार्यों में -पिता का सहयोग मिलेगा।

# खेल का महानायक बन नीरज ने लिखा स्वर्णिम इतिहास

बड़ी बात

ललित गर्ग



देश को लगातार मिल रही खुशीभरी खबरों एवं कीर्तिमानों के बीच एक और कीर्तिमान नीरज चोपड़ा ने जड़ दिया। चार दशक में पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में किसी भारतीय का देश की झोली में एक दुर्लभ स्वर्ण पदक डालना वाकई नया इतिहास रचने से कम नहीं है। नीरज चोपड़ा का जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतना सूखे में बरसात की बूंदों के समान ही माना जाएगा। इस रोशनी के एक टुकड़े ने देशवासियों को प्रसन्नता का प्रकाश दे दिया है, संदेश दिया है कि देश का एक भी व्यक्ति अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वह शिखर पर पहुंच सकता है। विश्व को बौना बना सकता है। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकता है। इस ऐतिहासिक एवं यादगार उपलब्धि की खबर जब अखबारों में छपी तो सबको लगा कि शब्द उन पृष्ठों से बाहर निकलकर नाच रहे हैं।

नीरज की एक खिलाड़ी होने की यात्रा अनेक संघर्षों, झंझावातों एवं चुनौतियों से होकर गुजरी है। चंद बरस पहले वह बढ़ते वजन से परेशान एक युवा थे। 13 साल की उमर में उनका वजन 80 किलोग्राम हो गया था जिसकी वजह से उनकी उम्र के दूसरे बच्चे उन्हें चिढ़ाते थे। वहां से शुरू करके नीरज ने न सिर्फ अपने शरीर को साधा बल्कि अपने मन को अनुशासित कर इस तरह से केंद्रित किया कि लगातार आगे बढ़ते रहे, कीर्तिमान गढ़ते रहे। लेकिन उनके पांव जमीन पर हैं और तभी वह भाला फेंकते हैं तो दूर तक जाता है और एक स्वर्णित इतिहास रचता है। तभी अब तक कोई भी ऐथलीट देश को जो गौरव नहीं दिला पाया था, वह नीरज ने दिलाया है। लेकिन बात सिर्फ इस एक गोल्ड की नहीं है। उनकी इस उपलब्धि के साथ ऐसी कई बातें जुड़ी हैं जो उन्हें खास बनाती हैं। उनको खास बनाने में जहां उनकी लगन, परिश्रम, निष्ठा एवं खेलभावना रही, वही साल 2018 में एशियाई खेल और फिर कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड, 2020 में तोक्यो ओलिंपिक्स में गोल्ड, 2022 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर, 2022 में ही डायमंड लीग में गोल्ड और 2023 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड लाने का उनका करिश्मा तो बहुत कुछ कहता ही है, सबसे बड़ी बात यह है कि इस दौरान वह अपने प्रदर्शन में लगातार निखार लाते रहे। उन्होंने भारतीय खेलों को भी दुनिया में शीर्ष पर पहुंचाया है। इस उपलब्धिभरी सुहानी फिजां में सबसे अहम सवाल यह है कि दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश खेलों में वह मुकाम हासिल क्यों नहीं कर पाया जिसका वह हकदार है? क्या हमारे यहां खेल का माहौल नहीं है या फिर सुविधाओं के अभाव में खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ पाते। या खेल भी राजनीति के शिकार है? ये सवाल इसलिए उठते हैं क्योंकि विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक पदक



पाने वाले देशों की सूची में भारत बहुत पीछे है। महज पांच करोड़ की आबादी वाला देश केन्या 65 स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं एक करोड़ की आबादी वाला देश क्यूबा विश्व चैंपियनशिप में 22 स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल चुका है। ओलम्पिक खेलों की बात की जाए तो वहां भी भारत का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा है। ओलम्पिक खेलों के 127 साल के इतिहास में हॉकी के अलावा हमें अब तक दो स्वर्ण पदक ही मिले हैं। इनमें एक नीरज चोपड़ा व दूसरा अभिनव बिन्द्रा के नाम ही है। ऐसा नहीं है कि आजादी के बाद देश ने विकास की रफ्तार नहीं पकड़ी हो। हर क्षेत्र में भारत ने प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुआ है। विज्ञान हो या अंतरिक्ष, देश ने दुनिया में अलग पहचान बनाई है। इस समय हम दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गए हैं। छह दिन पहले ही चांद पर तिरंगा लहराया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण विश्व में भारत की बात को महत्त्व दिया जाता है। इन तमाम उपलब्धियों के बीच सवाल यही उठता है कि हम खेलों में पीछे क्यों हैं? क्या इसके लिए खेल संघ जिम्मेदार हैं? खेल संघों पर वर्षो से कब्जा जमाए बैठे राजनेता और नौकरशाह खेल की विकास यात्रा में बाधक तो नहीं बन रहे?

ऐसे समय जब चांद के दक्षिण ध्रूव के पास चंद्रयान उतार कर भारतीय वैज्ञानिक स्पेस एक्सप्लोरेशन के क्षेत्र में अपना झंडा बुलंद कर चुके हैं और शतरंज में प्रग्नानंदा जैसे यंग टैलंट नई उम्मीदें दिखा रहे हैं, नीरज चोपड़ा की यह उपलब्धि न केवल देशवासियों के मनोबल को और ऊंचा करती है बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी निरंतर बेहतर करने का विश्वास और प्रेरणा देती है और आजादी के अमृतकाल को अमृतमय करने का हौंसला देती है। नीरज ने 88.17 मीटर की दूरी पर भाला फेंक कर कीर्तिमान स्थापित किया और साबित कर दिया कि भारत की मिट्टी में जन्मे खेलों को यदि खुद भारतवासी ही इज्जत की नजर से देखें तो यह देश कमाल कर सकता है। यदि सच पूछा जाये तो नीरज चोपड़ा भारतीय मूल के खेलों के 'महानायक' बन चुके हैं। उनसे पहले यह रूतबा कुश्ती के पहलवान गुलाम मुहम्मद बख्श उर्फ 'गामा' को ही प्राप्त हुआ है या ओलम्पिक खेलों में शामिल हाकी के खिलाड़ी मेजर ध्यान चन्द के नाम रहा है। नीरज चोपड़ा का योगदान इसलिए बड़ा एवं महान है कि उन्होंने ग्रामीण एवं देशी खेल को विश्व प्रतिष्ठा प्रदान की है। भले ही आर्थिक एवं चकाचौंध वाली सोच के कारण भारत में क्रिकेट का खेल अधिक लोकप्रिय हो, लेकिन खेल की वास्तविक भावना उसमें कहां रही? उसके मुकाबले भाला फेंक जैसे खेल के प्रति अपना जीवन समर्पित करके नीरज ने भारत की नई पीढीं को नई दिशा एवं नया मुकाम देने का काम किया और सन्देश दिया कि भारतीय यदि चाहे तो ग्रामीण खेल कहे जाने वाली स्पर्धाओं को भी विश्व पटल तक पहुंचा सकते हैं।

नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ी हमारे यहां कम नहीं हैं। खिलाड़ियों को समुचित माहौल, प्रशिक्षण और सुविधाएं मिलें, तो वे पदकों का ढेर लगा सकते हैं, नये कीर्तिमान एवं रिकार्ड बना सकते हैं। रिकार्ड सदैव टूटने के लिए होते हैं और टूटना ही प्रगति का प्रतीक है। नीरज शिखर पर है तो उसको छूने के प्रयास रुके नहीं। ऊंचा उठने के लिए असीम विस्तार है। हमारे खेलों में जब कोई खिलाड़ी अपनी काबिलियत के दम पर शिरकत करता है तो वह न हिन्दू होता है और न मुसलमान बल्कि हिन्दुस्तानी या भारतीय नागरिक होता है। भारत की एकता की ताकत दिखाने के लिए भी हमारे खेल और खिलाड़ी भी एक नमूना हैं। अतः मजहब या धर्म का वजूद हमारे लिए पक्के तौर पर निजी मामला ही है। नीरज चोपड़ा से कुछ पीछे पिछली बार भी पाकिस्तान का खिलाड़ी अरशद नदीम रहा था और इस बार भी यह खिलाड़ी रजत पदक जीतने में सफल रहा। नीरज एवं अरशद की दोस्ती पर कटाक्ष करने वाले खेलों को भी साम्प्रदायिक रंग देने की कुचेष्टा करते हैं।

जब भी कोई नीरज भाला उठाता है तो अनूठी दूरी तय करता है, या कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो दो सौ अस्सी करोड़ हाथ तन जाते हैं, एक सौ चालीस करोडों के मन में एक संकल्प, एक एकाग्रता का भाव जाग उठता है और कई नीरज पैदा होते हैं। अपने देश में हर बल्ला उठाने वाला अपने को गावस्कर-सचिन समझता है, हर बॉल पकड़ने वाला अपने को कपिल समझता है। हॉकी की स्टिक पकड़ने वाला हर खिलाड़ी अपने को ध्यानचंद, हर टेनिस का रेकेट पकड़ने वाला अपने को रामानाथन कृष्णन समझता है। और भी कई नाम हैं, मिल्खा सिंह, पी.टी. उषा, प्रकाश पादुकोन, गीत सेठी, जो माप बन गये हैं खेलों की ऊंचाई के। नीरज भी आज माप बन गया है और जो माप बन जाता है वह मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ स्थिति है। यह अनुकरणीय है। जो भी कोई मूल्य स्थापित करता है, जो भी कोई पात्रता पैदा करता है, जो भी कोई सृजन करता है, जो देश का गौरव बढ़ाता है, जो गीतों में गाया जाता है, उसे सलाम। नीरज के भाले को सलाम! उसके संकल्प को नमन!! उसके विश्वास का अभिनन्दन!!!

# चांद पर पानी की मौजूदगी अंतरिक्ष मिशनों के लिए साबित होगी वरदान

बड़ी उपलब्धि

ललित गर्ग



पानी इस जीव-जगत व वनस्पति जगत की प्रथम और मूलभूत आवश्यकता है। जल के बिना जीवन संभव नहीं है और यही कारण है कि कहा गया है कि जल ही जीवन है। धरती तो धरती आज मनुष्य चांद पर लगातार पानी तलाश रहा है ताकि चांद पर भी भविष्य में पृथ्वी ग्रह की भांति ही जीवन संभव हो सके। हाल फिलहाल, पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि चंद्रयान-3 मिशन से पहले जब भारत ने चंद्रयान-1 भेजा था, उस समय भारत ने यह जानकारी हासिल कर ली थी कि चांद पर पानी हो सकता है। वास्तव में चंद्रयान मिशन -1 के दौरान चंद्रयान ने चांद पर बर्फ होने की बात कही थी, और उसके बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भी इसके आधार पर चांद पर पानी होने की पुष्टि की थी। पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो द्वारा चंद्रयान-1 मिशन को वर्ष 22 अक्टूबर वर्ष 2008 में लांच किया था। वास्तव में,चन्द्रयान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम के अंतर्गत द्वारा चंद्रमा की तरफ कूच करने वाला भारत का पहला अंतरिक्ष यान था। यह एक मानवरहित मिशन था तथा यह 30 अगस्त, 2009 तक सक्रिय रहा था। हाल ही में भारत के भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) के वैज्ञानिकों ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 को उतारकर दुनिया को यह दिखा दिया कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में उसका कोई सानी नहीं है। यह हमारे वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत,लग्न व निष्ठा का परिचायक है जिन्होंने बहुत कम लागत में चांद के दक्षिणी ध्रुव पर अपने यान को उतार कर विज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सच तो यह है कि भारत ने अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान जगत में एक बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इतना ही नहीं, भारत ने दक्षिणी ध्रुव पर जाने को लेकर उत्सुक पूरी दुनिया की अंतरिक्ष एजेंसियों को भी पछाड़ दिया। पाठकों को यह जानना रूचिकर होगा कि चंद्रयान- 3 की कुल लागत लगभग 615 करोड़ रुपये है। इसमें लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल की लागत लगभग 215 करोड़ रुपये है। लॉन्च की लागत 365 करोड़ रुपये होने का अनुमान जताया गया था। जबकि, दुनिया के अन्य चंद्रमिशनों से इसकी तुलना की जाए तो रूसी अंतरिक्ष यान लूना-25 की कीमत लगभग 1,600 करोड़ रुपये है, जो कि भारत के चांद मिशन से कहीं ज्यादा है, बावजूद इसके रूस का मिशन फेल भी हो गया। वर्तमान में भारत दुनिया का पहला देश बन गया है, जिसने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर लैंडिंग की है। यह भी उल्लेखनीय है कि चांद पर उतरने वाला भारत विश्व का चौथा देश है। जानकारी देना चाहूंगा कि इस सूची में अमरीका, चीन और सोवियत संघ शामिल हैं। अब भारत भी इसमें शामिल हो चुका है। अब यहां प्रश्न यह उठता है कि वैज्ञानिकों की चांद के दक्षिणी ध्रुव में ही इतनी रूचि क्यों है जबकि वहां पहुंचना किसी हरक्यूलियन टास्क से कम नहीं है ? तो इस संबंध में पाठकों को बताना चाहूंगा कि वैज्ञानिक यह बात जानते हैं कि इस क्षेत्र में(चांद के दक्षिणी ध्रुव पर) बर्फ के रूप में पानी की मौजूदगी है।बीबीसी की एक रिपोर्ट कहती है कि 14 वर्षो से चंद्रमा का परिक्रमा कर रहे नासा के अंतरिक्ष यान लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर की ओर से इकट्ठा किए गए डेटा से पता चलता है कि स्थायी रूप से छाया वाले कुछ बड़े गड्ढों में वॉटर आइस (पानी की बर्फ) मौजूद है, जो संभावित रूप से जीवन को बनाए रख सकती है। यह भी एक तथ्य है कि वैक्यूम के कारण चांद पर पानी ठोस या वाष्प के रूप में मौजूद




है।वैज्ञानिकों का यह मानना है कि सूर्य की रेडिएशन से अछूता जमा हुआ पानी लाखों वर्षों से ठंडे ध्रवीय क्षेत्रों में जमा हो गया होगा, जिससे सतह पर या उसके पास बर्फ जमा हो गई होगी। वैसे, यह भी एक तथ्य है कि वायुमंडल बनाने के लिए चंद्रमा के पास पर्याप्त गुरुत्वाकर्षण नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी यूनिवर्सिटी ऑफ नोट्रे डेम में ग्रहीय भूविज्ञान के प्रोफेसर क्लाइव नील कहते हैं कि अभी यह सिद्ध होना बाकी है कि पानी की बर्फ पहुंच में है या खनन करके उस तक पहुंचा जा सकता है, दूसरे शब्दों में क्या वहां पानी के ऐसे भंडार हैं, जिन्हें आर्थिक रूप से निकाला जा सकता है? बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि पानी जीवन के लिए आवश्यक तत्व है?। पानी के अन्य उपयोग भी हैं। उदाहरण के लिए, यह यान के विभिन्न उपकरणों के लिए एक शीतलक के रूप में कार्य कर सकता है और यहां तक ??कि रॉकेट ईंधन भी प्रदान कर सकता है। दरअसल,पानी के अणुओं को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन परमाणुओं में तोड़ा जा सकता है और दोनों का इस्तेमाल रॉकेट दागने के लिए प्रणोदक के रूप में किया जा सकता है। चांद पर उपलब्ध पानी(बर्फ की सिल्लियों के रूप में)मंगल ग्रह पर जाने वाले यानों के काम आ सकता है, क्यों कि चांद को भविष्य में एक अंतरिक्ष अड्डे के रूप में विकसित किया जा सकता है।वैज्ञानिक यह भी मानते हैं कि चंद्रमा पर इतने गहरे गड्ढे भी हैं, जहां अरबों वर्षों से सूरज की रोशनी नहीं पहुंची है और इन क्षेत्रों में तापमान आश्चर्यजनक रूप से माइनस 248 डिग्री सेल्सियस (-414 फारेनहाइट) तक गिर जाता है। यहां चंद्रमा की सतह को गर्म करने वाला कोई वातावरण नहीं है। चंद्रमा की इस पूरी तरह अज्ञात दुनिया में किसी भी इंसान ने कदम नहीं रखा है और नासा के मुताबिक, चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव रहस्य, विज्ञान और उत्सुकता से भरा है। हाल फिलहाल चांद पर पानी की मौजूदगी के बारे में विश्व के विकसित देश बहुत ही ज्यादा उत्सुक हैं। आज यूरोप, रूस और अमरीका और चीन की अंतरिक्ष एजेंसियां चांद पर पहुंचना चाहती हैं क्योंकि चांद पर पृथ्वी की भांति एक कॉलोनी बनाने की संभावना दिखती है और आने वाले समय में मंगल पर जाने के लिए भी चांद एक अहम स्थान या स्टेशन के रूप में विकसित हो सकता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1960 के दशक में चांद पर अमरीकी यान अपोलो के उतरने से पहले ही वैज्ञानिकों ने संभावना जाहिर कर दी थी कि चांद पर पानी हो सकता है, लेकिन 1960-70 के दशक में अपोलो अभियान के जरिए चांद से मिट्टी के जो नमूने लाए गए थे, वे सब सूखे थे और उनमें पानी नहीं था। इसके बाद, वर्ष 2008 में ब्राउन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने उन नमूनों का आधुनिक तकनीक से दुबारा गहन विश्लेषण और अध्ययन किया तो यह पाया गया कि उसमें हाइड्रोजन की मौजूदगी थी। वास्तव में यह हाइड्रोजन ज्वालामुखी की राख में चमकदार शीशों के भीतर मिली थी। इसके बाद भारत ने वर्ष 2008-09 में चांद पर पानी की मौजूदगी बताई। वर्ष 2009 में नासा ने भी एक अन्य अभियान चांद पर भेजा जो चांद के दक्षिणी ध्रुव पर नहीं उतरा, लेकिन उसने ऊपर से तस्वीरें ले लीं और उस अभियान ने चांद की सतह के नीचे बर्फ का पता लगाया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इससे पहले वर्ष 1998 में नासा का लुनार प्रॉस्पेक्टर भी चांद का चक्कर लगाते हुए दक्षिणी ध्रुव पर छाया में छिपे गड्डों में बर्फ की जानकारी जुटा चुका था। हाल फिलहाल चंद्रयान-3 चांद की सतह पर उतर सफलतापूर्वक लैंड कर गया है, अब उम्मीद जताई जा सकती है कि चंद्रयान पानी के बारे में और भी सबूत खोज सकता है। यदि भारत इस बार फिर चांद पर पानी को लेकर कोई खुलासा करता है तो दुनिया भारत की इस रिसर्च का निश्चित रूप से अनुशरण करेगा, क्यों कि चांद को अब एक कालोनी के रूप में विकसित करने की ओर संपूर्ण विश्व की नजरें हैं।चीन के वैज्ञानिकों का भी यह दावा है कि सतह पर बिखरे कांच के मोतियों के भीतर पानी कैद है जो भविष्य में चंद्रमा पर इंसानी गतिविधियों में काम आ सकता है। भविष्य के मून मिशनों व अन्य उपग्रहों के मिशन के लिए भी पानी बेहद अहम् व महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

# देश की सीमा और बहनों की रक्षा के वचन का महापर्व रक्षाबंधन

संजीव ठाकुर

बहनें अपनी भाइयों की कलाई में ओम येन बद्धो बलि राजा दानवेंद्रो महाबलः,तेन त्वामभी बंध्यनामी रक्षे मा चल मा चल÷ का पवित्र पाठ करते हुए रक्षा सूत्र भाइयों की कलाई पर भाई के दीर्घजीवी होने की शुभकामनाओं के साथ बांधती हैं।भारत न सिर्फ विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है बल्कि भारत विविध संस्कृतियो संस्कारों और संप्रदायों के विभिन्न त्योहारों का देश भी है इसीलिए यह कहा जाता है की अनेकता में एकता भारत की पूंजी है। भारत एक त्योहार का देश है जहां विभिन्न संस्कृतियां, धर्म संप्रदाय एक साथ फल फूल रहे हैं और रक्षाबंधन त्यौहार भी भाई बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है। रक्षाबंधन ऐसा एक त्यौहार है जो धर्म संप्रदाय संस्कृतियों की सभी दीवारों को तोड़कर सभी त्योहारों के बीच एक अनूठा स्थान रखता है। रक्षाबंधन अपने प्रेमभाव तथा सांस्कृतिक मूल्यों के कारण देशभर में बड़े उत्साह से मनाया जाता है और हर वर्ष शुभ मुहूर्त में बहन अपने भाई की कलाई में रखी बांधकर अपनी तथा देश की सीमाओं की सुरक्षा का आश्वासन चाहती है और अपने भाई की दीर्घायु होने की कामना करते हुए बहने इस पवित्र त्योहार को मनाती हैं। इस श्रावण पूर्णिमा 2023 की शुरुआत 30 अगस्त की सुबह 11.27 से होकर 31 अगस्त को सुबह 7.35 तक रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जा सकता है। वैसे भी रक्षाबंधन त्यौहार भाई-बहन के बीच प्यार बंधन को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है यह एक ऐसा त्यौहार है जो पूर्णिमा के दिन ही मनाया जाता है हिंदू कैलेंडर के अनुसार श्रावण मास में पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है रक्षाबंधन का त्यौहार देश के भाइयों और बहनों के बीच प्यार को बढ़ता है नियंत्रित करता है। भाई और बहन के बीच संबंध वास्तविकता में और साधारण और विलक्षण होते हैं इन्हें शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता भाई बहन का रिश्ता अतिविश्वसनीय है रक्षाबंधन एक प्रशंसनीय, सुंदर बंधन है। जिसे पूरी दुनिया में भारतवासी बड़ी सादगी सदा धूमधाम से बनाते हैं। हिंदू समाज में ऐसी अनेक प्रथाएं हैं जो सदियों से चली आ रही है उन्हें समाज आज भी मानता और यही परंपराएं हमारी संस्कृति की धरोहर भी हैं। इन प्रथाओं में कुछ-कुछ कुप्रथाएं भी शामिल थी जैसे बाल विवाह ,नरबलि, सती प्रथा जिसे समाज ने नकार कर अलग कर दिया। इसलिए रक्षाबंधन का त्यौहार एक ऐसी प्रथा है जो हम सबको परस्पर जोड़ती है इसीलिए आज भी पूर्ण हर्ष के साथ मनाते हैं स्पष्ट है कि रक्षाबंधन का यह पावन पर्व हमें रिश्तो का मन करना सिखाता है ताकि हम कमजोर वर्ग तथा देश की सीमा बाहरी आक्रमण कारियों से बचाकर रखें।

रक्षाबंधन के इतिहास में यदि एक दृष्टि डालें तो अनेक पौराणिक कथाएं भी इसकी साक्षी रही है। कई इतिहासकार इसे कृष्ण की पौराणिक कहानी के साथ इस त्यौहार के संबंध का वर्णन करते हैं कहा जाता है कि जब भगवान कृष्ण जब पतंग उड़ाते समय धागे से उनकी कलाई भूल से कट गई थी तब द्रौपदी ने इसे देखकर साड़ी के पल्लू को चीर कर उनके रक्त से बहते हुए घाव पर बांध दी थी उनके इस इशारे को समझ कर श्री कृष्ण ने उनकी रक्षा का वचन दिया और श्री कृष्ण ने द्रोपदी की इस रक्षा के वचन को निभाया भी था। इतिहासकार इसे इतिहास से भी जोड़ते हैं मेवाड़ की रानी कर्णावती पर जब 1535 में बहादुर शाह जफर ने आक्रमण कर दिया था तब मेवाड़ की रानी कर्णावती ने अपनी राज्य की रक्षा के लिए मुगल बादशाह हुमायूं को राखी बेचकर भाई बनाकर मेवाड़ की रक्षा हेतु वचन मांगा था। मेवाड़ की रानी कर्णावती क्योंकि खुद एक बड़ी वीरांगना थी तथा बहादुर शाह का मुकाबला करने के लिए वह खुद मैदान में आ गई थी हुमायूं ने रक्षाबंधन की गरिमा को रखते हुए अपनी सेना मेवाड़ की रानी की मदद के लिए भी भेजी थी। रक्षाबंधन के संदर्भ में अनेक प्रसंग इतिहास तथा वर्तमान में प्रचलित है और वास्तव में रक्षाबंधन भाइयों तथा बहनों के बीच रक्षा तथा स्नेह के बंधन के बीच बड़ी ही पवित्रता से मनाया जाता है । रक्षाबंधन की रक्षा के लिए भाई अपनी जान की परवाह न करते हुए बहनों की रक्षा के लिए एवं देश की सीमा तथा निशक्तजनों की रक्षा के लिए कटिबंध रहते हैं। भारत भूमि में ऐसे अनेक त्यौहार भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म की रक्षा हेतु मनाए जाते रहे हैं और मनाए जाते रहेंगे भारत की पवित्र भूमि को नमन प्रणाम।

## एक नजर

### गोबर खरीदी कार्य का प्रतिदिन करें पोर्टल में एण्ट्री:कलेक्टर



**सुकमा, 30 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के गौठानों, आवर्ती चराई केन्द्रों में नियमित रूप से गोबर खरीदी जारी रखने के निर्देश कलेक्टर श्री हरिस एस. ने समय सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने खरीदे गए सभी गोबरों की जानकारी पोर्टल में नियमित अद्यतन करने कहा। साथ ही रीपा उत्पादित सामानों को विक्रय कर स्व सहायता समूह की महिलाओं को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शिविरों के माध्यम से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक में आगामी विधानसभा 2023 निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा में उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों को गंभीरता से अपने जिम्मेदारियों का पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्र में रैंप, पेयजल, शौचालय सहित आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्थ करने कहा। इसके अलावा निर्वाचन के लिए सुरक्षा बलों के रहने के लिए स्थल चिन्हांकित कर, वहां मूलभुत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण को तय समय सीमा में पूर्ण करने कहा। उन्होंने शिविरों के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के साथ ही अन्य योजनाओं के हितग्रहियों का ई-केवाईसी का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल, आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिन और आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण व मरम्मत कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने कहा।बैठक में पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न भंडारण, जाति-निवासी प्रमाण पत्र पंजीयन, विवादित, अविवादित नामांतरण, सीमांकन, सुपोषण केंद्र, हाट बाजार क्लिनिक, सी मार्ट, एनएच 30, सहित विभागों में संचालित कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री डीएन कश्यप, संयुक्त कलेक्टर श्री डीआर ठाकुर,एसडीएम छिंदगढ़ श्री विजय प्रताप केश, एसडीएम सुकमा सुश्री प्रीति दुर्गम, एसडीएम कोंटा श्री श्रीकांत कोराम, डिप्टी कलेक्टर श्री दुलीचंद बंजारे,डिप्टी कलेक्टर श्री प्रवेश पैकरा,डिप्टी कलेक्टर श्री अजय मोडियम सहित अन्य अधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### इको फ्रेंडली राखियों से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



**कांकेर 30 अगस्त।** नए मतदाताओं का जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है या जिनका इपिक कार्ड नहीं बना है, ऐसे मतदाताओं को जिले के बीएलओ ने रक्षाबंधन के अवसर पर आज धान, बीज, फूल, मिलेट इत्यादि से बने स्वीप संदेश युक्त इको फ्रेंडली राखियां बांध कर रक्षाबंधन का पर्व मनाया और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अनुरोध किया। स्वीप इको फ्रेंडली राखी बांध कर बीएलओ ने समस्त मतदाताओं से अपील किया कि मतदाता सूची में अपना नाम जरूर जुड़वाए तथा मतदान जरूर करें, इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा।

### लखनपुरी में हुई बैठक में पशु नियंत्रण में आने वाली कठिनाई हपर चर्चा की

**कांकेर 30 अगस्त ।** राज्य शासन एवं कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गो पर धुमन्तु पशुओं के विचरण के नियंत्रण हेतु पशुधन विकास विभाग कांकेर द्वारा पशुपालक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पशुपालक जागरूकता अभियान के तहत् पशुधन विकास विभाग द्वारा चारामा विकासखण्ड के ग्राम लखनपुरी में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सड़कों पर घुमन्तु पशुओं के नियंत्रण हेतु ग्राम स्तर पर पशु नियंत्रण में आने वाली कठिनाई एवं समाधान पर चर्चा की गई एवं नियंत्रण के लिए पशुधन विभाग के उप संचालक, डॉ. सत्यम मित्रा द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव दिये गये तथा सड़क पर घुमंतु पशुओं को अस्थाई रुप से रखने हेतु ग्राम गौठान लखनपुरी का चयन किया गया।

टेंडर में दिए गए कार्य किए बिना जैनम कंस्ट्रक्शन को किया गया पूरा भुगतान,भ्रष्टचार के खिलाफ भाजपा ने खोला मोर्चा

# स्मार्ट आंगनबाड़ी निर्माण के नाम पर करोड़ों का घोटाला



**नारायणपुर,30 अगस्त।** नारायणपुर जिले के रावघाट लौह अयस्क परियोजना के प्रभावित गांवों में सीएसआर और इको डेवलपमेंट के तहत आंगनबाड़ी को स्मार्ट आंगनबाड़ी बनाने की योजना बनाई गई ताकि सर्व सुविधा युक्त आंगनबाड़ी के निर्माण होने से छोटे बच्चो की जीवन शैली में सुधार , खेलकूद के माध्यम से बच्चो में विकास , टीवी के माध्यम से पढ़ाई के साथ उत्तम पोषण आहार मिलना था । लेकिन बच्चो के हक पर निर्माण करने वाले ठेकेदार ने डाका डाल गुणवत्तविहीन कार्य कर करोड़ों का भ्रष्टचार कर डाला । जिसको लेकर अब भाजपा ने मोर्चा खोलकर निर्माण में हुए भ्रष्टचार के खिलाफ कार्यवाई करने की मांग की है मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है । वही जनपद सीईओ ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की शिकायत पर संबंधित फर्म को नोटिस जारी किया गया अगर वो समय सीमा पर कार्य पूर्ण नहीं करता है है उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी । नारायणपुर जिले में रावघाट लौह अयस्क परियोजना की शुरुवात करने से पहले प्रभावित गांवों में शिक्षा , स्वास्थ, सड़क और पानी की व्यवस्था किए जाने के सपने ग्रामीणों को दिखाए गए और सीएसआर मद से प्रभावित 12 खोडगांव , परलभाट, भरंडा, खाड़कागांव, सूपगांव, केरलापाल , कनेरा , गुरिया , बिजली , अंजरेल , खैराभाट टेमरूगांव सहित देवगांव , नेलवाड़ , कुढ़ारगांव , बेनूर , भाटपाल , छोटेडोंगर , धनोरा , बड़गांव , हलामीमुंजमेटा ,कोंगेरा 22 गांवों के आंगनबाड़ी को 15- 15 लाख रुपए कुल 3 करोड़ 30 लाख की लागत से स्मार्ट आंगनबाड़ी बनाकर छोटे छोटे बच्चो को आधुनिक सुविधा, पुराने भवन को वेल अप टू डेट भवन , आंगनबाड़ी में बच्चो के लिए खेलकूद के समान , मनोरंजन के लिए टीवी लगाया जाने की योजना बनाई गई और उक्त कार्य नारायणपुर जनपद पंचायत को सौप दिया गया । जनपद पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत को कार्य ना देकर टेंडर लगाकर जैनम कंस्ट्रक्शन को कार्य दिया गया । ठेकेदार ने भ्रष्टचार का ऐसा खेला खेला की स्मार्ट आंगनबाड़ी की योजना धरी की धरी रह गई । आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का कहना है कि आंगनबाड़ी में कोई ठेकेदार आया बोला आंगनबाड़ी का मरम्मत कर अच्छी व्यवस्था की जाएगी लेकिन रंगाई और टाइल्स का ही कार्य किया गया है जो कि गुणवत्ताविहीन है टाइल्स जगह जगह से निकल गए है जिससे बच्चो को चोट लगती है भवन हमारा जर्जर हो गया था जिसकी सिर्फ पुताई की गई है । पानी, बाउंड्रीवाल, किचन शेड की हालत दयनीय है हद तो तब हो गई जब ठेकेदार आंगनबाड़ी के शौचालय का दरवाजा और किचन शेड का टीन ले गया । जिसकी जानकारी अधिकारियों को दे दी गई है। जनपद पंचायत नारायणपुर द्वारा स्मार्ट आंगनबाड़ी निर्माण के लिए टेंडर लगाया गया और टेंडर जैनम कंट्रकशन को दिया गया । माडल आंगनबाड़ी में कुल 11 काम होने थे जिसमे किचन शेड , टाइल्स , पेंटिंग व कलर , वाटर सफलाई , विद्युतीकरण , आरो, स्लाइडर खिड़की व गेट, फिसल पट्टी झुला, वाटर प्रूफफिंग, टीवी सहित खिलौना के समान शामिल है । लेकिन ठेकेदार ने गुणवत्तविहीन पेंटिंग और टाइल्स का ही मात्र कार्य किया और जनपद पंचायत नारायणपुर द्वारा ठेकेदार को 3 करोड़ की राशि का भुगतान कमीशन खोरी के चक्कर में कर खुला भ्रष्टाचार किया । जिसको लेकर भाजपा के मंडल महामंत्री जैकी कश्यप ने कहा कि छोटे बच्चो के हक पर डाका डालते हुए करोड़ों का भ्रष्टाचार किया गया है इस मामले को पहले भी उठाया गया लेकिन जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई । वही जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने भी मीडिया की खबरों पर कार्यवाही नही होने की बात कही जो दर्शाता है कि ये सरकार सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली सरकार है । अगर जिला प्रशासन एक सप्ताह में कोई कार्यवाही नहीं करती है तो भाजपा भ्रष्टाचार के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी । वही जनपद पंचायत नारायणपुर के सीईओ एच.एस. ऊईके ने कहा कि स्मार्ट आंगनबाड़ी का निर्माण के लिए जैनम कंस्ट्रक्शन को कार्य दिया गया था जिसके खिलाफ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने शिकायत की कार्य नही किया गया है जिस पर संबंधित फर्म को नोटिस जारी कर 30 अगस्त तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिया गया है अगर समय सीमा पर कार्य पूर्ण नही करता है तो नियम व शर्तो के अनुसार संबंधित फर्म के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी ।

## कांग्रेस सरकार ने गरीबों का आवास छीनने का काम किया:नारायण दास

**सुकमा, 30 अगस्त।** भाजपा कार्यलय सुकमा में भारतीय जनता पार्टी के झारखंड देवघर के विधायक नारायण दास ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में संबोधित करते हुए कहा ङ्क भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के माता बहनों को धुंआ से मुक्त करने के लिए गैस सिलेंडर दिया, माता बहनों के लिए सौचालय दिया, गरीबो को प्रधानमंत्री आवास देने का काम किया, कांग्रेस के भुपेश बघेल कवासी लखमा के सरकार गरीबो का आवास छीनने का काम किया कांग्रेस सरकार कभी नही चाहता है गरीबो का घर बने अपना तो करोड़ो रुपये का घोटाला किया शराब घोटाला हो या चावल घोटाला, गौठान घोटाला, गोबर घोटाला, छतीसगढ़ में लूट हत्या दुष्कर्म चरम पर है अब नही सहेगा छतीसगढ़ 15 वर्ष रमन सिंह के सरकार में विकास हुआ है सुकमा को जिला बनाने का काम हो, गरीब बच्चों के पढ़ने के लिए एजुकेशन सिटी हो, 1 रुपये किलो चावल देने का काम हो डॉ रमन सिंह भाजपा के सरकार ने कांग्रेस के सरकार साढ़े चार साल में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नही किया सुकमा कोंटा के जनता समझ चुकी है प्रेस कॉन्फ्रेस में ये कहा तेंदुपत्ता हितग्राहीयों का तेंदूपत्ता का पैसा नहीं दिया गया कोंटा क्षेत्र के लोगों को प्रधानमंत्रीजी की महत्वाकांक्षी योजना नल जल मिशन के तहत अंदरूनी क्षेत्रों में भारी भ्रष्टाचार किया गया ऐर्राबोर रेप पीड़िता को मुआवजा क्यों नहीं दिया गया जबकि यूपी में 50 लाख की मुआवजा मिलता है जबकी ऐर्राबोर का घटना शाशन प्रशासन की नाकामी के कारण गठित हुई पोलावारम के पीड़ितों के लिए कोई योजना तैयार नहीं की गई। ना ही सर्वेक्षण कराया गया पोलावारम पीड़ितों का भविष्य अंधकार में है कोंटा के ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास से वंचित रखा गया।

दोरनापाल नगर पंचायत में नल जल योजना के तहत पाइपलाइन कार्य को 1 वर्षों से रोक दिया गया।प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना है. क्या इसीलिए रोका गया।ग्राम पंचायत में हर योजना में किया जा रहा है भ्रष्टाचार प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर योजना भी चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट।

#### आबकारी मंत्री के क्षेत्र में शराब माफिया हो गए हैं सक्रिय

नगरी निकायों में निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप है निर्माण कार्य में हो रहा भ्रष्टाचार। पैसों की कमी का हवाला देकर विकास कार्य को रोका जा रहा। बस्तियों में सड़क नाली जैसे मूलभूत सुविधाओं का अभाव हैंग्रामीण क्षेत्र में किसानों को खाद एवं उर्वरक भी नहीं दिया जा रहा है कोंटा विधानसभा में गोबर खरीदी में भी किया जा रहा भ्रष्टाचार।आबकारी मंत्री केवल केंद्र सरकार की योजनाओं का ही श्रेह ले रहे हैं। राज्य सरकार की योजना पूरी तरह से फेल हैं स्थानी विधायक कवासी लखमा अपने कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण एवं नगरी क्षेत्र में साड़ी एवं लुंगी बाट कर चुनाव प्रभावित कर रहे हैं। चुनाव आयोग संज्ञान में ले।कई अधिकारी नियम के विरुद्ध कार्यालय में पदस्त हैं। जो चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। संज्ञान ले मीडिया में भी इस तरह की बातें लगातार चल रही है। वही धनीराम वारसे अब अंधेरा हटेगा कमल खिलेगा । बीजेपी सुकमा जिला अध्यक्ष धनीरामबर वारसे ने झारखंड देवघर विधायक नारायण दास को साल और तस्वीरें देकर सम्मानित किया मौजूद रहे सदस्य हूँगाराम मरकाम, आदिवासी नेता सोयम मुक्का, जिला उपाध्यक्ष रामदेव नाग, जिला मंत्री दिलीप पेद्दी, पूर्व जिला महामंत्री महेन्द सिंह भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रमेश यादव, मंडल अध्यक्ष अमर पोयाम, मंडल महामंत्री राजेश पुजारी, मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सोडी, जिला महामंत्री राजकुमार कश्यप, उपस्थित रहे ।

## राजनीतिक दलों की बैठक लेकर कलेक्टर ने चुनाव संबंधी जानकारी दी



**कांकेर 30 अगस्त ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अब तक लगभग 60 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 26 हजार 944 आवेदन, नाम विलोपित करवाने हेतु 18 हजार 959 आवेदन और संशोधन के लिए 14 हजार 92 आवेदन प्राप्त हुए हैं। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा रहा है तथा मृत अथवा स्थाई रूप से पलायन करने वाले व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से विलोपित की जा रही है। इसके अलावा संशोधन के कार्य भी किये जा रहे है।

इस संबंध में संबंधित क्षेत्र के एसडीएम जो कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी होते हैं, के द्वारा प्राप्त आवेदनों की सूची राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। कलेक्टर ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले सभी व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने, मृत अथवा स्थाई रूप से पलायन करने वाले व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से विलोपित करवाने तथा त्रुटि होने पर उसे संशोधित करने के लिए मतदाताओं को प्रोत्साहित करें। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावा आपत्ति प्राप्त करने की तिथि 31 अगस्त 2023 से बढ़ाकर 11 सितम्बर 2023 कर दिया गया है। उक्त अवधि तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करवाने एवं संशोधन से संबंधित आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार 02 एवं 03 सितम्बर को भी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर लगाया जायेगा। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सुनील गोस्वामी, भारतीय जनता पार्टी से राजा देवनानी एवं राकेश शर्मा, बहुजन समाज पार्टी से अमोल बेदरकर, आम आदमी पार्टी से रविन्द्र शोरी तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मारबल सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 81-कांकेर में भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली गई, जिसमें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा कांकेर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की जानकारी दिया गया और सूची भी उपलब्ध कराई गई।

### बच्चों को विटामिन ए तथा आयरन फोलिक एसिड की खुराक देने की अपील कलेक्टर ने की

**कांकेर 30 अगस्त ।** जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 29 अगस्त से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले शिशु संरक्षण माह के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में आज स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस अभियान के दौरान जिले के 06 माह से 05 वर्ष तक आयु समूह के सभी बच्चों को आयरन फॉलिक एसिड सिरप सप्ताह में दो बार तथा 09 माह से 05 वर्ष आयु समूह के सभी बच्चों को विटामिन ए सिरप की खुराक प्रत्येक छः माह में एक बार पिलाने में सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शिशु संरक्षण माह के अंतर्गत शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु 09 माह से 05 वर्ष तक आयु के सभी बच्चों को विटामिन ए तथा 06 माह से 05 वर्ष तक आयु के सभी बच्चों को आयरन फोलिक एसिड की खुराक देने में सहयोग प्रदान करें।

### कांकेर जिले के 5,476 हितग्राही हुए लाभान्वित,जिले के 1162 युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया

## बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री ने किया राशि का अंतरण

**कांकेर 30 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेष बघेल ने आज बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को पांचवी किष्त की राषि का अंतरण किया। राज्य के 01 लाख 29 हजार 886 हितग्राहियों के खाते में 34 करोड़ 55 लाख 65 हजार रूपये की राषि जारी किया गया। इस योजना के तहत राज्य में अब तक 146 करोड़ 98 लाख 95 हजार रूपये की राषि जारी किया जा चुका है। इस योजना से कांकेर जिले के 5,476 हितग्राही भी लाभान्वित हुए हैं, उनके खाते में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से 2500-2500 रूपये की राषि अंतरित की गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भूपेष बघेल द्वारा आईटीआई के प्रषिक्षण अधिकारियों को नियुक्त पत्र भी प्रदान किया गया, इससे कांकेर जिले के 03 युवा भी लाभान्वित हुए है। कांकेर तहसील के ग्राम दसपुर निवासी तरूण कुमार साहू, तहसील नरहरपुर के ग्राम आंखीहर्रा निवासी परिवर्तन और तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम गढ़बांसला निवासी किषोर कुमार राणा को भी आईटीआई में प्रषिक्षण अधिकारी की नौकरी मिली है, उन्हें कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा शासकीय नौकरी का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कांकेर तहसील के ग्राम बुदेली निवासी गितेष कुमार मण्डावी को बाम्बे इंटेलीजेन्स सिक्यूरिटी रायपुर में सुरक्षा गार्ड की नौकरी के लिए नियुक्त पत्र प्रदान किया गया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका



शुक्ला ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले जिले के युवाओ को कौषल उन्नय का प्रषिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है, साथ ही रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगार मेला आयोजित की जा रही है। जिले में अब तक 1162 युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा चुका है।

बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को राशन का अंतरण के लिए कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में आज वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर, लाइवलीहुड कॉलेज गोविंदपुर के प्राचार्य सुनील नेताम, महिला आईटीआई कांकेर के प्राचार्य सुरेश कुमार ध्रुव सहित बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले युवा भी मौजूद थे।

#### बेरोजगारी भत्ता योजना की राशि जारी होने पर युवाओं ने दिया मुख्यमंत्री को धन्यवाद

बेरोजगारी भत्ता योजना से लाभान्वित होने पर कांकेर के शीतला पारा निवासी रानी विश्वकर्मा ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हे अपने भविष्य के निर्माण में सहुलियत होगी, पहली बार उन्हें बेरोजगारी भत्ता की राशि जारी की गई है। बीए तक पढाई के बाद टैली का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहती है। ग्राम आतुरगांव निवासी फरसराम चतुर्वेदी तथा ग्राम पटौद निवासी अर्चना को भी बेरोजगारी भत्ता योजना के प्रथम किस्त की राशि जारी की गई, जिस पर उन्होंने खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि इससे उन्हे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकें खरीदने में मदद मिलेगी।

## समाचार संक्षेप

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का आम सभा छिन्दगढ ब्लाक के ग्राम बारसेरास में हुई



**सुकमा, 30 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का ग्राम बारसेरास मे आम सभा किया गया जिसमे छिन्दगढ़ ब्लाक के पार्टी कार्यकर्ता व आम जनता बडी संख्या मे उपस्थित रहे। सभा मे गांव के पुजारी अध्यक्षता कर रहे बारसे आयता, पटेल बारसे बुधरा , कुरहामी गुड्डी, हुर्रा मरकाम, भारतीय कम्युनिस्ट के पूर्व विधायक व राज्य सचिव मनीष कुंजाम, जिला सचिव रामा सोडी , ब्लाक सचिव गंगा राम नाग, हान्दा कवासी , जनपद सदस्य जी आर नेगी, कुसुम नाग, महेश कुजाम,हड़मा मरकाम, सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओ ने वर्तमान काग्रेस सरकार व पूर्व की सरकार भाजपा को गभीर प्रहार करते हुए कहा दोनो सरकारे जनता को ठगा है, झूठा वादा किया वादा नही निभाया है। इस आदिवासियो के हित मे काम नही किया। रोजगार नही दिया स्थानीय युवाओ को काम नही दिया इसलिए आगामी दिनो मे विधान सभा चुनाव मे इसका करारा जबाव भारतीय कम्युनिस्ट देगा इस संकल्प लेकर आगे मिशन जारी रकेगा।

### शिक्षिका एवं बच्चियों ने पुलिस को राखी बांधी



**सुकमा, 30 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस मुख्यालय निर्देशानुसार अभिव्यक्ति ऐपमहिलाओं व बेटियों की सुरक्षा जागरूक अभियान के तहत सुकमा जिला में पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौरव मंडल, आकाश मरकाम, प्रभात कुमार के दिशा निर्देश पर उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारुल खंडेलवाल के नेतृत्व में थाना प्रभारी अजाक सुकमा निरीक्षक सत्यवादी साहू व अजाक स्टॉफ के द्वारा स्वामी आत्मानंद कन्या हिंदी माध्यम स्कूल सुकमा जिले के कुम्हाररास मे शिक्षक,शिक्षिकाओं की उपस्थिति मे बालिकाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से शॉर्ट मूवी दिखा कर महिलाओ को सुरक्षा हेतु प्रदत कानूनी अधिकार,पॉक्सो एक्ट, मानव तस्करी,बाल विवाह, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, एवं नशे से निजात,गुड टच, बेड टच, स्वास्थ्य संबंधी, कैरियर मोटिवेशन एवं यातायात नियम की विस्तृत जानकरी के साथ अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड करवा कर अभिव्यक्ति ऐप की जानकरी देकर जागरूक किया गया । साथ ही साथ उपस्थित शिक्षिका एवं नन्हे बच्चियों द्वारा रक्षा सूत्र की मजबूत बंधन मे रखी बांध कर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं बधाईया दिए।

### कवासी लखमा ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया

**सुकमा, 30 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शनिवार की शाम मंत्री कवासी लखमाा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर्मचारियों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना इस दौरान उन्होंने वार्ड में मौजूद मरीजों से चर्चा करके अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मंत्री कवासी लखमा ने अस्पताल में व्यवस्था को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पहले यही अस्पताल रेफर सेंटर कहलाता लेकिन आज हमारी सरकार में सारी सुविधाएं मिल रही है। पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को घर जैसा माहौल यहां मिले यह सुनिश्चित करें। इस दौरान सिविल सर्जन अभय तोमर नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डू राजा राजेश चौहान व्यापारी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रमेश राठी राजेश तापड़िया सहित अस्पताल के डॉक्टर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चूना पत्थर खदान के लिए जनसुनवाई हुई



**सेलूद, 30 अगस्त।** ग्राम पंचायत पेंड्री में क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई द्वारा आयोजित लोक सुनवाई आयोजित किया गया जिसमें साव मिनरल्स प्रोपाइटर संजय साव के 6.11हैक्टेयर जमीन पर चुना पत्थर गॉन खनिज खदान की जन सुनवाई की गई जिसमें ग्रामीण जन पंचायत जनप्रतिनिधियों द्वारा पूर्ण समर्थन दिया गया साव मिनरल्स द्वारा प्यारवर्ण के छेत्र में किए गए कार्य को देख कर सराहना किया इस मौके पर छेतरीय अधिकारी विजय सिंह पोरते जिला अपर जिलाधिकारी दुर्ग अरविंद कुमार एक्का निलेश ग्नीर ग्राम पंचायत सरपंच , दिलीप जोशी , डुले श्वरी निषाद नरोत्म पाल , राम कुमार भारती , रामानंद निषाद , राजकुमार , गोतर ,धनेश्वरी गीता सोनवानी , अंजलि ठाकुर , कृति बाई तोमन लाल साहू तोरण लाल साहू रामेश्वरी जोशी , धरमिंन , अनीता वर्मा , रोजगार सहायक रामकुंवर निषाद , पंच गण ग्रामीण लोग उपस्थिति दर्ज कराई।

# 4 और 5 सितम्बर को मिनी स्टेडियम बीजापुर में होगा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 30 अगस्त ।** जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 का आयोजन 04 एवं 05 सितम्बर 2023 को मिनी स्टैडियम बीजापुर में किया जा रहा है। आयोजन में 16 खेलों में 04 जनपद पंचायत एवं 03 नगरीय निकायों के खिलाड़ी भाग लेगें। आयोजन के नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर एवं सहायक नोडल अधिकारी, जिला खेल अधिकारी/प्रभारी अधिकारी, बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी बीजापुर होंगे। आयोजन के सफलतापूर्वक संपादन हेतु नामजद अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं जिसके तहत श्री रवि कुमार साहू सीईओ जिला पंचायत एवं श्री गीत कुमार सिन्हा उप संचालक को मुख्य आयोजक एवं अतिथियों का निर्धारण और आमंत्रण पत्र प्रिंटिंग सहित वितरण तथा पुरूस्कार व्यवस्था, श्री चन्द्रकांत गवर्ना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं श्री पवन कुमार प्रेमी अनुविभागीय अधिकारी को कानून एवं पार्किंग व्यवस्था, श्री केएस मसराम सहायक आयुक्त



आदिवासी विकास विभाग भोजन एवं आवास की व्यवस्था, श्री पॉल दास मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद बीजापुर टेंट एवं माईक व्यवस्था एवं स्वल्पाहार, पेयजल, फ्लेक्स व्यवस्था, जिला बीजापुर के अर्न्तगत समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रतिभागियों को जिले तक लाने की व्यवस्था, श्री दिलीप कुमार उईके जिला खेल अधिकारी/प्रभारी अधिकारी बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी बीजापुर खेल सामग्री एवं खेल आयोजन में समन्वय। श्री दिनेश कुमार नेताम सहायक संचालक जिला जनसंपर्क कार्यालय बीजापुर प्रचार-प्रसार एवं परिणामों का प्रकाशन। मो. जाकिर खान सहायक परियोजना समन्वयक मंच संचालन। श्री विकास सर्वे प्रभारी सहायक संचालक उद्यान विभाग बीजापुर समारोह के लिए फूल माला एवं बुके की व्यवस्था। डॉ. अजय रामटेके मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर आयोजन स्थल पर चिकित्सक दल के साथ एम्बुलेंस एवं औषधी की व्यवस्था। श्री पॉल दास मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद बीजापुर पानी एवं मैदान की साफ-सफाई चलित बायो शौचालय की व्यवस्था। श्री दुकालूराम ध्रुव तहसीलदार बीजापुर मुख्य अतिथियों एवं अन्य व्हीआईपी बैठक व्यवस्था एवं आमंत्रण पत्र वितरण। श्री बलीराम बघेल जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर एवं श्री विजेन्द्र राठौर जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा बीजापुर खेल आयोजन की व्यवस्था एवं व्यायाम शिक्षकों की व्यवस्था। श्री सुरेश नागेश कार्यपालन अभियंता कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क अभिकरण जिला बीजापुर पुरूस्कार वितरण, मोमेंटी की व्यवस्था एवं श्री जगदीश कुमार कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जिला बीजापुर को पेयजल की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### बीजापुर के मिनी स्टैडियम में खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**बीजापुर 30 अगस्त।** हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले महान भारतीय खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रुप में मनाया जाता है । जिला खेल अधिकारी श्री दिलीप उइके के मार्गदर्शन में बीजापुर स्थित मिनी स्टैडियम मे मेजर ध्यानचंद के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर उनके खेल के क्षेत्र में महान योगदान को याद किया गया। वहीं इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिले खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## एक नजर

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिला स्तरीय शिशु संरक्षण माह का हुआ शुभारंभ



**रायगढ़, 30 अगस्त।** राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत शिशु संरक्षण माह का जिला स्तरीय शुभारंभ 29 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में श्री शिव शर्मा द्वारा बच्चों को विटामिन ए की सिरप पिलाकर किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल ने बताया कि विटामिन ए का नियमित खुराक प्रत्येक छः माह में एक बार लेने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वांस, संक्रमण बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम हो जाती है। अतः 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन ए की सिरप तथा 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आई.एफ.ए.सिरप अवश्य पिलायें साथ ही बच्चे एवं गर्भवती माताओं को नौ जानलेवा बीमारियों तथा टेटनेस से बचाव हेतु टीके लगवायें। 29 अगस्त से 29 सितम्बर 2023 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित टीकाकरण सत्रों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दी जाने वाली सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठायें। उक्त समारोह में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.आर.पैंकरा, एच.ई.श्री उम्मेदराम पटेल, व्ही.सी.सी.एम. श्री पंकज मिश्र, खण्ड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी श्री विनोद एक्का, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती मंजूलता कुजूर, श्री सुनील कुमार पटेल, विकासखण्ड डाटा प्रबंधक श्री सुनीत कुजूर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के समस्त अधिकारी/कर्मचारी, मितानिन एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### 1 से 8 सितम्बर तक मनाया जाएगा साक्षरता सप्ताह एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

**रायगढ़, 30 अगस्त।** 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के असाक्षरों को साक्षर करने का उद्देश्य से रायगढ़ जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में वातावरण निर्माण हेतु 1 से 7 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह तथा 8 सितम्बर 2023 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रौढ़ शिक्षा अंतर्गत सभी के लिए शिक्षा पर केन्द्रित योजना उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी के अनुरूप वित्त वर्ष 2022-27 के दौरान क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।

# जवानों पर मिट्टी तेल डालने के मामले में एफआईआर दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 30 अगस्त।** भिलाई जामुल थाना प्रभारी समेत अन्य जवानों पर मिट्टी का तेल उड़ेलने के मामले में भाजपा पार्षद पीयूष मिश्रा समेत अन्य भाजपाइयों के खिलाफ पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर ली है पांच दिन पूर्व मारपीट के एक मामले में लूट की धारा जुड़वाने की मांग को लेकर भाजपाइयों ने जामुल थाना में प्रदर्शन किया था इस दौरान भाजपाई थाना परिसर में ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला फूंकने जा रहे थे पुतले को छीनने के दौरान पुलिस से भाजपाइयों ने झूमाझटकी की थी और थाना प्रभारी याकूब मेमन समेत अन्य जवानों पर मिट्टी का तेल उड़ेल दिया था उक्त घटना के पांच दिन बाद जामुल पुलिस ने प्राथमिकी की है। बता दें कि बीते गुरुवार को भाजपा जिला भिलाई के अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया, पार्षय पीयूष मिश्रा, भाजपा नेता रामउपकार तिवारी समेत अन्य लोगों ने जामुल थाने में प्रदर्शन किया था आम्रपाली वनांचल सिटी में रहने वाले ज्योतिकांत अग्रवाल उर्फ संगम और रोहण अग्रवाल के बीच मारपीट की घटना हो गई थी ज्योतिकांत अग्रवाल भाजपा कार्यकर्ता है और रोहण अग्रवाल कांग्रेसी भाजपाइयों का आरोप था कि मारपीट के दौरान रोहण अग्रवाल ने ज्योतिकांत अग्रवाल के गले से उसकी सोने की चेन लूट ली थी, लेकिन पुलिस ने लूट की धारा नहीं लगाई थी। लूट की धारा जुड़वाने की मांग को लेकर वे लोग प्रदर्शन कर रहे थे। जामुल थाना प्रभारी याकूब मेमन ने भाजपा भिलाई जिलाध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया से कहा कि विवेचना में लूट की पुष्टि होगी तो लूट की धारा लगा दी जाएगी। इस पर जिलाध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया और रामउपकार तिवारी समेत अन्य नेता वहां से चले गए थे, लेकिन पार्षद पीयूष मिश्रा और अन्य कुछ लोग वहां पर प्रदर्शन पर डटे हुए थे कुछ देर बाद भाजपाई थाना परसिर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला लेकर आ गए और उसे जलाने की तैयारी करने लगे वहां उपस्थित थाना प्रभारी याकूब मेमन सहित जवानों ने पुतला छीनने की कोशिश की तो भाजपाइयों ने उन पर मिट्टी का तेल उड़ेल दिया था उक्त घटना के बाद पुलिस ने थाना में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच की और जामुल थाना के सिपाही एस दिनेश की शिकायत पर पार्षद पीयूष मिश्रा, यशवंत राजपूत, मयंक गुप्ता, सन्नी राजपूत, विनय सेन, रोहन सिंह सहित अन्य लोगों के खिलाफ बलवा, शासकीय कार्य में बाधा, ज्वलनशील पदार्थ का लापरवाहीपूर्वक उपयोग करना, मार्ग अवरुद्ध करने और धमकाने की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## डेंगू की रोकथाम के लिए नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग मिलकर करें काम:कलेक्टर

**रायगढ़, 30 अगस्त।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने आज समय-सीमा की बैठक में रायगढ़ शहरी क्षेत्र में डेंगू के बढ़ते प्रकरणों के रोकथाम के लिए शहर के ऐसे स्थान जहां डेंगू के मामले अधिक आ रहे है, उसे चिन्हित कर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए जो एहतियात बरते जाने है उसकी पूरी जानकारी लोगों को दें तथा कूलर, छत पर टायर, टंकी आदि में जमा व रूका हुआ पानी खाली करवायें। जिससे डेंगू लार्वा पनपने न पाए। जहां मामले अधिक है वहां टेमीफॉस का छिड़काव करवायें। इसके साथ ही लोगों को डेंगू के लक्षणों को लेकर भी जागरूक करें। जिससे समय से उसका इलाज किया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के साथ नगर निगम को इसके लिए मिलकर कार्ययोजना बनाते हुए काम करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिन्हा ने बैठक में गिरदावरी कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शुद्ध व त्रुटिरहित गिरदावरी की जानी है। उन्होंने सभी एसडीएम तथा तहसीलदार को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में गिरदावरी कार्य की लगातार मॉनिटरिंग करें, सितम्बर तक गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया जाना है। उन्होंने गुरूवार को राजस्व अमले की मीटिंग में भी इस कार्य की समीक्षा सभी तहसीलों में की जाए। उन्होंने धान खरीदी की तैयारियों को लेकर भी निर्देश दिए।

## समाचार संक्षेप

### संयुक्त कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक



**बीजापुर, 30 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित समस्त विकास कार्यो एवं योजनाओं का व्यापक समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान वर्तमान खरीफ सीजन के दौरान किसानों के लिए खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने, वर्मी खाद का उठाव, धान के बदले अन्य फसल, सुगंधित धान, मिलेट बीज का वितरण एवं किसानों द्वारा धान के बदले अन्य फसलों का रोपण किए जाने की पुष्टि करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के बेहतर क्रियान्वयन कर कुपोषण मे कमी लाने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर अविलंब भर्ती करने, नवीन स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती स्कूल जतन योजना, जाति प्रमाण पत्रो के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने, जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने, मौसमी बीमारियों के रोकथाम, हाट-बाजार क्लीनिकों का बेहतर संचालन, ज्यादा से ज्यादा मलेरिया जांच करने, प्रसव पूर्व जांच शतप्रतिशत गर्भवती महिलाओं का करने सहित बरसात के मौसम को मद्देनजर रखते हुए जिला मुख्यालय से संपर्क स्थापित न हो पाने वाले गांवो के गर्भवती महिलाओं को निकट के स्वास्थ्य केन्द्रों के प्री बर्थ वेटिंग रूम में रखने शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन अर्न्तगत व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण दुर्घटना न हो इसके लिए व्यापक रूप से विभागीय अमला कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री विकास सर्वे, दिलीप उईके, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलीराम बघेल, तहसीलदार श्री दुकालू राम ध्रुव सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनपद सीईओ उपस्थित थे।

### आवास निर्माण कराने डोर टू डोर एवं चौपाल लगा कर किया जा रहा है हितग्राहियों का उन्मुखीकरण



**बीजापुर, 30 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ श्री रवि साहू सर के मार्गदर्शन में वित्तीय वर्ष 2020 -21 और 22-23 में स्वीकृत कुल 1449 आवासों के हितग्राहियों में से 1437 को प्रथम किस्त जारी करने के उपरांत आवास टीम के द्वारा पंचायत स्तर पर चौपाल लगा कर एवं डोर टू डोर जा कर हितग्राहियों का आवास निर्माण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिससे लोगों मे आवास निर्माण संबंधी जागरूकता और उत्साह देखने को मिल रहा है।

# खेल के क्षेत्र में हो रहा विस्तार, खिलाड़ियों के लिए बन रहे एकेडमी:उमेश पटेल

**रायगढ़, 30 अगस्त।** 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रायगढ़ शहर के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को रायगढ़ स्टेडियम में लगभग ढ़ाई करोड़ रूपये से अधिक की लागत से तैयार की गई सुविधाओं की सौगात खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री उमेश पटेल के हाथों मिली। रायगढ़ स्टेडियम में पहले से मौजूद सुविधाओं को अपग्रेड किया गया है। साथ ही विभिन्न खेलों के अभ्यास के लिए नये मैदान व संसाधनों की व्यवस्था की गयी है।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री उमेश पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महान हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जन्मदिन के अवसर पर हर वर्ष 29 अगस्त को देशभर में खेल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रेरणा एवं खेल के परिणाम स्वरूप ही हम दुनिया में बहुत दिनों तक हॉकी खेल में आगे रहे।




उन्होंने सभी को खेल दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आज खेल दिवस के अवसर पर रायगढ़ स्टेडियम का जीर्णोद्धार किया गया है, जिससे खिलाड़ियों को यहां सभी प्रकार की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवायी गयी है। खेल मंत्री श्री पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुझे जब खेल मंत्रालय का कार्यभार मिला तो सिर्फ 2 एकेडमी थे जो रनिंग में नहीं थे। आज 24 एक्सीलेंस सेंटर, 9 बोर्डिंग और रेसीडेशियल एकेडमी है और 7 अन्य बनने जा रहे है। इस प्रकार पिछले चार साल में 40 एकेडमी हो चुके है। हमारा लक्ष्य हर जिले में एक एकेडमी का निर्माण करना था लेकिन आज इंफ्रास्ट्रक्चर डेव्लपमेंट होता गया तो एक ही स्टेडियम में कई एकेडमी खोलने का मौका मिला और संख्या लगातार बढ़ती चली गयी है। इसी तारतम्य में आज रायगढ़ स्टेडियम अपने नये स्वरूप में परिलक्षित हो रहा है। जिससे खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। खेल मंत्री श्री पटेल ने जिंदल फाउण्डेशन एवं जिला कलेक्टर को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर खेलमंत्री श्री पटेल ने मोबाईल वेटेनरी क्लीनिक वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

विधायक श्री प्रकाश नायक ने कहा कि रायगढ़ स्टेडियम का जीर्णोद्धार हुआ है, स्टेडियम में जिम, बैडमिंटन और बास्केटबाल कोर्ट, स्विमिंग पुल, टेबल टेनिस हाल में सुविधाओं के साथ मुख्य गैलरी और पेवेलियन की सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। पूर्व में रायगढ़ स्टेडियम के जिम में काफी पुराने उपकरण थें, जिसे स्टेडियम के कायाकल्प के साथ इसे भी अब पूरी तरह से चेंज कर दिया गया हैं। जिससे शहरवासियों के साथ ही यहां खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी।

कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेल मंत्री के नेतृत्व में पिछले कुछ वर्षो में प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को संवारने का काम हुआ है। जिससे खेल का एक जबरदस्त माहौल बना और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने कहा कि खेल दिवस के उपलक्ष्य में एक बहुत अच्छी अधोसंरचना यहां पर उपलब्ध करायी जा रही है। खेल मंत्री एवं स्थानीय विधायक की पहल पर आगे भी खिलाड़ियों को ऐसी सुविधा मिल पायेगी। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि सीएसआर मद के तहत शहर के रायगढ़ स्टेडियम में लगभग ढ़ाई करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार का काम हुआ है।

## जिले के चार आयुष संस्थाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला पुरस्कार



**रायगढ़, 30 अगस्त।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टी.एस.सिंहदेव ने स्वच्छता को बढ़ावा देने, संक्रमण की रोकथाम और अपशिष्ट प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य के 25 आयुष संस्थाओं को कायाकल्प आयुष-2023 का पुरस्कार प्रदान किया। इसी कड़ी में बिलासपुर संभाग से रायगढ़ जिले ने डिस्पेंशरी केटेगरी में सभी 3 एवं आयुष केन्द्र में 1 सहित सर्वाधिक 4 पुरस्कार अपने नाम किये। उप मुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश की आयुष संस्थाओं में काफी बदलाव आया है। राज्य और केंद्र सरकार से इसके लिए लगातार सहयोग और राशि मिल रही है। उन्होंने इनका सदुपयोग करते हुए इन पद्धतियों का ज्यादा से ज्यादा लाभ लोगों तक पहुंचाने तथा आयुष संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में करने को कहा। पूरे देश में आज पहली बार आयुष संस्थाओं के मूल्यांकन के बाद उन्हें पुरस्कार दिए जा रहे हैं। जिन संस्थाओं को आज पुरस्कार मिल रहा है वे अन्य संस्थाओं के लिए पथ प्रदर्शक बनने के साथ ही अपना स्तर लगातार आगे लेकर जाएं। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का चार चरणों में मूल्यांकन के बाद उत्कृष्ट पाए गए 25 आयुष संस्थाओं का इन पुरस्कारों के लिए चयन किया गया था। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत केन्द्रीय आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार आयुष संस्थाओं में स्वच्छता को बढ़ावा देने, संक्रमण की रोकथाम तथा अपशिष्ट प्रबंधन के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रदेश में कायाकल्प-आयुष का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ की जनता के स्वास्थ्य के प्रति सरकार सजग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,30 अगस्त।** खरसिया नगर पालिका स्थित पंडित दीनदयाल सभा भवन में कल सोमवार को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के तत्वाधान में स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल छत्तीसगढ़ शासन एवं विशिष्ट अतिथि रोहित सिंह अनुविभागीय दण्डाअधिकारी खरसिया, सीएमओ नगर पालिका परिषद, डॉक्टर डी. पी. पटेल शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ, प्रभारी सिविल अस्पताल खरसिया डॉक्टर सूरज पटेल, मेंहतर उंराव अध्यक्ष जनपद पंचायत, संतोषी रठिया जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य अवध राम पटेल उपस्थित रहे। बता दें कि सम्मेलन के प्रारंभ से पहले ब्लॉक के समस्त मितानिन एवं समिति के सदस्यों द्वारा नगर में जन जागरूकता विशाल रैली निकाली गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को पौधा देकर उनका स्वागत सम्मान किया गया। मंत्री पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित मितानिन दीदियों से संवाद स्थापित कर ग्रामीण स्तर पर आम जनों तथा पंचायत प्रतिनिधियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। और कहा छत्तीसगढ़ की जनताओं के स्वास्थ्य के प्रति हमारी सरकार सजग है। इसके लिए छत्तीसगढ़ में अनेक योजनाएं संचालित है। इस अवसर पर सुनील शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि, गुलाब सिंह कंवर मध्यान भोजन प्रभारी, वंदना गुप्ता जिला समन्वयक मितानिन कार्यक्रम जिला रायगढ़ ने सम्मेलन में



उपस्थित मितानीन दीदियों को स्वास्थ्य प्रति जागरूक करने के लिए संबोधित किया।

### मंत्री उमेश पटेल से स्वास्थ्य मितानिनों ने रखी है ये चार मांगें

स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन व जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित माननीय उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल जी से खरसिया मितानिनों ने ये चार मांगे प्रस्तुत किये

01. राशन दुकान में अतिरिक्त राशन सामग्री जोड़ने पर जिसमें गुड़, दाल, तेल, सोया बड़ी और मिट्टी तेल का न्यूनतम मूल्य ?50 होना चाहिए।02. सन 2002 सर्वे को प्रभाव से हटाने के संबंध में ताकि जरूरतमंद विकलांग हितग्राहियों को पेंशन का लाभ मिल सके। 03. रसोई गैस की कीमत न्यूनतम 500 किया जाए जिसमें सभी माता बहनों को राहत मिल सके। 04. मध्यान्ह भोजन में 02 अंडा दिए जाने पर पूरा 136 गांव के हितग्राहियों के द्वारा मांग पत्र आया है। इस प्रकार से खरसिया वासियों की चार मांगे प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासकीय सेवाओं पर समुदाय की निगरानी सशक्त करना, समुदाय को अपनी समस्या रखने अवसर देना, क्षेत्रीय स्तर समस्याओं से अवगत कराना, पंचायत के सदस्यों व जनप्रतिनिधियों का स्वास्थ्य से जुड़ाव बनाना, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति का सशक्तिकरण करना था, इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रतिवर्ष स्वास्थ्य पंचायत जन संवाद सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। उक्त सम्मेलन में मितानिन कार्यक्रम के जिला समन्वयक, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी ,कार्यक्रम के ब्लॉक समन्वयक, स्वस्थ पंचायत समन्वयक मितानिन प्रशिक्षक मितानिन श्रीरेंद्री बंजारे सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम का सफल संचालन उमा भारती राठौर ने किया।

## 200 निगरानी बदमाशों को गिरफ्तार किया



**भिलाई,30 अगस्त।** भिलाई दुर्ग जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस हर समय पुरजोर कोशिश करती है लगातार हो रही घटनाओ के कारण जिले की स्मार्ट पुलिस ने कॉम्बिंग गस्त कार्यक्रम के दौरान आधी रात अभियान चलाया जिसमे पुलिस की नजरों में धूल झोंक फरार होने वाले 200 निगरानी बदमाशो को गिरफ्तार किया गया दुर्ग जिले के शहरों और ग्रामीण इलाकों में चोरियां बढ़ रही है लगातार चोरियां होने के कारण पुलिस भी परेशान रहती है इसी कड़ी में दुर्ग पुलिस एक्टिव मोड़ पर है और जिले में आसपास के निगरानी सुदा बदमाशों पर अब विशेष निगरानी रखी जा रही है दुर्ग पुलिस इन दिनों एक विशेष अभियान चला रही है जिसके तहत निगरानी सुधा गुंडा बदमाशों और वारंटीओं के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है पिछले 24 घण्टे के अंदर 250 स्थाई वारंटीओं को गिरफ्तार किया गया है वही अपराध करने के बाद पुलिस के चंगुल से बचकर निकलने वाले या भागने वाले लंबे समय से फरार आरोपी को पकड़ा जा रहा है जिन्हें पुलिस ने कठोर चेतावनी देते हुए कहा गया कि सुधार नहीं आने पर और सख्त कार्रवाई की जायेगी इसके साथ ही उनकी पहचान परेड भी कराई गई ताकि अन्य क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी उन्हें पहचान सके और भविष्य में गश्त पेट्रोलिंग के दौरान तत्काल पहचान कर क़ानूनी कार्यवाही की जा सके जिला पुलिस की सूची में नामित गुंडा बदमाशों की तलाश शुरू ही चुकी है सभी थाना क्षेत्रो में कॉम्बिंग गस्त चलाया जा रहा है जिसमें 24 घण्टे 17 थाने के प्रभारी तीन सीएसपी एडिशनल एसपी सहित हेलो के 250 से ज्यादा जवान शामिल हुए ऐसे और वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है ये वो वारंटी गुंडा बदमाश है जो सालों से पुलिस को चमका देकर फ़रार थे इन निगरानी गुंडा बदमाशों की धरपकड़ कर वारंटी की तामिली के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## एक नजर

### कलेक्टर ने रीपा में निर्मित राखी बंधवाकर दिया मतदाता जागरूकता का सन्देश



**बलौदाबाजार, 30 अगस्त।** कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने मंगलवार को स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में लगाए गए रीपा उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने समूह की महिलाओं से रीपा में निर्मित स्वीप के प्रतीक वाले राखी बंधवाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कलेक्टर के साथ ही डीएफओ श्री मयंक अग्रवाल ने भी मतदाता जागरूकता के लिए समूह की महिलाओं से राखी बंधवाई । इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। एक दिवसीय जिला स्तरीय रीपा उत्पाद प्रदर्शनी में जिला अंतर्गत समस्त रीपा में स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद जैसे आचार,पापड़,बड़ी,दोना पत्तल, काष्ट शिल्प,मिक्सचर,नमकीन इत्यादि के साथ ही मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप के विभिन्न प्रतीकों से सम्बंधित आकर्षक राखी भी निर्मित कर रखे गए थे। जिला प्रशासन द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के तहत अलग अलग थींम पर अनेक गतिविधियां की जा रही है। इसके साथ ही निर्वाचन नामावली में नए मतदाताओ का नाम जोड़ने, नाम विलोपन तथा त्रुटि रहित सूची के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 2 एवं 3 सितम्बर क्रमशः शनिवार एवं रविवार को भी बूथ स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमे अभिहीत अधिकारी व बीएलओ उपस्थित रहेंगे।

### किन्नर समुदाय को मतदान के लिए किया गया जागरूक



**बलौदाबाजार, 30 अगस्त।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग बलौदाबाजार एवं चिराग सोशल वेलफेयर सोसायटी भाटापारा के संयुक्त तत्वाधान में तृतीय लिंग समुदाय हेतु लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना कार्यालय भाटापारा में उभयलिंगी समुदाय को लोकतंत्र में सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त अभियान में उभयलिंगी समुदाय के लोगों का मतदाता सूची में जिन उभयलिंगी व्यक्तियों का नाम नहीं जुड़ा है, उनका मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने हेतु प्रक्रिया के बारे में बताया गया। साथ ही मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा मतदाता पहचान पत्र बनवाने एवं निष्पक्ष मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

उभयलिंगी समुदाय के प्रति समाज को सकारात्मक व्यवहार करने की जरूरत है। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्री अरविंद गेड़ाम अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी सह लेखापाल सुश्री नम्रता साहू सहित कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में काउंसलर सुलोचना देवांगन, आउट रीच वर्कर चितरेखा नारंग, बिंदेश्वरी टंडन, प्रियंका मेश्राम, किरण सोनवानी, अनिता लहरे एवं पीयर एजुकेट सतीश गेंडरे, रेखा कोसले, सुखबाई बंजारे, रोशनी बंजारे, ललिता सोनवानी,अनिता साहू का विशेष योगदान रहा।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में अधिकारी कर रहे सरकार की छवि धूमिल

■ छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का स्कूली खेल की तरह आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा 30 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अपनी संस्कृति और परंपरा को बचाने के उद्देश्य व ग्रामीण प्रतिभाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय पटल पर लाने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल प्रतियोगिता प्रारंभ की गई है।जिसमें परंपरागत 16 प्रकार की खेलों को समाहित किया गया है।छह चरणों की इस खेल प्रतियोगिता के लिए तिथि निर्धारित कर दी गई है इसके लिए आयोजक नोडल का भी निर्धारण किया गया है यह खेल प्रतियोगिता में ग्रामीण स्तर तक के खेल अच्छी तरह संपन्न होता है किंतु अगले चरणों में उच्च अधिकारियों की संलिप्तता से खेल आयोजन की स्थिति अलग हो जाती है उनके द्वारा खेल पर ध्यान केंद्रित न करते हुए उसकी भव्यता पर खर्चे पर ध्यान केंद्रित कर दिया जाता है जिससे खेल प्रतिभाएं नगण्य हो जाती है पांच-छह दिनों के लिए निर्धारित खेल दिवस को एक दिन में समाप्त कर इतिश्री कर दिया जाता है जिससे खिलाड़ियों का मनोबल टूट जाता है और सरकार के प्रति नकारात्मक भाव आता है तथा सरकार की छवि धूमिल होती जाती है विदित हो कि गांव का एक प्रतिभावान खिलाड़ी चार पांच खेलों में अपने गांव के सम्मान के लिए भागीदारी निभाता है जोन स्तर पर भी वह उन खेलों को खेल पाता है किंतु विकासखंड, जिला, संभाग स्तर पर अधिकारियों द्वारा 16 प्रकार की खेलों को एक दिन में खेल निपटाने के चक्कर में और अलग-अलग खेलो को एक साथ एक ही समय पर कराने से वह प्रतिभावान खिलाड़ी टूट जाता है और एक ही खेल में समाप्त हो जाता है जिससे न ही सरकार के उद्देश्य की पूर्ति होती है और न ही प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को स्कूली खेल की तरह एक चिनन में आयोजन कर उनके उद्देश्य को अधिकारियों द्वारा समाप्त किया जा रहा है ग्राम डांगनबाय के खिलाड़ी समाजसेवी शीतल ध्रुव ने कहा कि वे स्वयं चार पांच खेलों में हिस्सा ले रहे हैं किंतु जिला स्तर पर एक ही दिन का तिथि तय होने से वे एक ही खेल को खेल पायेंगे जब सरकार द्वारा पर्याप्त फंड उपलब्ध कराया जा रहा है तो अधिकारी मनमानी कर सरकार की छवि क्यो खराब कर रहे है तीन चार दिन तक आयोजन हो और छत्तीसगढ़ के परंपरागत खेल को उत्सव की तरह तीन चार दिनों तक खेलें।ग्राम पंचायत हरदी के सरपंच संतुराम ने कहा कि वे भी एक खिलाड़ी हैं उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर खेल आयोजन के लिए कोई फंड नहीं होता फिर भी तीन-चार दिनों तक खेल होता है किंतु जिला स्तर संभाग स्तर पर पर्याप्त फंड होने पर भी अधिकारियों द्वारा एक दिन में खेल समाप्त करना खिलाड़ियों के प्रति अन्याय हैं चयनित खिलाड़ियों को लाने ले जाने का भार भी पंचायत पर होता है जिसके लिए फंड नहीं दिया जाता जिला एवं संभाग स्तर के खेलों के आयोजन तिथि की सूचना भी सही समय पर नहीं मिल पाती है तथा महिलाओं के साथ जाने के लिए महिला पीटीआई अथवा खेल की जानकार शिक्षिका भी उपलब्ध नहीं कराई जाती है।खिलाड़ी मंथीर ने कहा कि एक दिन में खेल पूर्ण कराने के कारण खिलाड़ियों को खाने का समय नहीं दिया जाता एक ओर खेल चालू रहता है दूसरी ओर भोजन भी प्रारंभ कर दिया जाता है जिसके कारण खेल छूट जाता है या भोजन छोड़ना पड़ता है इस पर जनप्रतिनिधियों,विधायक, मंत्री,मुख्यमंत्री को संज्ञान लेना चाहिए।

## यथार्थ के आधार पर होगा घोषणा पत्र:अमर अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 30 अगस्त।** भाजपा के घोषणा पत्र समिति के सह-संयोजक अमर अग्रवाल भाटापारा पहुंचे। सबसे पहले विधायक शिवरतन शर्मा के साथ शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय-विधि महाविद्यालय के छात्रा- छात्राओं, कृषि उपज मंडी में किसानों, व्यापारियों, आढ़तियों, सब्जी व्यापारियों, पेंशनर भवन में रिटायर अधिकारी- कर्मचारियों, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, शिक्षक फेडरेशन, दैनिक वेतन भोगी, प्रदेश शिक्षक सेवी संघ, अधिवक्ता संघ, संविदा कर्मचारी, सफाई कर्मचारी संघ, मितानीन व स्व- सहायता समूह के साथ विस्तार से चर्चा कर घोषणा पत्र के लिए लिखित और मौखिक सुझाव लिए। तत्पश्चात अमर अग्रवाल एवं शिवरतन शर्मा ने भाजपा कार्यालय भाटापारा में प्रेसवार्ता की। अमर अग्रवाल ने बताया कि, घोषणा पत्र के लिए भाजपा को वाट्सअप के जरिए 20 हजार सुझाव मिले हैं, वहीं मेल आईडी के जरिए 05 हजार सुझाव आए हैं। अमर अग्रवाल ने बताया कि, 90 विधानसभा क्षेत्रों में भेजी गई सुझाव पेटियों से भी लोगों के सुझाव बड़ी संख्या में मिल रहे हैं।

पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि, जनता से जिस प्रकार के सुझाव मिल रहे हैं, वे बता रहे हैं कि, लोगों का विश्वास भाजपा पर है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नाकामियों की शिकायतें भी मिल रही हैं। अग्रवाल ने कहा कि, सरकार ने पौने 05 साल में किसान और जनता को जो दिया उससे ज्यादा वसूल भी किया..

अमर अग्रवाल ने कहा कि युवाओं से बेरोजगारी भत्ते,भर्ती में गड़बड़ी की शिकायतें मिली हैं। नामांकन, सीमांकन में भी लोगों के साथ छल हुआ है। अमर अग्रवाल ने सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि, सरकार ने महिला स्व सहायता समूहों को कर्जदार बना दिया है।

अमर अग्रवाल ने कहा कि, आम जनता ने शिकायतों के साथ भी सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि, भाजपा के घोषणा पत्र में जनभावना का ख्याल रखा जायगा। इतना ही नहीं बल्कि, गुड गवर्नेंस की छाप भाजपा के घोषणा पत्र में दिखाई देगी। हमारा घोषणा पत्र यथार्त के आधार पर होगा..

उक्त कार्यक्रम में सनम जांगड़े,राकेश तिवारी, मोहन बांधे, सुनील यदु, आशिष जायसवाल, टेसुलाल धुरंधर, मनिदर गुम्बर, योगेश अंनत, गोपाल देवांगन, सतीश सोनी, व्यास यदु, आशिष पुरोहित, लाला शर्मा, अभिषेक मिश्रा, नीरा साहू, सुरेश यदु, धनीराम साहू, देवक साहू, कान्हा मिश्रा, मेहुल, बृजेश निषाद, राजेश, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आज से शिशु संरक्षण माह की हुई शुरुआत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,30 अगस्त।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर आज जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 3 में स्थित शहरी स्वास्थ्य केंद्र में एक वर्षीय बच्चे जॉन जॉर्ज को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने विटामिन ए और आई एफ ए सिरप पिला कर शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया।बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 29 अगस्त से लेकर 29 सितम्बर तक शिशु संरक्षण माह मनाया जा रहा है।सीएमएचओ इस संबंध जानकारी देते हुए बताया की जिले में 6 माह से 5 वर्ष तक के 1 लाख 32 हज़ार 9 सौ 20 बच्चों को आई एफ ए सिरप पिलाया जाएगा जबकि 9 माह से 5 वर्ष तक के 1 लाख 25 हज़ार 5 सौ 36 बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। आयरन फोलिक एसिड बच्चों को सप्ताह में एक मिली दो बार तथा विटामिन ए 9 से 12 माह के बच्चे को एक मिली और 12 से 59 माह के बच्चे को दो मिली खुराक दी जायेगी। जिला टीकाकारण अधिकारी डॉ के के टेम्भूरने के अनुसार इस पूरे माह के दौरान टीकाकारण से छूटे एवं नियमित टीकाकरण के लक्षित बच्चों को पोलियो,बीसीजी,डीपीटी,ओपीवी, आईपीवी,रूबेला ,पेंटावेलेंट ,मीजल्स के टीके लगा कर उन्हें प्रतिरक्षित किया जाएगा। शिशु संरक्षण माह में आँगनबाड़ी केंद्रों पर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्रों में भी भेजा जाएगा। इस हेतु आवश्यक प्रचार प्रसार सामाग्री, रिपोर्टिंग प्रपत्र,दवाइयां पूरे जिले भर के केन्द्रों में भिजवा दी गई हैं। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ के के टेम्भूरने, कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी,जिला मातृ और शिशु स्वास्थ्य सलाहकार श्रीमती हर्षलता जायसवाल,डी पी एच एन ओ श्री पारसनाथ सोनबर उपस्थित रहे।

## गीता पब्लिक स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

**सिमगा 30 अगस्त।** भाई - बहन का त्योहार रक्षाबंधन को गीता पब्लिक स्कूल ने बड़े ही धूम धाम से मनाया । रक्षाबंधन के त्योहार के अवसर पर शाला द्वारा सभी कक्षा के बच्चों को राखी बनाने की प्रतियोगिता का अवसर प्रदान किया था जिसमे सभी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अच्छी - अच्छी राखियों का निर्माण किया तथा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान आने वाले बच्चों को संस्था के प्राचार्य और उप प्राचार्य एवम शिक्षकों द्वारा पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया । प्रतियोगिता के दौरान सभी शिक्षकों और बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रतियोगिता के अंत में संस्था के प्राचार्य सौरभ दुबे जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए प्रतियोगियों को आगे भी इस प्रकार के प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया तथा सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं भी दी। साथ ही बच्चों को रक्षाबंधन का महत्व भी समझाया और राखी के इस त्यौहार को भाई बहन के प्रेम का प्रतीक बताते हुए अपनी वाणी को विराम दिया।



## समाचार संक्षेप

### शराब के अवैध परिवहन के साथ भण्डारण पर भी करें कड़ी कार्रवाई:कलेक्टर



**बलौदाबाजार,30 अगस्त।** शराब के अवैध परिवहन पर सख्ती के साथ ही भंडारण कर बिक्री के लिए रखे हुए अवैध शराब पर भी छापेमारी कर आवश्यक कार्रवाई करें। यह कार्रवाई पुलिस विभाग से समन्वय कर लगातार चलते रहना चाहिए। कलेक्टर ने यह निर्देश मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अयोजित समय -सीमा की बैठक में आबकारी विभाग के अधिकारियों को दिए। लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने श्रमिको के पेंशन प्रकरण के निराकरण में लापरवाही बरतने पर श्रम अधिकारी श्री आजाद सिंह पात्रे, अतिक्रमण मुक्त करने हेतु पारित आदेश का पालन सुनिश्चित नही कराने पर तहसीलदार सुहेला नीलमणी दुबे तथा पलारी तहसील के हल्का नम्बर 01 के पटवारी हिमशिखर श्रेय को राजस्व अभिलेख में छेड़छाड़ करने पर कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने में लेट लतीफी करने के कारण कई कार्य प्रारंभ नही हो पाने की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियो को कार्यवाही के लिए तैयार रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि अनापत्ति प्रमाण पत्र समय पर जारी नही होने से कई महत्वपूर्ण कार्य शुरू नही हो पा रहे है जो अच्छी स्थित नही है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के हड़ताली कर्मचारियों पर शासन के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अति आवश्यक एवं आपातकालीन सेवाओं से जुड़े होने के कारण हड़ताल पर रहने से इन सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ।

### एकलव्य विद्यालय की कक्षा 6वीं में प्रवेशके लिए काउंसलिंग 6 सितम्बर तक

**बलौदाबाजार, 30 अगस्त ।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान विकासखण्ड कसडोल में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जिला स्तर पर काउंसलिंग कर विद्यालय आबंटित कर प्रवेश दिए जाने हेतु 6 सितम्बर 2023 तक विद्यालय आबंटन हेतु विद्यार्थियों की काउंसलिंग होगी। काउंसिलिंग में विद्यार्थियों से विद्यालय के विकल्प की प्राथमिकता ली जाएगी तथा जिला स्तरीय मेरिट के क्रम में विद्यार्थियों को बुलाकर उनके द्वारा चाहे गये प्राथमिकता क्रम में जिला स्तरीय समिति द्वारा विद्यालय आबंटित किए जायेंगे।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202308092200064**

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2022-2023
मुड़पार प.ह.न. 00031 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- ललिता कंवर,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ललिता कंवर आ. भोलाराम जाति कंवर निवासी मुड़पार तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के भाई ईरात कुमार कंवर का जन्म दिनांक 30.7.2005 को ग्राम मुड़पार में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 11.09.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकतें है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार, डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्र./Q/ प्रवा. ना. तह. / 2023
डोंगरगढ़, दिनांक 29/08/2023
प्रति,
हल्का पटवारी
प.ह.नं. 12 ग्राम पलान्दुर
तहसील डोंगरगढ़,

विषय- मौका एवं अभिलेख जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत्।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक डीलेश्वर वर्मा आत्मज रामसिंग वर्मा, जाति लोधी, निवासी ग्राम पलान्दुर, पोस्ट- मोहारा, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगॉव (छ.ग.) द्वारा ग्राम पलान्दुर प.ह.नं. 12 रा.नि.म. मुसराकला में खसरा क्रमांक 1033 / 1 रकबा 1.162 हे. भूमि स्थित है। उपरोक्त खसरे के ऑनलाईन रिकार्ड में आवेदक का नाम नाबा. डिगेश्वर आत्मज रामसिंग लिखा हुआ हैं किसान पुस्तिका एवं आधार कार्ड में नाम डीलेश्वर वर्मा पिता रामसिंग वर्मा अंकित है जो कि सही है। आवेदक की शैक्षणिक दस्तावेज के अनुसार आवेदक की जन्मतिथि 09/07/2005 हैं. जिसके आधार पर आवेदक वर्तमान में बालिग हो चुका है। अतः आवेदक के आधार कार्ड, शाला अभिलेख के अनुसार ऑनलाईन बी 1/खसरा/नक्शा में नाबा. डिगेश्वर पिता रामसिंग के स्थान पर डीलेश्वर वर्मा पिता रामसिंग वर्मा नाम सुधार किये जाने एवं नाबालिग से बालिग किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध में मौका एवं अभिलेख जांच कर जांच प्रतिवेदन पेशी दिनांक 04/09/2023 तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

**कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई (छ.ग.)**

**निविदा सूचना**

क्रमांक /लो.क.वि./जोन-1/2023/964/282 — भिलाई दिनांक 25/08/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Ofline) निविदा आंमत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | आवेदन दिनांक | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पार्षद निधि से वार्ड-08 कृष्णा नगर कुम्हार पारा, कृष्णा नगर सांस्कृतिक भवन का नई सुविधा अंतर्गत उन्नयन कार्य। | 1.45 | 05.09.23 | 14.09.23 |
| 2 | पार्षद निधि से वार्ड-08 मिनीमाता चौक कृष्णा नगर सामुदायिक भवन में नई सुविधा अंतर्गत उन्नयन कार्य। | 1.50 | 05.09.23 | 14.09.23 |
| 3 | वार्ड-07 अयप्पा नगर में मंगल भवन निर्माण कार्य। | 10.00 | 08.09.23 | 14.09.23 |
| 4 | वार्ड-13 कोहका कृष्णा ग्राण्ड सिटी के पास पेयजल आपूर्ति हेतु डी.आई. पाईप लाईन बिछाने का कार्य। | 7.90 | 08.09.23 | 14.09.23 |
| 5 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र.-11द्वारा टाटा लाईन एवं मुरूम खदान में सामुदायिक भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था बाबत्। | 5.99 | 08.09.23 | 14.09.23 |
| 6 | वार्ड-07 राधिका नगर में बोरवेल खुदाई कार्य। | 2.70 | 08.09.23 | 14.09.23 |
| 7 | पार्षद निधि से वार्ड-09 राजीव नगर दुर्गा मंदिर के पास 01 नग बोर खनन कार्य समबर्सिबल पंप सहित। | 1.25 | 08.09.23 | 14.09.23 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी uad.cg.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com से डाउनलोड की जा सकती है।

जोन आयुक्त

**जिला कांग्रेस कार्यालय कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

क्रमांक Q./ 2518/2023-24 — कवर्धा दिनांक 29/8/23

**-:नीलामी सूचना:-**

एतद् द्वारा समस्त नागरिकों सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कांग्रेस कार्यालय सिग्नल चौक कवर्धा में निर्मित 19 दुकानों की आम नीलामी दिनांक 08.09.2023 दिन शुक्रवार समय दोपहर 11.00 बजे से स्थान- कांग्रेस कार्यालय सिग्नल चौक कवर्धा जिला कबीरधाम के प्रथम तल हॉल में की जावेगी। प्रत्येक दुकान के लिए पृथक-पृथक अमानत राशि जमा करना होगा। इच्छुक बोलीदार अमानत राशि नगद दिनांक 05.09.2023 एवं 06.09.2023 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 7.00 बजे तक जमा कर सकते है। अमानत राशि नीलामी दिनांक 08.09.2023 को जमा नही ली जावेगी। बोली बोलने हेतु जमाकर्ता को स्वयं उपस्थित होकर बोली में भाग लेना होगा, प्रतिनिधि स्वीकार नही होगा। अंतिम बोली राशि स्वीकृति पश्चात 25 प्रतिशत राशि तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा। एवं 25 प्रतिशत राशि दिनांक 30.09.2023 तक तथा शेष राशि 15.10.2023 के पूर्व संपूर्ण बोली राशि जमा किया जाना होगा। नियमानुसार निर्धारित राशि के स्टाम्प पेपर में अनुबंध संपादित किये जाने के पश्चात आधिपत्य में सौंपा जावेगा। दिनांक 16.10.2023 से मासिक किराया प्रभावशील हो जावेगा।

स्थान- कांग्रेस कार्यालय सिग्नल चौक कवर्धा जिला कबीरधाम में (प्रथम नीलामी)

| क. | दुकान क. | दुकान का क्षेत्रफल वर्गफीट में | नीलामी बोली राशि | मासिक किराया राशि का | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | 471 वर्गफुट | 60.00 लाख | 1500.00 | 1.50 लाख |
| 02 | 02 | 341 वर्गफुट | 55.00 लाख | 1500.00 | 1.00 लाख |
| 03 | 03 | 182 वर्गफुट | 40.00 लाख | 1200.00 | 1.00 लाख |
| 04 | 04 | 302 वर्गफुट | 50.00 लाख | 1300.00 | 1.00 लाख |
| 05 | 05 | 275 वर्गफुट | 45.00 लाख | 1200.00 | 0.70 लाख |
| 06 | 06 | 238 वर्गफुट | 45.00 लाख | 1200.00 | 0.70 लाख |
| 07 | 07 | 200 वर्गफुट | 45.00 लाख | 1200.00 | 0.70 लाख |
| 08 | 08 | 184 वर्गफुट | 40.00 लाख | 1200.00 | 0.70 लाख |
| 09 | 09 | 174 वर्गफुट | 40.00 लाख | 1200.00 | 0.70 लाख |
| 10 | 10 | 184 वर्गफुट | 40.00 लाख | 1200.00 | 0.70 लाख |
| 11 | 11 | 130 वर्गफुट | 20.00 लाख | 1000.00 | 0.70 लाख |
| 12 | 12 | 122 वर्गफुट | 20.00 लाख | 1000.00 | 0.70 लाख |
| 13 | 13 | 174 वर्गफुट | 25.00 लाख | 1000.00 | 0.70 लाख |
| 14 | 14 | 171 वर्गफुट | 25.00 लाख | 1000.00 | 0.70 लाख |
| 15 | 15 | 171 वर्गफुट | 25.00 लाख | 1000.00 | 0.70 लाख |
| 16 | 16 | 178 वर्गफुट | 25.00 लाख | 1000.00 | 0.70 लाख |
| 17 | 17 | 175 वर्गफुट | 25.00 लाख | 1000.00 | 0.70 लाख |
| 18 | 18 | 266 वर्गफुट | 30.00 लाख | 1200.00 | 1.00 लाख |
| 19 | 19 | 302 वर्गफुट | 35.00 लाख | 1200.00 | 1.00 लाख |

टीप:- नीलामी की अन्य शर्तें कांग्रेस भवन सिग्नल चौक कवर्धा में देखी जा सकती है।

अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा
जिला-कबीरधाम(छ.ग.)

## एक नजर

### चलती ट्रेन से उतरते समय युवक का पैर फिसला, दोनों पैर कटे

**रायपुर 30 अगस्त।** रेल से हो रही दुर्घटनाओं का सिलसिला नहीं थम रहा है. राजधानी के सरस्वती नगर स्टेशन पर भी चलती हुई ट्रेन से उतरने के फेर में एक युवक के दोनों पैर कट गया। दरअसल चलती गाड़ी से उतरते समय युवा किला प्रवाही से उसके दोनों पर पहिए के नीचे आ गए जिससे गाड़ी दो विलंब हुई है, साथ ही उसने अपने दोनों पैर गवा दिए लेकिन सवाल यह खड़ा होता है कि आखिर इतनी हड़बड़ी क्या है कि लोग अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं

### मजलिस 28 अगस्त से मोमिनपारा में शुरू

**रायपुर 30 अगस्त।** हैदरी मस्जिद ट्रस्ट मोमिनपारा द्वारा हज़रत इमाम हुसैन की याद में



दिनांक 28 अगस्त (10 सफर)से दिनांक 7 सितंबर (20 सफर) तक मजलिसे अज़ा का आयोजन किया गया है।मुतवल्ली हैदर अली, मीडिया प्रभारी ताहिर हैदरी एवं सुख़नवर हुसैन ने संयुक्त रूप से बताया है कि मजलिस में आलीजनाब मौलाना डॉ. सै. हसन अख़्तर साहब नौगांवां सादात, उ.प्र. तक़रीर करेंगे। मजलिस हैदरी इमामबाड़ा मोमिनपारा में रोज़ रात्रि 9:30 बजे से होगी। 6 सितंबर (19 सफर ) को खोजा इमामबाड़ा बैजनाथ पारा में मजलिस होगो। अंतिम मजलिस। सितंबर (20 सफर) को सुबह 9:30 बजे से हैदरी इमामबाड़ा मोमिनपारा में मजलिस होगी। हज़रत इमाम हुसैन के चालीसवाँ के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी मातमी जुलूस मोमिपारा से निकाला जायेगा। हैदरी मस्जिद से 7 सितंबर को दोपहर बाद जुलूस निकाला जायेगा। मातमी जुलूस मोमिनपारा से प्रारंभ होकर हांडीपारा, आज़ाद चौक , आमापारा, विवेकानंद आश्रम, राजकुमार कॉलेज,जी.ई. रोड, होते हुए देर रात्रि में ऐतिहासिक करबला तालाब पहुंचेगा, जहाँ जुलूस का समापन होगा।

### दो सौ रुपए की सब्सिडी ऊंट के मुंह में जीरा

**रायपुर 30 अगस्त।** केन्द्र सरकार की



लाखो करोड़ो रूपये जीएसटी व इंकम टैक्स से मिल रहा है तो जनता को महंगा सिलेडर क्यों दिया जा रहा है। मंहगे सिलेंडर के कारण ही गरीब लोग फिर से लकड़ी जलाकर खाना बना रहे है। राजस्थान सरकार 500/- में सिलेंडर दी रही है तथा म0प्र0 के कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ तथा छ0ग0 के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी 500/- रू. में सिलेंडर देने का विचार कर रहे है। मुझे उम्मीद है कि इसकी शीघ्र घोषणा होगी। हमारी समिति के अध्यक्ष श्री रमेश आहूजा ने आपको 6 माह पूर्व सबसिडी बढ़ाने हेतु पत्र लिखा था जिसका जवाब नहीं आया ।

### केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 31 को आएंगे

**रायपुर, 30 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस बार प्रमुख विपक्षी भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। केन्द्रीय नेताओं के छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसी क्रम में कल गुरूवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह राजधानी आ रहे हैं। भाजपा सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे। वे कल शाम को राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। यहां वे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा काय्रालय में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से बैठक करेंगे। इस बैठक में प्रदेश में होने वाले चुनाव की तैयारियों, प्रत्याशी चयन, घोषणा पत्र, आरोपी पत्र, चुनाव संचालक समिति के पदाधिकारियों व पार्टी के नेताओं से चर्चा करेंगे। यह बैठक इसीलिए भी महत्वपूर्ण है कि तीन बार लगातार छत्तीसगढ़ में सत्ता में काबिज रहने के बाद अचानक भाजपा का गढ़ माने जाने वाले छत्तीसगढ़ में जनता ने सिरे से भाजपा सरकार को नकार दिया था। अप्रत्याशित ढंग से भाजपा का यह किला याने छत्तीसगढ़ भाजपा के हाथ से पूरी तरह से निकल गया था। इस बार चूक न हो तथा जनता को भारी संख्या में भाजपा के पक्ष में करने के महत्वपूर्ण विषय पर श्री शाह स्थानीय नेताओं को टिप्स दे सकते हैं।

### मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर्व की दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 30 अगस्त।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। रक्षाबंधन पर्व की पूर्वसंध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में श्री बघेल ने कहा है कि भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का पर्व 'रक्षाबंधन' हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस दिन बहनें मंगल कामना के साथ अपने भाईयों को रक्षा सूत्र बांधती हैं और भाई उनकी रक्षा का वचन देते हैं। यह त्यौहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार अपनी बहनों के साथ सभी महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और अस्मिता के लिए जागरूक और प्रतिबद्ध करता है।

# 31 को आएंगी राष्ट्रपति, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**रायपुर 30 अगस्त।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय दौरे पर 31 अगस्त को छत्तीसगढ़ आ रहीं हैं। भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से वे 31 अगस्त को रायपुर आएंगी। रायपुर के कार्यक्रम के बाद अगले दिन 1 सितंबर को बिलासपुर दौरे पर रहेंगी।

वहां गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में मुख्य अभ्यागत के तौर पर शामिल होंगी।राष्ट्रपति के दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर छत्तीसगढ़ पुलिस अलर्ट मोड



पर है। दौरे से पहले बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, और जगह-जगह पर पुलिस की चेकिंग प्वाइंट शुरू है। राष्ट्रपति की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रायपुर-बिलासपुर के आसपास के जिलों से पुलिस अफसरों और जवानों को बुलवाकर तैनाती की गई है। राजधानी से आने वाले और जाने वाले प्रत्येक गाड़ियों और संदेहियों की चेकिंग की जा रही है। राष्ट्रपति के कार्यक्रम के लिए राजधानी में 1 आईजी, डीआईजी, 10 एसपी, 12 ASP, 25 DSP सहित अन्य बल 1200 से ज्यादा सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, बिलासपुर के कार्यक्रम के लिए 1 IG, 2 DIG, 10 एसपी, 10 ASP, 22 डीएसपी सहित 1500 से ज्यादा अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। राष्ट्रपति के दो दिनों के कार्यक्रम के दौरान 3000 हजार से ज्यादा पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सुरक्षा पर तैनात रहेंगे।



रायपुर 30 अगस्त। रक्षाबंधन पर आज अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के मूक-बधिर बच्चों को राखी बांधी गई।

# सिलेंडर के दाम कम करने के निर्णय का स्वागत

**रायपुर 30 अगस्त।** उज्ज्वला योजना के तहत रक्षाबंधन पर देशवासियों को केंद्र सरकार ने सौगात दी है. केंद्र सरकार ने सिलेंडर 200 रुपये सस्ता कर दिया है. अब देश के रसोई गैस उपभोक्ताओं को सिलेंडर की कीमत पर 200 रुपये में मिलेगा. केंद्र सरकार के इस फैसले को लेकर पूर्व सीएम और भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन सिंह, सरोज पांडेय, भाजपी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत समेत प्रदेश के नेताओं ने पीएम मोदी का आभार जताया है. वहीं सरोज पांडेय ने पीएम को राष्ट्रभ्राता बताया.



रमन सिंह ने कहा कि पीएम मोदी ने गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है. 33 करोड़ एलपीजी उपभोक्ताओं को 200 रुपये प्रति सिलेंडर राहत देने का काम किया गया है. जिसके बाद 1100 का सिलेंडर अब बहनों को 900 रुपये में मिलेगा.

वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सिलेंडर पर 200 रुपये कम करके बहनों को अनोखा तोहफा दिया है. उन्होंने सही मायने में अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया है. प्रधानमंत्री ने राष्ट्रभ्राता होने का धर्म निभाया है.

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि राखी और ओणम के त्योहार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गैस सिलेंडर के दाम घटाकर हमारी बहनों बेटियों माताओं को बहुत बड़ा तोहफा दिया है. इससे देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ता परिवारों को फायदा मिलेगा.

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व महिला बाल विकास मंत्री लता उसेंडी ने केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस सस्ती किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि पीएम मोदी ने देश की बहनों को राखी का उपहार दे दिया है. अब हम बहनें उनको रक्षा सूत्र भेजकर यह कामना करती हैं कि वह आने वाले समय में भी इसी तरह महिलाओं के हित में कदम उठाते रहें. भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि पीएम मोदी ने राखी के त्योहार पर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश की बहनों बेटियों माताओं को यह उपहार दिया है।

# आईजी रतनलाल डांगी ने रेलवे सुरक्षा की जानकारी ली

**रायपुर 30 अगस्त।** रायपुर रेंज के आईजी रतनलाल डांगी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में रेलवे की सुरक्षा और निगरानी की समीक्षा की. इस दौरान रायपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल, मंडल सुरक्षा आयुक्त रायपुर संजय गुप्ता, रेलवे एसपी जेआर ठाकुर उपस्थित रहे.आईजी ने रेलवे स्टेशन की सुरक्षा, प्लेटफार्म पर लगे कैमरे, पार्किंग में लंबे समय से लावारिस गाड़ियों के बारे में मंडल सुरक्षा आयुक्त से जानकारी ली. साथ ही नशीले पदार्थों और यात्रियों की सुरक्षा के लिए लिए खतरे वाले पदार्थों पर भी नजर रखने का निर्देश दिया. आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सभी अधिकारियों को विशेष सतर्कता रखने और समय-समय पर संयुक्त टीम बनाकर प्लेटफॉर्म समेत डिब्बों में भी संदिग्ध लोगों की जांच करने के निर्देश दिए गए. इसके अलावा आईजी ने रेलवे संपत्ति की सुरक्षा करने में स्थानीय पुलिस को सहयोग करने, किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था होने पर समन्वय से काम करने की हिदायत दी।



## राखी थीम पर कॉलेज में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**रायपुर, 30 अगस्त ।** शत-प्रतिशत मतदान हेतु जारी स्वीप कार्यालय के अंतर्गत चल रहे मतदाता जागरूकता सप्ताह जोरशोर से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर नवीन मतदाताओं को राखी थीम पर जागरूक कयिा गया।

इसमें मतदाता बंधन बांधकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया । दुर्गा महाविद्यालय में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता करने हेतु चुने चिरई राखी बांधकर मतदान अवश्य करें हेतु प्रेरित किया गया कार्यक्रम में दुर्गा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मुखर्जी साहूकार विशेष रूप से उपस्थित रही स्वीप नोडल ऑफिसर सुनीता चंसोरिया स्वीप केंपस एम्बेसडर दीपा यादव एवं कॉलेज के ऑफिस स्टाफ प्राध्यापक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कैंपस एंबेसडर दीपा यादव ने कहा कि सभी जो नव प्रवेशी छात्र-छात्राएं हैं अपना वोटर आईडी कार्ड अवश्य बनाएं प्राचार्य डॉ प्रतिभा मुखर्जी साहूकार ने छात्र-छात्राओं से अपील की वे मतदान अवश्य करें सिर्फ नोडल ऑफि सर सुनीता चंसोरिया ने 100 प्रतिशतमतदान के लिए प्रेरित किया।

## बिजनेस वैल्यू डेज 31 तक

**रायपुर 30 अगस्त।** बिजनेस वैल्यू डेज़ 31 अगस्त तक जारी रहेगा। यह सेल सभी बिजनेस ग्राहकों के लिए आयोजित की जा रही है, जिससे वे खास डील्स और ऑफर का लाभ ले सकें। अमेजन बिजनेस ग्राहक लैपटॉप, स्मार्ट वॉचेज, होम एवं किचन अप्लायंसेस, होम इंप्रूवमेंट, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, एसी, एक्सेसरीज़, ऑफिस प्रोडक्ट आदि जैसे विभिन्न उत्पादों पर इंक्रीमेंटल डील्स एवं ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक अपने प्रीपेड ऑर्डर पर 2500 रुपये या उससे अधिक के ऑर्डर पर 500 रुपये तक 10% कैशबैक का आनंद ले सकते हैं। ग्राहक मिक्सर, जूसर और ग्राइंडर जैसे होम एवं किचन अप्लायंसेस पर 70% तक की छूट और ऑफिस फर्नीचर पर 60त्न तक की छूट और लैपटॉप पर 60% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं।

# हिमांशु-मयंक ने दादाबाड़ी में जमाया गुरुभक्ति का रंग

**रायपुर 30 अगस्त।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में 7 अगस्त से जारी 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप के समापन समारोह दिवस पर देर रात तक हिमांशु जैन व मयंक जैन ने गुरुभक्ति का अनूठा रंग जमाया । जैन बंधुओं ने नवकार मंत्र है प्यारा , इसने लाखों को तारा , इस महामंत्र का जाप करो भवजल से मिले किनारा के मंगलाचरण से भजन संध्या का आरम्भ किया । चलो रे मालपुराधाम दादा ने सबको बुलाया है । मालपुरा में ऐसा एक गुलाब है जो दुनिया में लाजवाब है । ओ पालन हारे निर्गुण और न्यारे तुम्हारे बिन हमरा कोई नही । दादा जैसा यार कहां , कहां ऐसा याराना । भक्ति की रात दादा आज थाने आणो है जैसे गुरुभक्ति के भजनों से भक्तों को सराबोर कर दिया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद महासचिव महेन्द्र कोचर , ट्रस्टी टीकम जैन , नीलेश गोलेछा व श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी अभय भंसाली ने बम्फर ड्रा की विजेता दिशा पारख भैरव सोसायटी को सोने की चैन से पुरस्कृत किया ।



## दुनिया का पहला एकीकृत ई-लाइब्रेरी ऐप ट्रांसेंड

**रायपुर 30 अगस्त।** किताबें विकास को प्रेरित करने और आध्यात्मिक जागृति के लिए एक अनिवार्य माध्यम हैं। इस्कॉन की प्रकाशन शाखा भक्तिवेदांत बुक ट्रस्ट ने आज अपना इनोवेटिव ऐप ट्रांसेंड लॉन्च किया, जो एक ही स्थान पर ऑडियो और ई-बुक्स दोनों की पेशकश करने वाला दुनिया का पहला ई-लाइब्रेरी ऐप है। चाहे कोई ऑडियोबुक का प्रशंसक हो या ईबुक पढना पसंद करता हो, ट्रांसेंड ने आपको कवर किया है। उपयोगकर्ता केवल कुछ टैप से ऑडियो और ई-बुक प्रारूपों के बीच सहजता से स्विच कर सकते हैं, जिससे वे अपनी पसंदीदा पुस्तकों का आनंद उस तरीके से ले सकते हैं जो उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

# मुख्यमंत्री ने बेरोजगारों के खाते में ट्रांसफर की मासिक भत्ते की राशि



**रायपुर 30 अगस्त।** मुख्यमंत्री बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम से बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों के खाते में अगस्त 2023 के भत्ते की राशि डाली। साथ ही मुख्यमंत्री ने आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण अधिकारियों के लिए चयन समिति की अनुशंसा उपरांत चयन सूची संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण ने जारी कर दी है। इसके लिए व्यापमं ने चयन परीक्षा ली थी। इन्हें आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि परीक्षा के पश्चात आनलाइन काउंसिलिंग उपरांत अभ्यर्थियों के दस्तावेज, आनलाइन स्क्रूटनी एवं चयन समिति की अनुशंसा उपरांत चयनित 82 अभ्यर्थियों की सूची विषयवार जारी की गई है। इसमें इलेक्ट्रिशियन ट्रेड से 4, कंप्यूटर आपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट के 16, कारपेंटर के 2, टर्नर के 1, फिटर के 12, मेकेनिस्ट ग्राइंडर का 1, मेकेनिक ट्रैक्टर के 1, मेकेनिक डीजल के 7, मेकेनिक मोटर व्हीकल के 1, वर्कशाप कैल्क्यूलेशन एंड इंजीनियरिंग ड्राइंग के 28, वेल्डर के 7, शीट मेटल वर्कर के 1, सीविंग टेक्नालाजी के 2, एम्प्लायबिलिटी स्किल्स के 1 पद के लिए सूची जारी की गई है।

# जेल में बंद भाइयों को राखी नहीं बांध पाई बहनें

**गरियाबंद 30 अगस्त।** आज रक्षाबंधन पर बहनें जेल में बंद अपने भाइयों की कलाइयों पर राखी नहीं बांध पाईं। इसका मलाल यहां पहुंचने वाले सारे बहनों ने व्यक्त किया है। जेल प्रशासन के निर्देश के चलते बहन अपने भाईयों के कलाइयों में सामने बैठकर राखी नहीं बांध पाई । इसका असर इतना व्यापक रहा। दूर-दूर से आई बहनों को भाई से सीधे तौर पर नहीं मिलने दिया गया। बहनों को रोते देखा गया हालांकि उन्हें फोन के इंटरकाम के माध्यम से भाइयों से बात कराई गई फिर भी बहनों को अपने भाई को न देख पाने का मलाल बना रहा। आई फ्लू एवं कोविड के प्रकोप को देखते हुए शासन के निर्देशों के अनुरूप बहनों को भाइयों के सामने बैठकर उनकी कलाई पर सीधे हाथ पकड़ कर राखी बांधने का आनंद नहीं मिल पाया। आज सुबह से ही गरियाबंद जेल परिसर पर बहने अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए पहुंचने लगी थीं। डेढ़ सौ किलोमीटर दूर देवभोग के दूरस्थ अंचल से महिलाएं पहुंची थी वहीं 100 किलोमीटर दूर फिगेश्वर से भी महिलाएं भाइयों के कलाईयों मे राखी बांधने विभिन्न वाहनों के माध्यम से लगातार पहुंच रही थी। दोपहर 1:00 तक लगभग 25 महिलाओं ने जेल पहुंच कर जेलर को अपनी भाई के लिये राखी सौंप दी थी। किंतु उसके बाद भी बहनों को संतुष्टि नहीं मिल पा रही थी दरअसल शासन के नए नियम के चलते अब सीधे तौर पर आमने-सामने बैठकर राखी बांधने का जो सुख बहनों को मिलता था उस पर शासन ने रोक लगा दी है दरअसल आई फ्लू और कोविड के खतरे को देखते हुए यह सावधानी शासन ने बरती है फिर भी बहनों के मन में इस नए निर्देश के चलते मलाल जरूर रहा इस संबंध में प्रभारी जेलर भारत दीवान से चर्चा करने पर भी कहते हैं शासन के निर्णय अनुसार आई फ्लू के फैलने की आशंका एवं कोविड पूरी तरह से समाप्त न होने के चलते यह सावधानी बरती जा रही है जो कि जनहित में है इसी को देखते हुए सारी प्रक्रियाएं की गई है और यहां पहुंचने वाली सभी बहनों को लगातार अपने भाइयों से दो-दो इंटरकाम के माध्यम से बात कराई जा रही है।



# रेशमा अंसारी का काव्य संग्रह विमोचित

**रायपुर 30अगस्त।** मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी के काव्य संग्रह 'नाव प्यार की' का विमोचन यहाँ रायपुर कमिश्नर डॉ. संजय कुमार अलंग और कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने किया। इस अवसर पर मैट्स यूनिवर्सिटी के महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

रायपुर कमिश्नर डॉ. संजय कुमार अलंग और कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने काव्य संग्रह 'नाव प्यार की' को सराहनीय बताते हुए विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ. रेशमा अंसारी को शुभकामनाएँ दीं और निरंतर लेखन कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मैट्स यूनिवर्सिटी के महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया एवं विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ. रेशमा अंसारी द्वारा विश्वविद्यालय की तरफ से स्मृति चिन्ह भेंटकर आभार व्यक्त किया गया।

काव्य संग्रह 'नाव प्यार की' में डॉ. अंसारी द्वारा रचित 80 मौलिक कविताओं का संग्रह है जो जीवन के विविध पहलुओं को गहराई से अभिव्यक्त करती हैं। इस काव्य संग्रह में महज चंद अल्फ़ाज़ में जीवन के रहस्य को उद्घाटित करने का प्रयास किया गया है। सरल, सहज शब्दों में बातों को गहराई से हृदय में उतार देने वाली यह कृति अद्भुत है। इसमें चिंतन, दार्शनिकता, अध्यात्म के साथ-साथ प्रेम के विविध रूप दिखाई देते हैं। समय की मांग के अनुसार यह कृति आपसी भाईचारे को बढ़ावा देती है। आज के आधुनिक परिवेश में समाज में सौहार्द और प्रेम की भावना का विस्तार आवश्यक है। इस काव्य संग्रह का उद्देश्य है आदर्श की स्थापना कर एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण में लेखन के माध्यम से सहयोग प्रदान करना।



यह डॉ. रेशमा अंसारी का द्वितीय काव्य संग्रह है। इस पुस्तक में अंतरराष्ट्रीय हिन्दी समिति, न्यूयॉर्क के सदस्य एवं भारत हिन्दी प्रचार-प्रसार समिति दिल्ली के अध्यक्ष तथा प्रसिद्ध साहित्यकार प्रेम भारद्वाज ज्ञानभिक्षु, विश्व हिन्दी साहित्य सेवा संस्थान प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. शहाबुद्दीन नियाज़ मोहम्मद शेख एवं छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ महिला साहित्यकार डॉ. सत्यभामा आडिल ने भूमिका लेखन के साथ शुभकामनाएँ दी हैं।

हिन्दी साहित्य की विविध विधाओं पर अब तक उनकी नौ पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है। विमोचन के अवसर पर डॉ.रेशमा अंसारी के पति श्री शेख आबिद (पत्रकार), पुत्र शेख राजिक रजा, हिन्दी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और वरिष्ठ पत्रकार डॉ. कमलेश गोगिया प्रमुख रूप से उपस्थित थे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23